e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 58

# प्रभात मंत्र

बुधवार
28.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

दिल और दिमाग की लड़ाई में हमेशा दिल को जीतने दें, क्योंकि दिमाग जीतकर भी भ्रमित रहेगा।

सत्यमेव जयते
झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा
की पावन धरती, झारखण्ड पर

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का हार्दिक अभिनंदन और

जोहार




PR NO-320586 (IPRD) 23-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

**संक्षिप्त खबरें**

## नौड़ीहा बाजार मे दुष्कर्म करने की प्रयास, आरोपी को जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** थाना क्षेत्र के नावाटांड पंचायत के गांव के महिला के साथ दुष्कर्म करने की प्रयास किया गया। पुलिस की तत्परता से आरोपी पंकज कुमार के गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया की महिला ने घरेलू काम से बाहर गयी थी, सुनसान जगह और महिला की अकेला पाकर आरोपी पंकज ने महिला के साथ दुष्कर्म करने की प्रयास किया लेकिन महिला ने जोर जोर से चिल्लाने लगी इसके तत्पश्चात ग्रामीणों ने वहां पहुचा तभी ग्रामीणों की देखकर आरोपी भाग गया। महिला ने नौड़ीहा बाजार थाना मे आरोपी के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया जिसके आधार पर पुलिस ने करवाई करते हुए आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है।

# महिंद्रा आनंद मोटर्स सर्विस सेंटर ने किया प्रशिक्षण का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महिंद्रा आनंद मोटर्स सर्विस सेंटर के द्वारा गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज रेडमा में इलेक्ट्रिकल और डीजल इंजन गाड़ियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें गवर्नमेंट आईटीआई कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने भाग लिए। इस आयोजन में महिंद्रा से आए हुए कस्टमर केयर मैनेजर सीसीएम राम सिंह और उनके साथ टेक्निकल स्पेशलिस्ट मो मुशर्रफ हुसैन और आनंद मोटर्स के जीएम रविंद्र सिंह अगस्त तिवारी अगस्त टेक्निकल मैनेजर रणविजय सिंह इत्यादि मौजूद थे इस आयोजन में आनंद मोटर सर्विस सेंटर के गम रविंद्र सिंह के द्वारा छात्र-छात्राओं सहित सभी लोगों को हमारे देश में बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए इलेक्ट्रिक कारों की गुणवत्ता के बारे में बताया गया और उन्होंने छात्र-छात्राओं सहित सभी लोगों को सुझाव दिया कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक गाड़ियां ही खरीदे ताकि हमारे देश में प्रदूषण वृद्धि न हो साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को कम बजट में ही रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है अवसर पर महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के कस्टमर केयर मैनेजर श्री राम सिंह जी के द्वारा भी इलेक्ट्रिक व्हीकल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई इस प्रशिक्षण समारोह में गवर्नमेंट आईटीआई के प्रिंसिपल श्री चनर्धन बैठा और सारे टीचर मौजूद थे और सारे स्टूडेंट ने इस अवसर का काफी लाभ उठाया।

# ग्रामीण चिकित्सक का अपहरण, सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव निवासी एक ग्रामीण चिकित्सक डॉ. रहमान का सोमवार की संध्या 7 बजे अज्ञात अपराधियों ने अपहरण कर लिया है।बताया जा रहा है कि छत्तरपुर-जपला मुख्य पथ पर गांव में ही अवस्थित क्लीनिक से ही अपहरण किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार तीन अपराधी एक चारपहिया वाहन से रहमान के क्लीनिक के पास पहुंचकर रोगी देखने के बहाने उसे वाहन के पास बुलाया और गाड़ी में जबरन बैठाकर चलते बने। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया था जिसे हटा लिया गया है। रहमान की सकुशल वापसी के लिए पुलिस सक्रिय हो गयी है। संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है।

## प्रखंड के सरकारी शिक्षकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड के सरकारी शिक्षकों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में जिला मास्टर प्रशिक्षक अखिलेश प्रसाद तथा सुनील कुमार तिवारी ने मतदानकर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षकों ने कहा कि किसी भी कार्य को करने से पूर्व उस कार्य की अच्छी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को गम्भीरता से लेने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण सभी मतदान कर्मियों के लिये काफी महत्वपूर्ण है. प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी ही आपके कार्यो को आसान बना देगा.उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को चुनाव प्रक्रिया की पूरी जानकारी विस्तार से दिया.उन्होंने कहा कि इस बार सभी मतदान कर्मियों को अपना मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने मतदान कर्मियों को मतदान करने के लिये पोस्टल बैलेट की प्रक्रिया की जानकारी दिया। उन्होंने ईवीएम के संचालन, मॉक पोल कराने, ईवीएम को सील करने सहित मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदानकर्मी निर्धारित वाहन से ही डिस्पैच सेंटर से मतदान केंद्र तक जायेंगे। प्रशिक्षण में शिक्षक अमित कुमार, शशिकांत यादव, उमाकांत सिंह, भूपेन्द्र प्रताप देव, संजीव कुमार, मुखलाल प्रसाद गुप्ता, अजिताभ, रमेश प्रसाद, सीमा देवी, हिलारिया तिग्गा, रामलला मिश्र, द्वारिकानाथ पांडेय, अमित कुमार, अविनाश कुमार, अविनाशचंद्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# भाई बन कर 51 बेटियों के हाथ पीले करेंगे : विधायक भानु





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सर्वविदित है की एक बेटी को ब्याहने के लिए पिता और बहन के लिए भाई को कितनी जद्दोजहद करनी पड़ती है। यह किसी से छुपा नही है। वर तलाशने के साथ ङ्क साथ बेटी को विदा करने तक पिता और भाई के रातों की नींद और दिन का सुकून ख़त्म हो जाता है। लेकिन एक भाई ऐसा भी है जिसके द्वारा पिछले कई सालों से गरीब, असहायो की बेटियों के हाथ पीले किए जा रहा हैं।बात हम भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही की कर रहे हैं। जिनके द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पांच-दस नहीं बल्कि 51 बेटियों के सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। बुधवार को आयोजित होने वाले विवाह समारोह की जानकारी देते हुए प्रतिनिधि ने कहा की कल भले आयोजन होना है पर उसके निमित पिछले कई माह से विधायक सहित हम सभी कार्यकर्ता दिन रात अथक मेहनत करते हुए आयोजन को सफ़ल बनाने में जुटे हुए हैं। बेटियों को तलाशने के साथ- साथ विवाह आयोजन एवं सभी 51 बेटियों को उपहार में देने के लिए सारे सामान को जुटाने की व्यवस्था में जुटे रहे। आज सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई। कल सुबह दस बजे से विवाह आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा की संपन्न लोगों द्वारा जिस तरह अपने यहां के विवाह आयोजन में बारातियों के मनोरंजन वास्ते सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। तो इस आयोजन में आने वाले लोगों को ऐसा महसूस ना हो की हमलोग सक्षम नहीं हैं। इसलिए उनके मनोरंजन के लिए भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार खेसारी लाल यादव अपने टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। साथ ही साथ दोनो प्रतिनिधियों ने सभी से अपील करते हुए कहा की आप सभी सामूहिक विवाह आयोजन में भवनाथपुर पहुंचें और जहां एक ओर बेटियों के विवाह का गवाह बनें साथ ही उन्हें आशीर्वाद दें।

# रविदास जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के ग्राम बारा मे संत शिरोमणि रैदास जयंती जी की 647 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत क्षत्रिय जागृति मंच के अध्यक्ष सह समाज सेवी श्री नंदन कुमार सिंह व सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष श्री रामगोविंद राम शिक्षक,बसपा प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, शिक्षक जनेश्वर राम,समाज सेवी अजय कुमार ने संयुक्त रूप से फीता जोड़कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नंदन कुमार सिंह उर्फ़ चिंट सिंह ने संत शिरोमणि रैदास जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षा वह शेरनी की दूध जो पियेगा जो दहाड़ेगा। वही मौके पर मौजूद सासंद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा रैदास जी संतो मे संत थे इनकी विचार पर चलने की जरूरत है। रविदास जयंती समिति के द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि और सम्मानित अतिथियों की माला और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। नाटक की परम्पराओ विलुप्त हो गई थी लेकिन पुन॰ नाटक की मंचन किया गया। इस मौक पर विशुनपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रजनी रजन, राजेंद्र कुमार रमण, विश्वनाथ राम शिक्षक, रविन्द्र कुमार शिक्षक, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लक्षमण राम और शिक्षक गोपाल राम, अशोक राम सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं रविदास जयंती समिति के तमाम पदाधिकारी व सदस्यगण के आलावा नाटय कलाकारों की पात्र लोगो मौजूद थे।

## चेतावनी के बाद भी पीएचडी विभाग व उसके संवेदक बेफिक्र



**बिशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड प्रमुख के सख्त चेतावनी के बाद भी पीएचडी विभाग और उसके संवेदक बेफिक्र है।उन्हें किसी बात का कोई फर्क नही पड़ा।पीएचडी विभाग की उदासीन रवैया अब विशुनपुरा प्रखंड के लोगो के लिए सिर दर्द बनता जा रहा है।पीएचडी विभाग और इसके संवेदकों के लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना कार्य की चर्चा अब हर चौक चौराहा पर लोग कर रहे है।लगभग 45 करोड़ की लागत से शुरू हुई पीएचडी विभाग की जल नल योजना शुरू से होने से पहले ही जीर्ण -शीर्ण अवस्था में पहुंच गया है। लोग स्वच्छ पानी मिलने के इंतजार में दो गर्मी की मौसम को झेल चुके है। और तीसरा वर्ष दस्तक दे चुका है। बावजूद इसके पीएचडी विभाग के संवेदक बिना पानी वाले डीप बोर करके जल मीनार को सौंपने में और पानी वाले डीप बोर को औने पौने दाम में बेच कर पैसा की उगाही करने में व्यस्त है। विदित हो की पिछले कई सालों से पीएचडी विभाग जल नल योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र में जल नल लगाने हेतु जलमीनार और डिप बोर का कार्य कर रहा है। लेकिन पिछले 3 सालो से अब तक एक भी जल मीनार पूरा न किए जाने और बीना बोर में पानी के भी जल मीनार स्थापित कर दिए जाने का लोग विरोध कर रहे है। इस पर ब्लॉक प्रमुख दीपा कुमारी ने भी कुछ दिन पहले नाराजगी जाहिर कर चुकी है। उनके द्वारा जन आक्रोश का सामना करने का चेतावनी पीएचडी विभाग और संवेदक को दिया जा चुका है। बावजूद अभी तक विभाग मौन है।इस मामले में बलराम शाह, रामातार पासवान, मुंद्रिका पासवान, विजय पासवान ,सीताराम पासवान को जल मीनार से सबंधित कार्यो की अनियमितता के खिलाफ आवाज उठाने पर संवेदक के कर्मियों द्वारा अपने दायरे में रहने की धमकी दी जा रही है।

# वज्रपात से किशोरी की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** मंगलवार शाम तेज आंधी व बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक मोकहर कला पंचायत के सिघना गांव निवासी सुनेश्वर रजवार की 15 वर्षीय पुत्री संजू कुमारी है। हालांकि घटना के बाद स्वजनों ने आनन-फानन में स्थानीय चिकित्सक से दिखाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे हैदर नगर थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। वहीं घटना से स्वजन मर्माहत हैं। मिली जानकारी के मुताबिक संजू आंधी को देखते हुए गोइठा लाने घर से कुछ दूर गई थी। इसी क्रम में हुई बज्रपात के चपेट में आ गई। इधर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिवार से मिलकर गहरा दुःख प्रकट किया और पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराया तथा सरकार से मृतक के परिवारजनों को मुवावजा देने की मांग किया।

## 3 से 18 मार्च तक 11 जगहों पर आयोजित होगा शिव चर्चा

# शिव चर्चा में भाई धनंजय करेंगे अमृत वर्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शिव-शिष्य परिवार की ओर से मार्च 2024 में दर्जनों कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम रांची और पलामू, लातेहार और चतरा ज़िले में आयोजित होगा। शिव गुरु से हम क्यों जुड़े हैं और दूसरे को क्यों जोडते है, इस विषय पर शिव शिष्य परिवार के मठाधीश भाई धनंजय के द्वारा पंचायत स्तरीय शिव गुरु चर्चा का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि पलामू, लातेहार, चतरा और रांची जिले में शिव शिष्य परिवार के लाखों अनुयायी हैं। ये सभी अनुयायी भाई धनंजय के प्रति काफी श्रद्धा रखते हैं। झारखंड राज्य में शिव शिष्य परिवार के बीच भाई धनंजय काफी लोकप्रिय हैं। झारखंड में इनकी कथा की जानकारी मिलते ही शिव शिष्य परिवार काफी खुश हैं।

**कौन हैं भाई धनंजय :** भाई धनंजय शिव चर्चा के प्रमुख कथावाचक हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इनके द्वारा शिव चर्चा का आयोजन किया जाता है। झारखंड सहित देश भर में इनके अनुयायियों की संख्या लाखों में है। भाई धनंजय झारखंड के विभिन्न जिलों सहित, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार, बंगाल आदि राज्यों में शिव चर्चा के तहत अपने भक्तों को शिव कथा का रसपान कराते हैं। इनका स्पष्ट मानना है कि पूरे ब्रह्मांड में शिव समाहित हैं। शिव कण-कण में विराजमान हैं। हरेक मनुष्य शिव के ही प्रेरणा से कर्म करता है। भाई धनंजय कहते हैं, जो व्यक्ति शिव के सानिध्य में है, उसको दूसरे किसी देवी देवता की जरूरत नहीं है। शिव ही पूर्ण ब्रह्म हैं। शिव हैं तो संसार है। शिव हम सबों के गुरु हैं।

**शिव गुरु चर्चा का कार्यक्रम**


3 मार्च : पांकी प्रखंड, केकरगढ़ पंचायत के द्वारीका में
6 मार्च : लेस्लीगंज प्रखंड, कोट पंचायत के गोपालगंज में
7 मार्च : पांकी प्रखंड, होटाई पंचायत के बनई में
8-9 मार्च : हाउसींग कालोनी डालटनगंज में
11 मार्च : बालुमाथ प्रखंड चेताग पंचायत के ओल्हेपाट में
12 मार्च : हेरहंज प्रखंड, तांसु पंचायत के जानी में
13 मार्च : बारीयातू प्रखंड गोनीया पंचायत के गोनीया में
14 मार्च : लावालौंग प्रखंड सिल्दाग पंचायत के सिल्दाग में
15 मार्च : कुन्दा प्रखंड बोधाडीह पंचायत के बेसरा में
17 मार्च : राँची के मोराबादी स्थित सरनाटोली में
18 मार्च : पांकी प्रखंड, ताल पंचायत के ताल में

## तेज बारिश व आंधी तूफान से गरीब का उजड़ा आशियाना



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड में मंगलवार को हुई तेज आंधी बारिश से आकाशी पंचायत के बंडा गांव में गरीब का आशियाना उजड़ गया। इससे बंडा गांव निवासी सफरुल खान के घर में रखा खाद्य सामग्री के अलावे कपड़ा पूरी तरह से पानी में भीग गया। पीड़ित सफरुल खान ने बताया कि तेज आंधी से घर में लगे 30 अल्बेस्टर क्षतिग्रस्त हो गए। इससे घर का सारा सामान भीग गया है। इससे 50 हजार का आर्थिक नुकसान हुआ है। इधर उन्होंने इसकी सूचना आकाशी पंचायत मुखिया बितनी उरांव से की है। मुखिया बितनी उरांव ने कहा कि तेज बारिश से पंचायत में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पंचायत के सभी लोगों का आवेदन मुआवजा के लिए अंचल कार्यालय भंडरा में जमा किया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार को मुआवजे की राशि मिल सकें।

# परीक्षा केंद्र जपला में ही रखने की मांग को लेकर वीसी से मिले विधायक प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** एके सिंह कालेज जपला में अध्यनरत विभिन्न संकायों में स्नातक के विद्यार्थियों की सेमेस्टर की परीक्षा समय समय पर ली जाती है। 28 फरवरी से होने वाली परीक्षा का केंद्र नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा गुलाबचंद प्रसाद डिग्री कालेज छतरपुर कर दिया गया है। विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व एके सिंह कालेज के दान दाता पूर्व सचिव रौनक सिंह ने वीसी से मिल कर कहा कि जपला के विभिन्न गांव से छतरपुर की दूरी कम से कम चालीस किलोमीटर है। दूसरी समस्या यह है कि जपला से छतरपुर आने जाने का समुचित साधन नहीं है। जिससे छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। छतरपुर से आखिरी बस 4 बजे तक ही है। जबकि परीक्षा का समय 2 बजे से 5 बजे तक निर्धारित है। कालेज के अधिकांश गरीब विद्यार्थियों को आना जाना या वहां रहना काफी मुश्किल होगा। अधिकांश गरीब विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। विद्यार्थियों व उनके अभिभावक लगातार समस्या को लेकर विधायक कमलेश कुमार सिंह को फोन कर रहे हैं। उनके द्वारा छतरपुर की जगह जपला के किसी कालेज या विद्यालय में परीक्षा केंद्र कराने की मांग की जा रही है। विधायक प्रतिनिधि श्री सिंह ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के वाइसचांसलर से एके सिंह कालेज जपला के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए परीक्षा केंद्र जपला के ही इंटर उच्च विद्यालय या बीएड कालेज में करने की मांग विद्यार्थियों के हित में की है। उन्होंने कहा कि छतरपुर परीक्षा सेंटर होने से काफी विद्यार्थी परीक्षा से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने एनपी विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर से एके सिंह कालेज जपला के विद्यार्थियों का परीक्षा केंद्र छतरपुर की जगह जपला के ही किसी विद्यालय में करने की मांग की है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने भी वीसी व परीक्षा नियंत्रक से दूरभाष पर इस संबंध में बात की। वीसी ने बताया कि विभिन्न परीक्षाओं की वजह हुसैनाबाद के एक भी शैक्षणिक संस्थान परीक्षा की व्यवस्था कराने की स्थिति में नहीं हैं। मगर समेस्टार 2 की परीक्षा हुसैनाबाद में ही कराने की व्यवस्था की जाएगी।

# नेहरू युवा केंद्र के द्वारा एपीएडी पब्लिक स्कूल में किया गया खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** प्रखंड अंतर्गत अंबालिका एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट से संचालित एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र के बैनर तले खेल प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य अतिथि आजसू जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय प्रधानाध्यापक शिवकुमार चौधरी, भाजपा प्रखंड मंडल युवा महामंत्री पप्पू विश्वकर्मा एवं जिला मीडिया प्रभारी अमित रंजन उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल टीम, रानी लक्ष्मीबाई टीम, चंद्रशेखर आजाद टीम, फूलन देवी टीम के द्वारा कबड्डी, लंबी दौड़,उंच्ची छलांग, साइकिल धीमी रेस कराया गया जिसमें कबड्डी प्रतियोगिता में लड़का टीम से चंद्रशेखर आजाद टीम विजेता हुए तथा लड़की टीम से फूलन देवी टीम विजेता हुए। तथा साइकिल स्लो रेसिंग में सुमंत कुमार यादव प्रथम, अमित कुमार यादव द्वितीय, तथा सत्यम कुमार तृतीय श्रेणी से विजेता हुआ सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर एवं एवं पुरस्कार देकर हौसला को बढ़ाया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि खेल-कूद पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है विद्यार्थियों को लगन से पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देनी चाहिए वही विद्यालय प्रधानाध्यापक शिवकुमार चौधरी ने बताया कि खेल से बच्चों में भावात्मक विकास होता है तथा खेल लोगों को सामाजिक बनाता है खेल से शरीर मजबूत रहता है तथा संज्ञानात्मक विकास होता है इसलिए हर छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी ध्यान देनी चाहिए इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक जितेंद्र मेहता एवं प्रियारंजना कुमारी, खरौंधी हाई स्कूल के शिक्षक चंदेश्वर प्रजापति, जयप्रकाश गुप्ता, समाजसेवी प्रहलाद चौधरी, अरुण कुमार पटेल, पंकज गुप्ता, चंद्रशेखर पटेल, विद्यालय के बाल सांसद के पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित है इस कार्यक्रम का सकुशल संचालन विद्यालय के निदेशक सह शिक्षक धनंजय कुमार ने किया।

## छात्र हित में निस्वार्थ भाव और सेवा भाव से कार्य करती है अभाविप : मनोज्ञ पांडे



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को स्थान महादेव आश्रम मंजूरमती हाई स्कूल में जिला समीक्षा योजना बैठक रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश सह मंत्री श्री डब्लू भगत के नेतृत्व में पूर्व कार्यक्रम और आगामी कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया। आगामी कार्यक्रम 8 मार्च महिला दिवस, 9 जुलाई स्थापना दिवस,कॉलेज गठन, लोहरदगा नगर गठन अन्य विषयों पर भी चर्चा किया गया। नगर अध्यक्ष श्रीमती मनोज्ञ पांडे ने स्पष्ट किया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और छात्र हित में और समाज हित में निस्वार्थ भाव और सेवा भाव से कार्य करती है। बैठक में प्रदेश सह मंत्री श्री डब्लू भगत,विभाग संयोजक अंकित कुमार,जिला प्रमुख श्रीमती छवि सिंह,नगर अध्यक्ष श्रीमती मनोज्ञ पांडे,नगर उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो,संतोष कुमार अन्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 58
बुधवार
28.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
दिल और दिमाग की लड़ाई में हमेशा दिल को जीतने दें, क्योंकि दिमाग जीतकर भी भ्रमित रहेगा।

## वित्त मंत्री ने 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ का पेश किया बजट

# किसानों की बल्ले बल्ले

# 2 लाख

## रुपये कर दिया गया किसानों की ऋण माफी की सीमा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

रांची : झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने किसानों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। झारखंड की चंपई सोरेन सरकार ने किसानों की ऋण माफी की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया है। इसके अलावा एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना में शामिल किया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में कहा कि मैं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1,28,900 करोड़ रुपये का बजट सदन के पटल पर रखता हूं। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट गरीबों, किसानों, आदिवासियों और महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और राज्य के समग्र विकास को गति देगा।

### अबुआ आवास योजना : लाभार्थी को 5 किश्त में मिलेगा 2 लाख रुपया

बजट में सरकार के अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के गरीबों को पक्का आवास बनाने के लिए लाभार्थियों को पांच किस्त में 2 लाख की आर्थिक सहायता दी जाएगी. वित्तीय वर्ष 23-24 में 2 लाख व 24-25 में 2 लाख आवास प्रस्तावित है. 2027-28 तक कुल 20 लाख आवास का निर्माण करने की बात कही गई है. बजट में 11316 करोड़ रुपए का बजट ग्रामीण विकास विभाग के लिए रखा गया है.

### पुरानी पेंशन योजना के लिए 736 करोड़ का बजट

मंत्री ने बताया कि पुरानी पेंशन योजना के तहत 700 करोड़ रुपए पिछले साल निवेश किया गया. 2024-25 के लिए 736 करोड़ का बजट पुरानी पेंशन योजना के लिए प्रस्तावित है.

**2 लाख तक का लोन होगा माफ** :झारखंड बजट में किसानों के लिए बड़ा ऐलान किया गया है. किसानों का कर्ज माफी अब 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने का निर्णय लिया गया है. कृषि के लिए 4606 करोड़ 57 लाख रुपए का बजट पेश किया गया है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि राज्य का पूरा आर्थिक ढांचा कृषि पर निर्भर है. किसानों को भय और कर्ज से मुक्ति दिलाकर ही राज्य को अधिक उत्पादक राज्य बनाया जा सकता है. रामेश?वर उरांव ने कहा कि राज्य सरकार कृषि को आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है. हमारा प्रयास किसानों को अधिकतम सहायता प्रदान करना है और इसके तहत हमारी राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि किसानों का सबसे पहले कर्ज माफ किया जाएगा. यह राशि 50,000 रुपये थी, इसे बढ़ाया जाना चाहिए और अब यह बढ़ोतरी 2 लाख रुपये तक की जाएगी. इस बार बजट में इसका प्रस्ताव रखा गया है.

### बजट आवंटन

- सामान्य क्षेत्र के लिए 37,124 करोड़
- सामाजिक प्रक्षेत्र के लिए 45,377 करोड़
- आर्थिक प्रक्षेत्र के लिए 46,399 करोड़
- ग्रामीण विकास के लिए लगभग 11316 करोड़
- मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के लिए 3,107 करोड़
- बाल विवाह पर रोक, कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के निमित्त संचालित सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 468 करोड़
- महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए 8,021 करोड़
- प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 12,314 करोड़
- उच्च व तकनीकी शिक्षा के लिए 2,411 करोड़
- स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 7,223 करोड़
- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 4,686 करोड़
- खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए 2,860 करोड़
- श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण के लिए 1,053 करोड़
- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए 3523 करोड़
- वन विभाग के लिए 1371 करोड़
- पथ निर्माण के लिए 6,398 करोड़ रुपए के बजट का प्रस्ताव है.
- ग्रामीण कार्य के लिए 5,114 करोड़
- भवन निर्माण के लिए 883 करोड़
- पर्यटन विभाग की लिए 336 करोड़
- नगर विकास एवं आवास के लिए 3,429 करोड़
- बच्चों से संबंधित संचालित होने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 8,866.69 करोड़




### बजट में लूट खसोट की योजनाओं का है कॉपी पेस्ट : मरांडी

**मरांडी ने कहा केवल लूट खसोट की योजनाओं का कॉपी पेस्ट करते हुए ऑफिसर्स के लिए लूट के रास्ते को खुला रखा गया है।**

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट अदूरदर्शी सोच वाला व विकास विरोधी बजट है। यह बजट राज्य के खजाने को केवल लुटने और लुटवाने वाला है। कहा कि इसमें कोई दूरगामी सोच वाला लोक कल्याणकारी योजनाओं का समावेश नही है। केवल लूट खसोट की योजनाओं का कॉपी पेस्ट करते हुए ऑफिसर्स के लिए लूट के रास्ते को खुला रखा गया है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को ठगबंधन सरकार ने 4 वर्ष पूर्व ही 2 लाख तक के ऋण माफी की बात कही थी। लेकिन सब खाली गया। युवाओं के बेरोजगारी भत्ता का भी वादा पूरी तरह विफल साबित हुआ। उल्टे इस सरकार ने भाजपा सरकार की योजनाओं को बंद कर किसानों के साथ अन्याय किया।

### बजट की मुख्य बातें

- 2024-25 में 1000 स्कूलों में किचन सह स्टोर की मरम्मत होगी।
- 50000 किसानों को उद्यानिक फसलों का विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जायेगा।
- कृषि यंत्र वितरण में 200 करोड़ खर्च किये जायेंगे।
- 2024-25 में कृषि ऋण माफी की सीमा 50,000 से बढ़कर 2,00,000 किया जायेगा।
- तालाबों की गहरीकरण, जीर्णोद्धार के लिए जल निधि उप योजना के तहत 1500 डीप बोरिंग का काम और 4000 परकोलेशन टैंक बनाने के लिए 380 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।
- 2024-25 में मनरेगा में नौ करोड़ मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य।
- 2024-25 में अबुआ आवास योजना में 4831 करोड़ का बजट।
- सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए जल संसाधन में 2238 करोड़ खर्च होंगे।
- आंगनबाड़ी केंद्र के भवन निर्माण पर 13.50 करोड़ खर्च होंगे।
- गर्भवती महिलाओं और जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य के लिए 1500 रुपये का मातृ किट 6000 लाभार्थियों के बीच वितरित किया जायेगा। इस योजना में 90 करोड़ खर्च होंगे। किट में मच्छरदानी, जच्चा और बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी जैसी सामग्रियां होंगी।
- दिव्यांग कल्याण योजना के तहत 6.10 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।
- 2024-25 में 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल का संचालन शुरू किया जायेगा।
- 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जायेगा।
- 117 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के लिए लैब की स्थापना की जायेगी।
- राज्य में 19 नये कॉलेज स्थापित किये जायेंगे।
- रांची में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना होगी। रिम्स को सुदृढ़ किया जायेगा।
- रिनपास के कैंपस में उपलब्ध भूमि पर एक मेडिको सिटी की स्थापना होगी।
- खाद्य सुरक्षा योजना के लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख किये जाने का प्रस्ताव।
- पीडीएस डीलरों को दिये जाने वाले कमीशन की राशि को 100 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति क्विंटल किया जायेगा।
- खाद्य सुरक्षा योजना के प्रत्येक राशन कार्ड धारी परिवार को सोयाबीन बरी का वितरण किया जायेगा।
- 2024-25 में 70 पुलों का निर्माण कराया जायेगा।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2500 किलोमीटर सड़क और 200 पुलों का निर्माण कराया जायेगा।
- 20,000 का ग्रिड सोलर पंप का वितरण और अधिष्ठापन किया जायेगा।
- 6360 युवक युवतियों को पीएमईजीपी योजना के तहत स्वरोजगार से जोड़ा जायेगा।
- विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत 20710 करोड का निवेश लाया जाएगा।
- 144 बुनकरों को बुनाई में एक साल का प्रशिक्षण और हस्तशिल्प के विभिन्न ट्रेडों में 270 शिल्पियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।
- औद्योगिक विकास के लिए 484.87 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।



### आत्मनिर्भर झारखंड की परिकल्पना को पूरा करेगा बजट : चंपाई सोरेन



सीएम चम्पाई सोरेन ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह जन आकांक्षाओं का बजट है। राज्य सरकार ने जनता के विश्वास एवं उम्मीद के अनुरूप बजट बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 1 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपए का बजट पेश किया है। हमारी सरकार ने राज्य के किसानों को राहत देने का कार्य किया है। बजट में किसानों की ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर दिया गया है। इस ऋण माफी योजना के अंतर्गत एनपीए हुए खाता धारक किसानों को भी शामिल करने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबुआ आवास के तहत 20 लाख पात्र गरीब परिवारों को तीन कमरे का पक्का मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कई मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना जैसे पटमदा, पीरटाड़ और पलामू इत्यादि कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना में उम्र सीमा बदलाव किए गए हैं, एसटी-एससी और महिला के लिए उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दी गई है। 2500 नए आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आत्मनिर्भर झारखंड की परिकल्पना को पूरा करने वाला बजट है।



## डिजिटल भुगतान में भारत सबसे आगे : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी**


**नई दिल्ली** : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को फिक्की के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर विकसित भारत और उद्योग विषय पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने सबसे पहले करदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह ईमानदार करदाताओं के कारण है कि सरकार कॉर्पस के प्रत्येक पैसे को निर्देशित करने में सक्षम है। पहले आवंटित धन का केवल एक अंश ही इच्छित लाभार्थियों तक पहुंच रहा था, जिसे देखते हुए मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि जारी किया गया सारा पैसा प्राप्तकर्ता तक सीधे उनके बैंक खातों में पहुंचे।यूपीआई को अपने वादों को पूरा करने के सरकार के संकल्प की एक मिसाल बताते हुए उन्होंने कहा कि जब यूपीआई लॉन्च किया गया था तो इसकी प्रभावशीलता के बारे में बहुत सारे संदेह थे। आज यूपीआई ने समाज के सभी वर्गों और देश के सभी कोनों में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा,आज दुनिया में सभी डिजिटल भुगतान का 46 प्रतिशत भारत में किया जाता है और दुनिया हमारी तकनीकी क्षमता के लिए हमारी ओर देख रही है।

## राज्यसभा चुनाव में जमकर हुआ क्रॉस वोटिंग

*** यूपी में सपा के 7 विधायकों ने की क्रॉस वोटिंग, हिमाचल में कांग्रेस के 6 एमएलए ने बीजेपी को किया सपोर्ट**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राज्यसभा के लिए 3 राज्यों की 15 सीटों के लिए मंगलवार को वोटिंग हुआ. इनमें से उत्तर प्रदेश की 10, कर्नाटक की 4 और हिमाचल प्रदेश की 1 सीट शामिल है. उत्तर प्रदेश व हिमाचल में क्रॉस वोटिंग की चर्चा है. कुल 15 सीटों पर 18 कैंडिडेट मैदान में थे. रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में सपा के 7 विधायकों ने एनडीए के लिए क्रॉस वोटिंग की है. ।यूपी में वोटिंग के दौरान सपा के चीफ व्हिप और विधायक मनोज कुमार पांडे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया. फिर खबर आई कि यूपी में सपा के 7 विधायकों ने एनडीए को वोट दिया है. ये विधायक राकेश पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, विनोद चतुर्वेदी, मनोज पांडेय, पूजा पाल और आशुतोष मौर्य हैं. बहुजन समाज पार्टी के उमाशंकर ने भी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के लिए वोटिंग की है. उमाशंकर मायावती की पार्टी के एकमात्र विधायक हैं. उत्तर प्रदेश में सपा प्रमुख



अखिलेश यादव ने कहा है कि तीसरे उम्मीदवार को मैदान में उतारने का उनका निर्णय एक परीक्षण था. उन्होंने कहा, हमारी तीसरी सीट वास्तव में सच्चे साथियों की पहचान करने के लिए एक परीक्षा थी. बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग पर कहा कि अखिलेश यादव ने अपने विधायकों को राम मंदिर नहीं जाने दिया था. इसी वजह से उनके विधायक प्रभु श्री राम की जय बोलकर उनके खिलाफ हो गए. हिमाचल में जिस तरीके की तस्वीर और जानकारी सामने आ रही वह तो यही दिखा रही है की कांग्रेस पार्टी में टूट हो गई है. हिमाचल में एक सीट है. यहां 6 कांग्रेसी विधायकों के क्रॉस वोटिंग की चर्चा है. हिमाचल में 10 कांग्रेस विधायकों के पाला बदलने की भी खबर है.

♥ दिल का हाल सुने ♥ दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

# झारखंड के नवनेहालो का भविष्य एक शिक्षक के सहारे
# छात्रों के भविष्य के साथ हो रहा मजाक






अनुपमा मुंडा

**स्कूल के शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद युनूस अंसारी ने बताया शिक्षकों के कमी के कारण काफी परेशानी हो रही है। सभी क्लास के बच्चों को होमवर्क देकर पढ़ाई करवाई जा रही है मैंने विभाग को दो बार इससे अवगत करा दिया है।**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** प्रखंड के बरगड़ी पंचायत स्थित जाहेर में एक शिक्षक के सहारे चल रहा बुनयादी विद्यालय। बताया जा रहा है कि पिछले 8 से 9 महीने से विद्यालय में मात्र एक ही शिक्षक के द्वारा पठन-पाठन सहित ऑफीशियली कार्य का भी अंजाम दिया जा रहा है। बताते चले की इस स्कूल में वन टू एट छात्रों की संख्या तकरीबन 100 हैं। एक तरफ सरकार शिक्षा को लेकर चारों ओर प्रचार प्रसार में लगी हुई है वहीं राजधानी से सटे प्रखंडों में भी शिक्षा का स्तर पूरी तरह से दयनीय है, वहीं सरकार के द्वारा छात्रों के ड्रॉप आउट हो जाने को लेकर कई तरह के अधिकारी व शिक्षकों का नोटिस विद्यालय पहुंचता है अगर विद्यालय में शिक्षक ही ना रहे तो ड्रॉप आउट तो वैसे ही पूरा विद्यालय ही हो जाता है। वहीं स्कूल की आठवीं क्लास की छात्रा अनुपमा मुण्डा का कहना है कि स्कुल में शिक्षक नहीं होने के कारण हम लोगों का पढ़ाई प्रभावित हो रहा है, स्कूल में एक शिक्षक होने के कारण हम सभी को सही ढंग से पढ़ाई नहीं हो पा रही है।

## प्रखंड व अंचल कार्यालय में आदिवासी मुलवासी संघर्ष समिति का विशाल प्रदर्शन




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आदिवासी मुलवासी संघर्ष समिति के द्वारा विशाल प्रदर्शन किया गया।इस घेराव कार्यक्रम में लालखटगग, खरसीदाग , रामपुर, चेनें ,कुटियातू , मलटी ,हाहाप , सपारोग इत्यादि ग्राम के सैकडो महिला पुरुष ने हिस्सा लिया। घेराव कार्यक्रम में आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के बेनर तले निम्नलिखित मुद्दों को लेकर 1 जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र समय से नहीं बनना। 2 पंजी 2 में आनलाइन प्लांट चढ़ाने में मोटा रकम की मांग। 3 अबुआ आवास में गड़बड़ी। 4 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनना। 5 नरेगा योजना में सही समय पर मजदूरों का भूगतान सही समय नहीं होना। 6 कर्मचारियों को पंचायत भवन में बैठाना। इन सभी ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे पदाधिकारियों को ज्ञापन भी दिया गया।घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, मुखिया नन्हे कच्छप,52 पडाह अध्यक्ष प्रदीप तिकी,चामू बेग, ग्राम प्रधान लक्ष्मण लकड़ा, ग्राम प्रधान अनुज सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान हेमंत होरो, जुरा पहान, ग्राम प्रधान बुधू लकड़ा, ग्राम प्रधान अंजय मिंज, जाज लकड़ा,सिलरा लकड़ा,बिजू लकड़ा अरूण मुण्डा ,बुलू लिंडा, भीम सिंह मुंडा एवं ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## ब्राइट होप्स स्कूल में एनुअल स्पोर्ट्स का आयोजन




**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के हेसमी स्थित ब्राइट होप्स स्कूल में मंगलवार को वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम में स्कूल के प्रत्येक बच्चे के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रत्येक बच्चे ने अपनी रुचि के अनुसार खेलकूद में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के निदेशक दीपक कुमार एवं अनूप कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बच्चों के लिए आवश्यक है। बच्चों में टीम स्प्रिट की भावना का विकास करने के लिए ही सभी बच्चों को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। प्रतियोगिता के अंत में शामिल सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिए गए। मौके पर कृष्ण कुमार भार्गव, रीना दयाल, अमन विवेक, ममता मंडल, कृति गुप्ता, शांभवी दुबे, फरहीन जिया, अनुराधा सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## मौजूदा हालात को बदलना बहुत जरूरी : डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव के युवक, बुद्धिजीवी एवं समाज के अगुवागनों से मंगलवार को पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने सम्मिलित रूप से बैठक किया। बैठक में आम जनों के द्वारा अनेक तरह के समस्याओं से डॉ परमेश्वर भगत को अवगत कराया गया जिसमें सबसे मुख्य समस्या बेरोजगारी एवं नशाखोरी का है। डॉ परमेश्वर ने कहा कि अभी के दौर में समाजिक, आर्थिक, राजनितिक एव धार्मिक रूप से जागरूक रहने की जरूरत है। भगत ने सभी अभिभावको को कहा की चाहे परिस्थिति जैसे भी हो अपने बच्चों का पढ़ाई को ना रोके। मौके पर प्रो डॉ नाफर अली, राकेश उरांव, अनिल उरांव, प्रदीप उरांव, नंदू नायक, जावेद अंसारी, जयपाल मुंडा, मो ताहीद खा एव सैंकड़ों लोग उपस्थित हुए।

## एक प्रीमियम एक्सपीरियंस स्टोर लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की सबसे बड़ी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग ने कोलकाता के पार्क स्ट्रीट में एक नया प्रीमियम एक्सपीरियंस स्टोर खोला है। स्टोर व्यापक बिक्री और सेवा अनुभव प्रदान करेगा, सैमसंग स्मार्टथिंग्स का प्रदर्शन करेगा और उपभोक्ताओं के लिए विभिन्न आकर्षक गतिविधियों की मेजबानी करेगा।स्टोर में आने वाले उपभोक्ताओं को सीमित अवधि की पेशकश के रूप में चुनिंदा गैलेक्सी उपकरणों के साथ निश्चित उपहार, 2x लॉयल्टी पॉइंट (15000 रुपये से ऊपर के सभी लेनदेन पर) और 2999 रुपये में गैलेक्सी बड्स एफई मिलेगा। 20000 रुपये मूल्य के सैमसंग उत्पादों की खरीद पर, पहले 200 ग्राहकों को शुरुआती उपहार मिलेंगे।

## फ्लिपकार्ट ग्रोसरी फुलफिलमेंट सेंटर लॉन्च

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की ई-कॉमर्स दिग्गज फ्लिपकार्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा में अपना ग्रोसरी फ़ुलफ़िलमेंट सेंटर लॉन्च किया है। 1.13 लाख वर्ग फुट में फैला यह केंद्र और प्रति दिन 1 लाख यूनिट से अधिक की प्रेषण क्षमता के साथ, बरहामपुर, मालदा, उत्तर बंगाल बेल्ट और झारखंड और बिहार के कुछ हिस्सों में प्रति दिन 7,000 से अधिक ऑर्डर को पूरा करेगा। यह केंद्र बिस्कफार्म बिस्कुट, जेके मसाला और दूसरे मसाले, इमामी तेल आइटम और मिनिकेट चावल सहित स्थानीय रूप से लोकप्रिय ब्रांडों की एक क्यूरेटेड श्रृंखला की पेशकश करेगा। यह सुविधा 5,000 से अधिक उत्पाद भी प्रदान करेगी, जिसमें स्थानीय दैनिक किराना वस्तुओं से लेकर आईटीसी, एचयूएल, पी एंड जी जैसी स्थापित एफएमसीजी कंपनियों के उत्पाद शामिल हैं।

## जनशक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत मुरहू में बनाया गया बोरी बांध

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में जनशक्ति से जलशक्ति अभियान के तहत गांवों के नदी-नालों पर बोरीबांध बनाकर जल संरक्षण का काम जारी है। अभियान के तहत मंगलवार को मुरहू ग्रामसभा व पंचायत प्रतिनिधियों ने श्रमदान कर मुरहू नाला पर एक बोरीबांध का निर्माण किया। मदईत परंपरा के तहत श्रमदान से जब बोरीबांध बनकर तैयार हुआ, तो ग्रामसभा के सभी सदस्यों ने सामुहिक रूप से सोमार बाजार टांड़ में भोजन किया। बोरीबांध निर्माण में ग्रामीणों का उत्साहवर्द्धन करने के लिए ग्रामसभा सचिव राफेल मुंडू, जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता, उपप्रमुख अरूण कुमार साबू, मुखिया ज्योति ढ़ोढ़राय ने श्रमदान किया। बता दें कि मुरहू नाले पर जिस स्थान पर बोरीबांध बनाया गया, वहां पूर्व में एक पक्का चेकडैम बनाया गया था, जो बरसात में पानी के तेज बहाव के कारण ध्वस्त हो गया है, जिससे गांववालों को गर्मी के दिनों में मवेशियों को पानी पिलाने, नहाने-धोने में काफी परेशानियां उठानी पड़ती थी। बोरीबांध बनने से ग्रामीणों के एक साथ कई फायदे होंगे। जिला परिषद सदस्य नेलानी देमता ने कहा कि गर्मी के दिनों में सोमार बाजार मुहल्ला के लोगों को काफी परेशानियां होती है, गर्मी में पानी के लिए परेशानी ना उठाना पड़े पड़े इस कारण बोरीबांध बनाकर जल संचयन का काम बोरीबांध के माध्यम से किया गया। सोमार बाजार मुहल्ला में भूगर्भिय जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा था, मुहल्ला के लोग पानी की समस्या से जुझ रहे थे। लेकिन अब बोरीबांध बनने के बाद जल संचयन होगा और जलस्तर उपर आएगा। गांव के लोगों को सिंचाई का साधन भी मिल पाएगा। गर्मी में जब पानी के लिए मवेशी भटकते हैं, तो देखकर अच्छा नहीं लगाता। मवेशियों को पानी पीलाने और खाली पड़े जमीन पर खेती करने के उद्देश्य से जनशक्ति से जलशक्ति अभियान से जुड़कर किया गया बोरीबांध निर्माण काफी महत्वपुर्ण है।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,सिमडेगा
**National Helpline No.-15100**

### राष्ट्रीय लोक अदालत 2024

दिनांक – 09 मार्च 2024
दिनांक – 11 मई 2024
दिनांक – 14 सितम्बर 2024
दिनांक – 14 दिसम्बर 2024
स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार ,राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक **09 मार्च 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे** से व्यवहार न्यायालय परिसर,सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है।

1. बैकिंग सम्बंधी मामलें
2. धारा 138 एन आई एक्ट
3. मोटर दुर्घटना दावा वाद
4. श्रम विवाद सम्बंधी मामलें
5. पारिवारिक विवाद
6. भूअर्जन
7. सेवा सम्बंधी मामलें
8. दिवानी मामले
9. राजस्व मामले
10. खनन सम्बंधी मामले
11. बिजली एवं पानी से सम्बंधित
12. दूरभाष सम्बंधी मामले ।

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि उपरोक्त वादो से संबंधित मामलों को संबंधित विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक निष्पादन करने का प्रयास करें ।

श्रीमती मरियम हेमरोम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
श्री सौरभ, पुलिस अधीक्षक सह सदस्य, जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा
श्री अजय कुमार सिंह, उपायुक्त सह उपाध्यक्ष
श्री राजकमल मिश्र, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

PR 320508 Simdega(23-24)#D



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 59/2023–24

दिनांक 26/02/2024

मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | कुन्दा कोठी पी0टी0सी0 चौक, मटवारी में उत्तम स्वीटस से दीपक मेहता के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2471400.00 | 5000.00 | 50000.00 | तीन माह |
| 2 | बरही | प्रखण्ड बरही अन्तर्गत पंचायत मलकोको में पी0सी0सी0 पथ एवं नाली निर्माण। | 2146700.00 | 5000.00 | 44000.00 | तीन माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 02.03.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 02.03.24 से 09.03.2024 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 11.03.2024 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 320549 District (23-24)_D



## कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक –353 **Walk in Interview** दिनांक 27.02.2024

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 9/RCH-694/2022-325(AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में 15वी0 वित्त आयोग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर/ **Urban Health and Wellness Center** हुटुबदाग वार्ड – 05 संचालित करने हेतु खूँटी शहरी क्षेत्रान्तर्गत एक चिकित्सक की सेवा प्राप्त करने हेतु योग्य व इच्छुक आवेदकों को नगर पंचायत कार्यालय, एस0डी0ओ0 तालाब निकट कमन्ता, खूँटी वार्ड–19 में दिनांक 12.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक Walk in Interview हेतु आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | शहरी स्वा0 केन्द्र का नाम | रिक्तियों |
|---|---|---|
| 1. | Urban Health and Wellness Center /आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुटुबदाग वार्ड – 05 नगर पंचायत, खूँटी। | 1 |

आर्हताएँ :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पदनाम | मेडिकल ऑफिसर–यू0ए0ए0एम0 |
| 2. | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त संस्थान से MBBS की डिग्री। |
| 3. | उम्र सीमा | अधिकतम 70 वर्ष |
| 4. | मानदेय | रू 63000.00 (Rs. Sixty three thousand only) प्रतिमाह |
| 5. | कार्य अवधि | 8:00 घण्टे। |
| 6. | कार्य दिवस | सोमवार से शनिवार |
| 7. | मानदेय भुगतान में नियमानुसार T.D.S. कटौती की जायेगी। | |
| 8. | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य में नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 9. | Walk in interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं प्रमाण पत्र की छाया प्रति के साथ Walk in interview में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 320535 (Urban Development)23-24*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

### अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–59/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 05.03.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.03.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Flower Stands, Laying of Pebbles and supplying of other garden materials in Judges' Bungalow No.- 01 near Shichai Bhawan at A.G. More, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 1560500.00 | 31300.00 | 5000.00 | Two Months |
| 2 | Laying of Lawn Grass in the Campus of Hon'ble Judge's Bungalow No.- 03 (Old) at Rajendra Chowk, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 1072000.00 | 21500.00 | 2500.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of 'C' Type Quarter No.-C-10. Rajbhawan Pool at Audrey House, Ranchi. | 429850.00 | 8600.00 | 750.00 | One Month |
| 4 | Renovation of 'C' Type Permanent Quarter No.-1/16 (New) at Line Tank Road, Ranchi, | 587050.00 | 11800.00 | 1250.00 | One Month |
| 5 | Renovation of 'C' Type Quarter No.-29/30 at Hinoo, Ranchi, Ranchi, | 583400.00 | 11700.00 | 1250.00 | One Month |
| 6 | Renovation of Quarter No.. B.C.D-8/51 ut Harmu, Ranchi, | 390800.00 | 7900.00 | 750.00 | One Month |
| 7 | Renovation of 'B' Type Quarter No.-6 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi, | 313300.00 | 6300.00 | 750.00 | One Month |
| 8 | Renovation of 'B' Type Quarter No.-18/56. 56 Set at Doranda, Ranchi | 385200.00 | 7800.00 | 750.00 | One Month |
| 9 | Renovation of B type Quarter No.-30/124, 124 Set at Doranda, Ranchi | 403200.00 | 8100.00 | 750.00 | One Month |
| 10 | Renovation of Room No.-201, 202, 203, 204, 204A, 205, 206, 216, 230, 231 & 232 in Yojna Bhawan at Doranda, Ranchi | 1068000.00 | 21400.00 | 2500.00 | Two Months |
| 11 | Renovation of Bungalow No.-119 (Under Occupation of Hon'ble Mr. Justice Kailash Deo) with Electrical Panel Room, Boundary wall, Foundation and Shed for Generator, Tata Blue Shed Shed, MS Pipe Post at Behind Engineer's Bhawan, JAP Campus at Doranda Ranchi (High Court Pool) | 2378900.00 | 47600.00 | 5000.00 | One Month |
| 12 | Renovation of Main Building and Out House and Roof Treatment of E type Quarter No-2 at Mayer's Road, Ranchi | 1336100.00 | 26800.00 | 2500.00 | Two Months |
| 13 | Renovation of Meeting Hall, Conference Hall, Police work, Wardrobe and wall Paper work at RDC & SDO Residence Mayer's Road, Ranchi | 1139000.00 | 22800.00 | 2500.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 320585 Building(23-24)#D



Annexure 1

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## लघु सिंचाई प्रमंडल, रामगढ़

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/RAMGARH F2 - 11/2023-24

दिनांक– 27.02.2024

1 योजना का नाम: DMFT न्यास परिषद् से अनुमोदन के द्वारा स्वीकृत योजनाएँ
2 विज्ञापन दाता का नाम: कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।
3 ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि: 29.02.2024
4 ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय: 06.03.2024 5:00 बजे अपराह्न तक
5 ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय: 09.03.2024 11:00 बजे पूर्वाहन
6 (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता: कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।
(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0/ई–मेल: मो0–06553–231173, eemidramgarh24408@gmail.com
7 ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या: 0651–2491232

| क्र० | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 |
| 1 | पतरातू | बलकुदरा | बलकुदरा पंचायत के ग्राम बलकुदरा, टोला मदनाटांड में मांझीथान से लेकर सरना स्थल तक लगभग 600 फीट पी०सी०सी० पथ निर्माण | 1869100 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 2 | पतरातू | बेचा | सौंदा चीफ हाउस कैंटीन से लाल मोहन साव के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 3981400 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 3 | पतरातू | देवरिया | सिताराम मुण्डा के घर से कल्लू मुण्डा के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 6337300 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 4 | पतरातू | सौंदा डी | सौंदा एकता क्लब से उत्क्रमित मध्य विद्यालय दत्तो तक 700 मीटर पथ का निर्माण। | 3714400 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 5 | माण्डू | आरा उत्तरी | डुमरा बेड़ा चौक से लेकर अगरिया गढ़ा नदी तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 6345200 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 6 | माण्डू | आरा उत्तरी | मोकरमा अली के दुकान से फागु मांझी के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण 600 फीट। | 1798900 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 7 | माण्डू | बड़गॉव | बड़गॉव पंचायत के ग्राम बड़गॉव में रामदेव पासवान के घर से बजरंग बली मंदिर तक लगभग 500 मीटर पी०सी०सी पथ निर्माण। | 534000 | 1250 | 06 (छ:) माह |
| 8 | माण्डू | बड़का चुम्बा | बड़का चुम्बा पंचायत में कुम्हारटोला बजरंग बली मंदिर से झरी प्रजापती मे घर मक लगभग 1800 फीट पी०सी०सी पथ निर्माण। | 6233500 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 9 | माण्डू | बुमरी | बुमरी पंचायत में श्रवण टुडू के घर से सुरेश हेम्ब्रोम के घर तक 2500 फीट पी०सी०सी पथ निर्माण। | 5726800 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 10 | माण्डू | हेसागढ़ा | हेसागढ़ा पंचायत के ग्राम केरीबन्दा डुंगरीटोला में पानी टंकी से लेकर पतिलाल हेम्ब्रोम के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 1366800 | 2500 | 06 (छ:) माह |
| 11 | माण्डू | ईचाकडीह | ईचाकडीह पंचायत में केदला 3 नं० मोड से नीचे देवी मंडप मक एवं पीपल पेड से शिव मंदिर पुल तक पी०सी०सी पथ निर्माण। लगभग 1.5 KM | 5888900 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 12 | माण्डू | करमा दक्षिणी | ग्राम खीराबेडा में मेन रोड से लेकर विद्युत सब स्टेशन तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 4508600 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 13 | माण्डू | थकमो | ग्राम बन्दा में बैजू महतो के घर से लिलो महतो के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 715000 | 1250 | 06 (छ:) माह |
| 14 | माण्डू | कुजू पूर्वी | कुजू पूर्वी पंचायत में कसेरा धौड़ा से 3 नं० कॉलोनी तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 9845700 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 15 | माण्डू | कुजू पश्चिमी | ग्राम कुजू के टोला अजाद बस्ती में फोरलाईन सलीम टोयर दुकार से मदरसा तक लगभग 600 फीट पी०सी०सी पथ निर्माण। | 2295500 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 16 | माण्डू | लईयो दक्षिणी | लईयो गायछनदवा टोला में दनिया सिमाना से लेकर फुलचन्द केवट के घर तक पी०सी०सी पथ निर्माण। 1.5 KM | 3990000 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 17 | माण्डू | पुण्डी | पुण्डी पंचायत के ग्राम बोंगाहारा तिलैयाटांड में विजय सोरेन के घर से महेश टुडू के घर मक लगभग 400 फीट पी०सी०सी पथ निर्माण। | 945000 | 1250 | 06 (छ:) माह |
| 18 | माण्डू | पुण्डी | पुण्डी पंचायत के ग्राम बोंगाहारा तिलैयाटांड में कन्दना मांझी के घर से तालो मराण्डी के घर तक लगभग 300 फीट पी०सी०सी पथ निर्माण। | 2455000 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 19 | माण्डू | सारूबेडा | ग्राम सारूबेड़ा से लेकर टाटा रोड तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 7112000 | 10000 | 06 (छ:) माह |
| 20 | गोला | उपरबरगा | पंचायत उपरबरगा के ग्राम सुथरपुर मुरली घटवार के घर से नदी तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 1211500 | 5000 | 06 (छ:) माह |
| 21 | पतरातू | सांकुल | वार्ड संख्या–12 में कब्रिस्तान टोला में सरकारी कूप से कब्रिस्तान तक पी०सी०सी पथ निर्माण। | 1750200 | 2500 | 06 (छ:) माह |

नोट– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
प्रकाशित निविदा के प्राक्कलित राशि में घट बड़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 320577 Minor Irrigation (23-24)_D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हाथी प्रभावित गांवों में वन विभाग ने टीम बनाकर दिया टार्च व पटाखा



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में हाथियों का झुंड डेरा जमाए हुए हैं। हाथियों का झुंड शाम ढलते ही गांवों की ओर रूख कर जाता है। हाथी-मानव संघर्ष की संभावना बढ़ गई है। ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में वन विभाग भी हाथियों के विचरण को देखते हुए अलर्ट मोड में है। वन विभाग के कर्मी लोगों को सतर्क रहने की अपील के साथ ही संभावित घटनाओं को रोकने के लिए हाथी प्रभावित गांवों में टार्च, पटाखा, जला मोबिल आदि का वितरण कर रहे हैं ताकि लोग अपनी सुरक्षा गांव में टीम बनाकर भी कर सके। वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर वनरक्षी कैलाश महतो ने डुमरा, कांकीटाड़, दयालटांड़ सहित दर्जनों हाथी प्रभावित गांवों में जाकर टीम बनाकर टार्च, पटाखा आदि का वितरण किया। उन्होंने लोगों को एकजुट होकर अपने गांवों का हाथी से सावधानी पूर्वक बचाव करने में वन विभाग का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हाथी प्रभावित गांवों में टीम बनाकर टार्च, पटाखा जला मोबिल आदि दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में हाथियों का प्रवेश होने पर वन विभाग का दस्ता पहुंचने तक ग्रामीण अपनी सुरक्षा कर पाएंगे। उन्होंने बताया कि वन क्षेत्र पदाधिकारी के निर्देश पर विभाग द्वारा लोगों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है एवं हाथी प्रभावित गांवों में लोगों को सुबह अंधेरा रहने तक घर से बाहर नहीं निकलने व सतर्क रहने की अपील भी की जा रही है। मौके पर बसंत प्रामाणिक, सुकराम पातर, उमा देवी व विश्वनाथ गोप सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिवंगत कांग्रेस नेता सुरेश मुखी को दी गई श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में एआईसीसी एवं प्रदेश कांग्रेस के दिशानिर्देश पर लिंक के माध्यम से बीएलए -2 आनलाइन आईएनसी साथी डॉट कॉम के माध्यम से सभी कांग्रेस नेता, पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण जुड़ना अनिवार्य है, की समीक्षा विधानसभावार एवं प्रखण्डवार जिलाध्यक्ष ने किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रखंड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों को निर्देशित किया कि दो दिन के अंदर सभी बूथों पर बीएलए-2 की नियुक्ति सम्पन्न कर लें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सम्पूर्ण भारत में एआईसीसी के माध्यम से बूथ स्तर पर रजिस्ट्रेशन अभियान सभी अग्रणी संगठन, विभाग के भी पदाधिकारीगण अपना नामों को रजिस्ट्रेशन करायें। बैठक में सभी को टास्क सौंपा गया। बैठक में वरिष्ठ नेता खगेन चन्द्र महतो, सामंता कुमार, रियाजुद्दीन खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, अवधेश सिंह, संजय सिंह आजाद, शफी अहमद खान, लालटू महतो, पवन कुमार बबलू, संजय यादव, बिजेन्दर पाण्डेय, पुनीता चौधरी, अजय महतो, दिवेश राज, ऊषा यादव, माया सिंह, रीता शर्मा, रानी राव, इंतिखाब वास्ती, राजा सिंह राजपूत, काशीनाथ गिरी, इंदु भूषण यादव, सीताराम चौधरी, आशीष ठाकुर, अजय मंडल, भारत सिंह,सुरेंद्र सिंह उदय कुमार सिंह धीरज कुमार पीके गांधी सनी सिंह सचिन कुमार सिंह, रविंद्र शर्मा, कैसर आलम अंसारी, अमर कुमार मिश्र, अजय मिश्र, मो सलीम, संध्या ठाकुर, सतीश कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेसजनों ने दिवंगत सुरेश मुखी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया तथा दो मिनट का मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना किया कि ईश्वर अपने लोक में स्थान प्रदान करें।

## ट्रैफिक जाम समेत 7 मुद्दों पर लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाएगी आजाद समाज पार्टी



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजाद समाज पार्टी पूर्वी सिंहभूम के युवा अध्यक्ष मजहर खान ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी ने मानगो पुल और जिले में बढ़ रही ट्राफिक समस्याओं को लेकर 18 और 30 दिसंबर को धरना दिया था। जिसके बाद उस समय के जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने ट्विटर के माध्यम से 7 जनवरी को जमशेदपुर की जनता से सुझाव मांगा था, हमारी टीम ने भी उसमें सुझाव दिए थे, उनके जाने के बाद मानगो पुल में हो रही प्रतिदिन ट्राफिक की समस्या का समाधान पर काम रुक गया, मानगो पुल पर प्रतिदिन आमजन घंटों ट्राफिक में फंसे रहते हैं। आमजन की परेशानियों को देखते हुए, अब हम मजबूर हैं कि हम जनता के बीच जाकर उस समस्या के हल को लेकर एक आंदोलन तैयार करें। इस संबंध में मंगलवार को पार्टी की ओर से उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपकर सूचना समर्पित की गई है।

### बजट पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की प्रतिक्रिया

# यह दूरगामी व अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के समृद्धि का बजट हैं : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम के विधायक बन्ना गुप्ता ने मगंलवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे दूरगामी बताया हैं। उन्होंने कहा कि बजट से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समृद्ध बनाया जा सकेगा ताकि वो सम्मान के साथ सिर उठा कर अपना तथा परिवार का भरण पोषण कर सके। उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा हैं। नए और इनोवेटिव आईडिया के साथ झारखंड के हेल्थ सिस्टम को



इनफार्मेशन और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में मेडिको सिटी की स्थापना की जायेगी, जहां लोगों को सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इसके अलावा रांची में एक और मेडिकल कॉलेज भी खोला जाएगा। रिम्स के लिए भी उन्होंने कहा कि रिम्स का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा ताकि लोगों को वहां इलाज कराने में कोई परेशानी नहीं हो। रिम्स में नए संसाधन और नियुक्ति की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि 2024-25 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल 7230 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है जिससे निश्चित तौर पर स्वास्थ्य विभाग को मजबूती मिलेगी। बालिकाओं और किशोरियों का विशेष ध्यान रखा गया है। उनके उच्च शिक्षा के लिए भी बजट में खास व्यवस्था की गई है। महिलाओं के विकास के लिए, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने और छात्राओं की उच्च शिक्षा के लिए सरकार की तरफ से विभिन्न योजनाओं को चलाया जाएगा। महिलाओं के लिए बजट में 8021 करोड़ का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने कहा कि सरकार गर्भवती महिलाओं के लिए अतिरिक्त योजना बना रही है। इसके लिए 6 लाख महिलाओं के बीच जच्चा बच्चा को सुरक्षित रखने के लिए एक किट वितरित कराई जाएगी। इस किट में एक मच्छरदानी, साबुन, बाल्टी और मग की व्यवस्था कराई जाएगी।

## अबुआ आवास व मनरेगा योजनाओं की कार्यप्रगति का उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर जिले में अबुआ आवास एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं की कार्यप्रगति की समीक्षा की। अबुआ आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को सभी स्वीकृत योजना के लाभुकों को एक सप्ताह के अंदर प्रथम किस्त का भुगतान करने के निर्देश दिया। धीमी कार्य प्रगति पर लक्ष्य निर्धारित कर कुचाई, सरायकेला एवं चांडिल के प्रखंड विकास पदाधिकारी को कल तक 150-150 लाभुकों के प्रथम किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में बिरसा सिंचाई कूप योजना अंतर्गत कुआं निर्माण कार्य में सुधारात्मक प्रगति लाने तथा राजनगर, गम्हरिया, नीमडीह एवं चांडिल प्रखंड मे कुआं निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर संबंधित बीडीओ एवं बीपीओ को शोकॉज करने का निर्देश दिया। वहीं जेएसएलपीएस के एसएचजी दीदियों के सहयोग से कुआं निर्माण हेतु अधिक से अधिक लाभुकों के चयन करने, बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप योजनाओं को स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आपसी तालमेल स्थापित कर कार्य करने तथा अधिक से अधिक लाभुकों को कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरतियार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, आदि थे।

## पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को मतदान संबंधित जागरूक किया। इसके पहले पटमदा बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज ने हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिए। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन ने अपने वोट की महत्व के बारे में लोगों को समझाए एवं कैसे मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाय उसके बारे में भी विस्तार से लोगों को जानकारी दी। इस दौरान




कॉलेज के विद्यार्थियों ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए मतदाता शपत ग्रहण किया। मौके पर प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन, एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ कमल कुमार महतो, विश्वनाथ महतो समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद थे।

### भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपायुक्त के नाम एडीसी को सौंपा ज्ञापन

# अधिग्रहण जमीनों का मुआवजा राशि देने की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड की बोंटा - माधवपुर सड़क का चौड़ीकरण के साथ नवनिर्माण वर्षों पूर्व किया गया है। चौड़ीकरण के लिए सड़क के दोनों साइड से किसानों की रैयत जमीन को अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहण किये गए जमीनों का मुआवजा राशि किसानों को आजतक नही मिल पाया है। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को भाजपा नेता विमल



बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक प्रतिनिधिमंडल जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल से मिलने जिला मुख्यालय पहुंचे। उपायुक्त के अनुपस्थिति में ग्रामीणों की प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम एडीसी को एक मांगपत्र सौंप कर जल्द से जल्द मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है। भाजपा नेता विमल बैठा ने कहा कि सड़क निर्माण के नाम पर रैयत जमीनों का अधिग्रहण कर अबतक मुआवजा राशि नही मिलना एक गंभीर विषय है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसपर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि किसानों को उनका हक मिल सके। ज्ञापन सौपनें वालों में किसानों में अरुण गोप, सोमनाथ षाड़ंगी, चित्तरंजन गोप, नारायण चंद्र महतो, भीमचंद्र मोदक, जीतुलाल महतो, सतीश चंद्र गोप, लोबिन माझी, विजय सोय, तहसीन हाशमी, मेराज अहमद, सतीश गोप समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## फुटबॉल में जराटीकरा विजेता व आदर्श युवा क्लब अरुवां बना उपविजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** नेहरू युवा केंद्र संगठन सरायकेला-खरसावां युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा कुचाई प्रखंड के अरूवां मैदान में प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय फुटबॉल सह खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग के लिए फुटबॉल व दौड़ का इवेंट शामिल किया गया था। फुटबॉल में विजेता स्वामी विवेकानंद युवा क्लब जराटीकरा अरूवां व उपविजेता आदर्श युवा फुटबॉल क्लब अरुवां रही। बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में अनीता सरदार प्रथम व कमल सरदार ने द्वितीय स्थान प्राप्त की। वहीं बालक वर्ग के 200 मीटर दौड़ में गुरुचरण सरदार प्रथम व सोनाराम सरदार द्वितीय एवं राहुल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। मेढ़क रेस में सावन लोहार प्रथम व प्रकाश कुम्हार द्वितीय स्थान पर रहे। मौके पर सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से कुचाई प्रखंड राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुखदेव सरदार, सेविका सावित्री महतो व आदि थे।

## राज्य सरकार की अनुपूरक बजट निराशाजनक : कन्हैया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आजसू पार्टी के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह ने राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को पेश की गई अनुपूरक बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट निराशाजनक है क्योंकि इस बजट से कुछ खास नहीं दिखाई पड़ता। इससे युवाओं के प्रति कोई रोजगार सृजन का मानक तय नहीं है, गरीब किसानों की ऋण माफी पर वैसे किसानों को चिन्हित नहीं किया गया है, जो बैंक से ऋण लिया है और बैंक को ऋण अदायगी नहीं कर पा रहे है शिक्षा, स्वास्थ्य का रवैया ढुलमुल है।

### शिक्षा के मानक में भारी त्रुटि दिखाई पड़ रही है : अप्पू



आजसू पार्टी के जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने कहा कि सरकार के अनुपूरक बजट में शिक्षा में भारी त्रुटि दिखाई पड रही है, क्योंकि पूरे देश में पहला राज्य है जो शिक्षा के क्षेत्र में पिछले बजट से इस बजट में कम राशि सरकार ने बजट पेश किया है। साथ ही नए स्कूल कालेज खोलने की घोषणा नहीं है। युवाओं के प्रति सरकार का कोई नया रोजगार के मानक तैयार नहीं है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई नया नहीं दिखाई पड़ता है , राज्य के प्रगति पर विराम सा लगा दिया है इस बार की बजट।

## लोकसभा चुनाव को लेकर चांडिल एसडीएम ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल कार्यालय परिसर में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो एवं चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील राजवार द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से चूनाव सम्पन्न कराने के लिए नये प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, पुलिस निरीक्षक, एवं थाना प्रभारी के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिया। दोनों पदाधिकारी ने आज से ही चेक नाका लगाकर बस, कार, मोटरसाइकिल की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही जमशेदपुर, रांची, सीमावर्ती क्षेत्र पर कड़ी नजर रखने को कहा गया।

## 116 गांव के विस्थापितों का पुनर्वास व घोड़ानेगी के रैयतों के मुआवजा को लेकर मंत्री बसंत सोरेन से मिली विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** झारखंड विधानसभा परिसर में मंगलवार को ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने जल संसाधन मंत्री बसंत सोरेन से मुलाकात कर तीन मांग पत्र सौंपा। इस दौरान विधायक सविता महतो ने चांडिल डैम से विस्थापित 116 गांव के विस्थापितों का पुनर्वास एवं अन्य सभी सुविधा मुहैया कराने, डैम का जलस्तर आर एल 180 मीटर तक ही भंडारण की मांग की। साथ ही विधायक ने घोड़ानेगी के रैयतदारों की जमीन जो विगत 40 वर्षो पूर्व लिया गया था, जिसका मुआवजा



करीब 24. 50 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं हुआ है रैयतदारों को मुआवजा भुगतान हेतु राशि उपलब्ध करने व ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के लिए मैसाड़ा गांव चांडिल डैम से नहर होते हुए 15 किमी लिफ्ट द्वारा सिचाई, नीमडीह प्रखंड के ओड़िया गांव से 10 किमी की सिचाई लिफ्ट द्वारा एवं चांडिल प्रखंड के आमटांड नदी से कासीडीह होते हुए घाटशिला कांदरबेड़ा तक 6 किमी सिंचाई लिफ्ट इरिगेशन से करने की मांग की है। विभागीय मंत्री ने विधायक सविता महतो को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी मांगों पर अमल किया जाएगा। इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, समीर महतो, घोड़ानेगी के रैयतदार आमीन महतो, परितोष सतपति, राम प्रसाद आदित्यदेव, कमल महतो व रामपदो महतो आदि उपस्थित थे।

### ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में लिफ्ट इरीगेशन से सिंचाई का भी किया मांग

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वीमेंस यूनिवर्सिटी में युवा मतदाताओं को किया संबोधित, कहा

# चुनाव को छुट्टी का दिन नहीं पर्व का दिन समझें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीडीसी मनीष कुमार ने वीमेंस यूनिवर्सिटी के बिष्टुपुर कैंपस में कॉलेज के ईएलसी(इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब) द्वारा आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने ईएलसी सदस्यों को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत कार्ययोजना बनाकर विभिन्न गतिविधियां संचालित करने की बात कही। स्वीप के तहत कैंपस आईकन का चयन करने, स्लोगन, रंगोली, मेंहदी व हस्ताक्षर अभियान समेत अन्य गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी छात्राओं से कहा कि वे स्वयं तथा उनके सहपाठी मतदान करें, यह



सुनिश्चित करें। 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी छात्राओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और जिनको कुछ सुधार करवाना है वे फॉर्म 8 भरने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने युवाओं को मनोरंजक तरीके से कई उदाहरणों के साथ मतदान के अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए । %मेरा एक वोट नहीं देने से क्या होगा%? की सोच को पीछे छोड़ते हुए वोट नहीं दिया तो क्या किया ? की सोच को युवा अपनायें। चुनाव को छुट्टी का दिन नहीं बल्कि पर्व का दिन समझें, अपना प्रतिनिधि चुनने में अग्रणी भूमिका निभायें तथा सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के ईएलसी की नोडल प्रोफेसर डॉ सोनाली सिंह, डॉ किश्वर आरा, अमित गुंजन तथा ईएलसी क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बोड़ाम के दामोदरपुर में भरत-खिरोद मेमोरियल ट्रॉफी-2024 आयोजित

# कृष्णा स्पोर्टिंग को टॉस में हराकर एएससीएनजीएस बनी चैंपियन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के दामोदरपुर फुटबॉल मैदान में मगंलवार को रीयल ब्लास्टर क्लब, दामोदरपुर की ओर से एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 16 टीमों के बीच आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच कृष्णा स्पोर्टिंग और एएससीएनजीएस फुटबॉल टीम के बीच खेला गया।फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा, निर्धारित समय में दोनों टीमें बराबर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में भी दिनों टीमें बराबर होने पर टॉस का सहारा लिया गया जिसमें एएससीएनजीएस फुटबॉल टीम विजेता बनीं। विजेता टीम को 30,000 और एक ट्रॉफी , उपविजेता को 20, 000 और एक ट्रॉफी, तृतीय एनकेएस हंटर और चतुर्थ अभि स्पोर्टिंग को 10-10 हजार रुपए और एक- एक ट्रॉफी देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया । मैन ऑफ द टूर्नामेंट और फाइनल का मैन ऑफ द मैच के रूप में मधु सरदार को एक साईकिल और एक ट्रॉफी, बेस्ट गोलकीपर देवेन महतो को एक ट्रॉफी, बेस्ट डिफेंडर मनोज महतो को 501 रुपये और बेस्ट मिड फील्डर लाल सिंह को एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, विशिष्ट अतिथियों में बिमल बैठा, सांसद प्रतिनिधि शिवचरण सिंह सरदार, भाजपा के बोड़ाम मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी, आदि थे।

## कालीमाटी एकादश व दलमा एकादश लगातार दूसरी जीत के साथ पहुंचे सेमीफाइनल में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वावधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट 2024 के ड्यूज बॉल टूर्नामेंट में कालीमाटी एकादश ने खरकई एकादश को और दलमा एकादश ने डिमना एकादश को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। टेल्को ग्राउंड में खेले गए पहले मैच में कालीमाटी एकादश ने खरकई एकादश को सात विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए खरकई एकादश ने 15 ओवर में पांच विकेट पर 115 रन बनाए। कुवंर हेंब्रम ने 39 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्के की मदद से 51 रनों की पारी खेली। रणधीर ने 41 गेंदो पर 41 रन चार चौके की मदद से बनाए। अमित ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कालीमाटी एकादश ने 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 119 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच जयप्रकाश राय ने 40 गेंदो पर 39 रन, मुरारी ने 21 गेंदो पर 22 रन, अमित ने 16 गेंदो पर एक चौका और छक्का की मदद से 20 रन और श्याम ने तीन गेंदो पर एक चौका और एक छक्का की मदद से 11 रन जोड़े और वकील ने 5 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। रणधीर ने दो और राघवेंद्र ने एक विकेट लिया। मंगलवार को खेले गए दूसरे मैच में दलमा एकादश ने डिमना एकादश को नौ विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए डिमना एकादश ने 15 ओवर में सात विकेट पर 95 रन बनाए। अभिजीत चौधरी ने 17 गेंदो पर दो चौके की मदद से 19 रन, नीरज सिंह ने 28 गेंदो पर 28 रन दो छक्के की मदद से बनाए। ललित ने दो विकेट लिए। प्रसेनजीत, अभिषेक और प्रभात के खाते में एक-एक विकेट गया। दलमा एकादश ने 11.4 ओवर में एक विकेट पर 97 रन बनाकर मैच जीत लिया। अमजद ने 14, शेखर सुमन ने 32 (31), अभिषेक ने 14(9) रन एक चौका और एक छक्का की मदद से बनाए। मैन ऑफ द मैच प्रसेनजीत ने 6 गेंदो पर दो चौके और एक छक्का की मदद से 19 रनों की नाबाद पारी खेली।



मीडिया कप क्रिकेट 2024

संपादकीय

# भटक गया है किसान आंदोलन

**पंजाब** और हरियाणा के किसाना संगठनों की ओर से आयोजित आंदोलन राह भटक गया है। किसानों के तौर-तरीके देखकर कोई भी यह नहीं कह सकता कि यह एक शांतिपूर्ण किसान आंदोलन है। जेसीबी, फोकलेन मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य प्रकार की मशीने लेकर दिल्ली कूच करने की नीयत पर संदेह उठना स्वाभाविक है। यदि किसानों को लगता है कि उनकी माँगें देशभर के किसानों हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं, तब वे जहाँ हैं, वहीं शांतिपूर्ण धरने पर क्यों नहीं बैठ जाते? शांतिपूर्ण धरने का क्या प्रभाव होता है, यह अन्ना हजारे के आंदोलन ने हम सबको बताया है। इसलिए यह भी नहीं कहा जा सकता कि शांति से अपनी बात कहनेवालों की सरकार सुनती नहीं है। लेकिन पंजाब-हरियाणा के किसान संगठनों के आंदोलन के तौर-तरीके देखकर तो यही लगता है कि उन्हें उग्र प्रदर्शन के लिए पीछे से उकसाया या समर्थन किया जा रहा है। यह आंदोलन एक तरह से राजनीति से प्रेरित और पोषित भी लगता है। अन्यथा क्या कारण था कि केन्द्र सरकार की ओर से पाँच फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के बेहतरीन प्रस्ताव को ठुकराया जाता। जिस जल्दबाजी के साथ किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के समझौते के प्रस्ताव को इनकार किया है, उस देखकर यह भी कहा जा सकता है कि प्रदर्शनकारी किसानों ने समूचे देश के किसानों का नुकसान किया है। यह उजागर तथ्य है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य का सर्वाधिक लाभ पंजाब और हरियाणा के किसान ही लेते हैं, जिन्होंने अन्य फसलों को उगाना बंद करके गेंहू और चावल की फसल पर ही खेती को केंद्रित कर दिया है। याद रखें कि इन फसलों के लिए सबसे अधिक पानी लगता है। जिन क्षेत्रों में पानी के प्राकृतिक स्रोत नहीं है और वहाँ चावल की खेती बहुतायात में की जाती है, इससे भू-जलस्तर का संकट खड़ा होने लगा है। पंजाब ही नहीं, कई अन्य राज्यों में भी खेती से जुड़ा एक बड़ा संकट गिरता भू-जलस्तर है, जिसकी वजह से सिंचाई करना मुश्किल होता जा रहा है। किसान दूसरी फसलों को उगाने के लिए प्रोत्साहित हो इसलिए ही सरकार ने दाल, मक्का और कपास सहित पाँच फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का प्रस्ताव दिया। इस प्रस्ताव से उन किसानों को भी मिलता, जहाँ पंजाब की तरह सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता नहीं है। जो भौगोलिक स्थितियों के कारण कम पानी की फसलें करने के लिए मजबूर हैं। क्या ऐसे किसानों को आर्थिक सुरक्षा नहीं मिलनी चाहिए? प्रदर्शनकारी किसानों ने सरकार के प्रस्ताव को ठुकराकर एक प्रकार से देश के बहुसंख्यक किसानों के हितों पर हमला किया है। किसानों को समझना होगा कि सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी की माँग किसी भी प्रकार से व्यवहारिक नहीं कही जा सकती है। अनेक कृषि विशेषज्ञ एवं किसान संगठनों के प्रमुख भी इस बात को कह रहे हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी से किसानों का भला नहीं होगा। बहरहाल, किसानों को अपनी माँगों एवं सरकार के प्रस्ताव पर ईमानदारी से पुनर्विचार करना चाहिए। हम सब भली प्रकार जानते हैं कि मोदी सरकार किसानों के हितों को प्राथमिकता के साथ देखती है। यह पहली सरकार है जिनसे कमजोर आयवर्ग के किसानों को सीधे आर्थिक सहायता देना प्रारंभ किया। सरकार ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए अनेक प्रयत्न किए हैं। प्रदर्शनकारी किसानों को केन्द्र सरकार के टकराने की अपेक्षा बातचीत के प्रयास अधिक करने चाहिए।

किसानों के तौर-तरीके देखकर कोई भी यह नहीं कह सकता कि यह एक शांतिपूर्ण किसान आंदोलन है। जेसीबी, फोकलेन मशीन, ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं अन्य प्रकार की मशीने लेकर दिल्ली कूच करने की नीयत पर संदेह उठना स्वाभाविक है। यदि किसानों को लगता है कि उनकी माँगें देशभर के किसानों हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं, तब वे जहाँ हैं, वहीं शांतिपूर्ण धरने पर क्यों नहीं बैठ जाते? शांतिपूर्ण धरने का क्या प्रभाव होता है, यह अन्ना हजारे के आंदोलन ने हम सबको बताया है। इसलिए यह भी नहीं कहा जा सकता कि शांति से अपनी बात कहनेवालों की सरकार सुनती नहीं है। लेकिन पंजाब-हरियाणा के किसान संगठनों के आंदोलन के तौर-तरीके देखकर तो यही लगता है कि उन्हें उग्र प्रदर्शन के लिए पीछे से उकसाया या समर्थन किया जा रहा है। यह आंदोलन एक तरह से राजनीति से प्रेरित और पोषित भी लगता है। अन्यथा क्या कारण था कि केन्द्र सरकार की ओर से पाँच फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य के बेहतरीन प्रस्ताव को ठुकराया जाता। जिस जल्दबाजी के साथ किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के समझौते के प्रस्ताव को इनकार किया है, उस देखकर यह भी कहा जा सकता है कि प्रदर्शनकारी किसानों ने समूचे देश के किसानों का नुकसान किया है।

### अमरीका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों तथा वहां काम करने वाले अन्य भारतीय युवाओं की टारगेट कीलिंग हो रही

# आचार्यों की विरासत सहेजने में नाकाम व्यवस्था

प्रताप सिंह पटियाल

**शिक्षा** एक राष्ट्र की प्रगति का प्रतीक है। यदि आप किसी देश के उन्नयन एवं अवनयन का काल जानना चाहते हैं तो इसे देश की शिक्षा के इतिहास में खोजिए।' यह कथन स्वामी विवेकानंद का था। 'जिस शिक्षा में कर्म की शक्ति नहीं, स्वतंत्र रूप से सोचने की बुद्धि नहीं, खतरा उठाने की प्रवृत्ति नहीं, वह विद्या निस्तेज है', शिक्षा के संदर्भ में यह कथन भारत के प्रख्यात विचारक 'विनोबा भावे' का था। कोई भी राष्ट्र अपनी शिक्षा, संस्कृति व परंपराओं पर गर्व महसूस करता है। हमारे मनीषियों द्वारा रचित विश्व की प्रथम पुस्तक 'ऋग्वेद' व सबसे बड़ा महाकाव्य 'महाभारत', 'रामायण', वेद, पुराण जैसे विश्व प्रसिद्ध ग्रंथ तथा शिक्षा की उत्तम प्रणाली गुरुकुल, मठ व आचार्यों के आश्रम पुष्टि करते हैं कि अनादिकाल से भारत में शिक्षा व्यवस्था का गौरव चरम पर था।

सैंकड़ों वर्ष पूर्व तक्षशिला, नालंदा, भल्लभी व सोमपुरा जैसे भारत के विश्वविद्यालयों में कई देशों के छात्रों ने शिक्षा ग्रहण की थी। मगर विडंबना है कि विश्व को ज्ञान देने वाली भारत की प्रतिभाएं तथा अभिभावक मौजूदा दौर में शिक्षा को लेकर दुश्वारियों के दौर से गुजर रहे हैं। देश की हजारों प्रतिभाएं पढ़ाई के नाम पर प्रतिवर्ष विदेशी शिक्षण संस्थानों का रुख कर रही हैं, बल्कि कई छात्र भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। भले ही भारत की करोड़ों आबादी गरीबी रेखा से नीचे बसर करने को मजबूर है, मगर विदेशों में शिक्षा हासिल करने वाले हजारों भारतीय छात्रों के अभिभावक हर वर्ष करोड़ों रुपए की महंगी फीस अदा करके अमरीका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व न्यूजीलैंड सहित कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।

देश की हजारों प्रतिभाएं पढ़ाई के नाम पर प्रतिवर्ष विदेशी शिक्षण संस्थानों का रुख कर रही हैं, बल्कि कई छात्र भारत की नागरिकता छोड़ रहे हैं। भले ही भारत की करोड़ों आबादी गरीबी रेखा से नीचे बसर करने को मजबूर है, मगर विदेशों में शिक्षा हासिल करने वाले हजारों भारतीय छात्रों के अभिभावक हर वर्ष करोड़ों रुपए की महंगी फीस अदा करके अमरीका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व न्यूजीलैंड सहित कई अन्य देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं।

अमरीका, कनाडा व ब्रिटेन शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लोकप्रिय डेस्टिनेशन बन चुके हैं, जबकि तथ्य यह है कि ये देश भारत विरोधी मनोग्रंथी का शिकार हो चुके हैं। हिंदोस्तान को अस्थिर करने वाली जिहादी ताकतों की इन देशों में खुलेआम हिमायत हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से अमरीका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों तथा वहां काम करने वाले अन्य भारतीय युवाओं की टारगेट कीलिंग हो रही है।

शिक्षा का माहौल तनाव रहित होना चाहिए, परंतु इन देशों में पढ़ाई करने वाली भारतीय प्रतिभाएं नस्लीय हिंसा के भेदभाव का शिकार होकर मानसिक तनाव से गुजर रही हैं। इसके बावजूद भारतीय



छात्रों की विदेशी शिक्षण संस्थानों की तरफ कशिश बढ़ रही है। विदेशों में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले हजारों भारतीय छात्रों के बारे में देश के लोगों को इल्म तब हुआ जब रूस-यूक्रेन की शदीद जंग में फंस चुके हिंदोस्तान के छात्रों ने खुद को बचाने की गुहार लगाई थी।

बेशक वर्तमान समय में भारत के ज्यादातर छात्र डॉक्टर बनने की चाहत में विदेशी शिक्षण संस्थानों का रुख कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि जब समस्त विश्व चिकित्सा विषय में अनजान था, उस वक्त भारतीय मनीषियों ने चिकित्सा क्षेत्र में कई गौरवमयी कीर्तिमान स्थापित कर दिए थे। ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड सहित कई अन्य देशों के शल्य चिकित्सकों को प्रशिक्षण देने के लिए 'मेलबॉर्न' के 'रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉलेज ऑफ सर्जन्स' में भारतीय महर्षि 'सुश्रुत' की प्रतिमा लगाई गई है। आचार्य सुश्रुत द्वारा संस्कृत में रचित शल्य चिकित्सा का वेद कही जाने वाली 'सुश्रुत संहिता' का अंग्रेजी में अनुवाद भी उस कालेज में सुरक्षित रखा गया है। सन 1767 में स्थापित 'कोलंबिया यूनिवर्सिटी इरविंग मेडिकल सेंटर' इस बात को स्वीकार कर चुका है कि शल्य चिकित्सा के जनक यानी 'फादर ऑफ सर्जरी' भारत के आचार्य सुश्रुत ही थे।

जाहिर है प्लास्टिक सर्जरी का पितामह भारत है। सैकड़ों वर्ष पूर्व भारत में शल्य चिकित्सा के कई केन्द्र स्थापित हो चुके थे जिनमें ज्यादातर हिमाचल प्रदेश में मौजूद थे। ब्रिटेन के डाक्टरों ने सर्जरी करना भारत से ही सीखा था। भारत से सर्जरी की महारत हासिल करने वाले ब्रिटेन के डॉक्टरों ने अपने मुल्क में जाकर 'फेलो ऑफ दि रॉयल सोसायटी ऑफ लंदन' नामक संस्था की स्थापना भी की थी। अमरीका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड जैसे देश भारत के महान शल्य चिकित्सक आचार्य सुश्रुत की महिमा व महानता को स्वीकार कर चुके हैं कि विश्व में सम्पूर्ण शल्य चिकित्सा की नींव आचार्य सुश्रुत ने ही रखी थी। पशु चिकित्सा पर आधारित विश्व के प्रथम ग्रंथ 'शालिहोत्र संहिता' की रचना महर्षि शालिहोत्र ने हजारों वर्ष पूर्व इसी भारतभूमि पर की थी।

घोड़ों के प्रजनन के विशेषज्ञ शालिहोत्र ऋषि द्वारा रचित 'हया आयुर्वेद', 'अश्वपरास्ना' तथा 'अश्वलक्षण' जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथों का कई भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। सर्जरी के पितामह आचार्य सुश्रुत, तक्षशिला विश्वविद्यालय के छात्र रहे महान आयुर्वेदाचार्य 'जीवक कुमार भच्च', आयुर्वेद के मर्मज्ञ ऋषि 'पुनर्वसु आत्रेय' व उनके शिष्य आयुर्वेदाचार्य 'अग्निवेश' जतूकर्ण, भेलाचार्य तथा हाथियों के प्रबंधन व उपचार पर शोध करने वाले 'गजशास्त्र' के रचयिता 'पालकाप्य मुनि' व शालिहोत्र जैसे आचार्यों की वैज्ञानिक सोच व चिकित्सा क्षेत्र में योगदान की अमूल्य ज्ञान संपदा को समझने के प्रयास पूरी शिद्दत से नहीं हुए।

भारत की प्राचीन पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद का डंका पूरे विश्व में बज रहा है, मगर मेडिकल विषय के छात्रों के लिए आयुर्वेद के विशारद व 'फादर ऑफ इंडियन मेडिसन' 'महर्षि चरक' के नाम की शपथ लेने पर देश की सियासी हरारत बढ़ जाती है। यदि दुनिया को शल्य चिकित्सा व आयुर्वेद का ज्ञान देने वाले 'विश्व गुरु' भारतवर्ष की प्रतिभाएं मेडिकल विषय की शिक्षा के लिए विदेशों में भटक रही हैं तो मतलब साफ है कि देश की शिक्षा व्यवस्था आचार्य सुश्रुत व महर्षि चरक तथा शालिहोत्र जैसे विद्वान आचार्यों की चिकित्सा की गौरवशाली ज्ञान विरासत को सहजने में नाकाम रही है।

विदेशी शिक्षण संस्थानों का अर्थतंत्र भारतीय छात्रों की महंगी फीस पर निर्भर है। चिकित्सा की बेहद महंगी शिक्षा ही चिकित्सा क्षेत्र में महंगे ईलाज का कारण बनी। नतीजतन निजी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा तथा निजी अस्पतालों में चिकित्सा आम लोगों की पहुंच से दूर हो चुकी है।

दृष्टि कोण

# स्वस्थ लोकतंत्र और सुशासन के लिए निष्पक्ष और स्वतंत्र निर्वाचन आयोग जरूरी

**ठीक** 18वीं लोकसभा के चुनाव से पहले भारत निर्वाचन अयोग की निष्पक्षता फिर चर्चा में आ गई है। चर्चा का विषय निर्वाचन आयुक्तों के चयन से शुरू हो कर अब चुनावी बॉड पर टिक गया है। केन्द्र सरकार ने चुनाव सुधार की प्रकृया में जिस चुनावी बॉड व्यवस्था को शुरू किया था उसे सर्वोच्च न्यायलय ने असंवैधानिक घोषित कर दिया। इससे पहले मार्च 2023 में सर्वोच्च न्यायलय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता एक चयन समिति के गठन का अदेश पारित किया था जिसमें प्रधान न्यायाधीश के प्रतिनिधि समेत लोकसभा अध्यक्ष, लोकसभा में प्रतिपक्ष या सबसे बड़े दल नेता ने शामिल होना था। अदालती आदेश के क्रम में चयन समिति का कानून सरकार ने संसद से पास करा लिया है जिसमें प्रधान न्यायाधीश के स्थान पर प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केन्द्रीय मंत्री को सदस्य बनाने का प्रावधान किया गया है।

**निर्वाचन आयुक्तों के चयन की नई व्यवस्था :** जस्टिस के.एम. जोसेफ की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च न्यायालय की




संविधान पीठ ने 2 मार्च 2023 को कुछ याचिकाओं पर फैसला दिया था कि अब राष्ट्रपति द्वारा निर्वाचन आयोग के मुख्य न्यायाधीश समेत आयुक्तों की नियुक्ति एक कमटी की सिफारिश पर की जाएगी जिसमें प्रधानमंत्री के अलावा प्रधान न्यायाधीश, प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता और स्पीकर शामिल होंगे। आदालत का यह आदेश इस दिशा में नया कानून पास होने तक लागू रहना था, क्योंकि कानून बनाने का दायित्व अदालत का नहीं बल्कि संसद का है। इस दिशा में केन्द्र सरकार ने संसद से नया कानून पास करा दिया है। अब संसद द्वारा पारित मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 7 में प्रावधान किया गया है कि- ''मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति एक चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। समिति में (ए) प्रधान मंत्री - अध्यक्ष (बी) लोक सभा में विपक्ष के नेता - सदस्य (सी) प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री - सदस्य होंगे। हालांकि इस कानून को चुनौती देते हुए इस पर रोक लगाने की मांग एडीआर नाम के एनजीओ ने सर्वोच्च न्यायालय से की थी जिस अदालत ने खरिज कर दिया लेकिन याचिका पर केन्द्र सरकार को नोटिस भी जारी कर दिया। अब इस मामले में अगली सुनवाई अप्रैल में होनी है।

**सात दशक बाद भी सुधार की प्रक्रिया अधूरी :** चुनाव सुधारों की प्रक्रिया 1951 से ही शुरू हो गई थी। इसी क्रम में आयोग को निष्पक्ष बनाने एवं चुनाव में धनबल, बाहुबल जैसे अनुचित माध्यमों का इस्तेमाल रोकने के लिए 1974 में तारकुण्डे समिति से लेकर 2010 में तनखा समिति तक 8 के करीब समितियों का गठन हो चुका है। सभी ने निर्वाचन प्रक्रिया में शुचिता के लिए कई सुझाव दिए जिन पर कार्यवाही भी हुई। जैसे इलेक्शन पीटीसन के लिए ट्रिब्यूनल में जाने के बजाय हाइकोर्ट में जाना, मतदान की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करना, ईवीएम मशीनों का प्रयोग, मतदाता पहचान-पत्रों का चलन, दो से अधिक क्षेत्रों से चुनाव लड़ने पर रोक, मतदान कर्मियों को सीधे निर्वाचन आयोग के अधीन करना, चुनाव खर्च की सीमा तय करना और मतदान समाप्त होने से आधे घण्टे पहले तक एक्जिट पोल पर रोक आदि शामिल हैं। पहले एक सदस्यीय आयोग होता था। अब दो अन्य आयुक्त भी आयोग में शामिल कर लिए गए हैं। लेकिन आयोग में सुधार के लिए जो सिफारिशें की गई थीं उन पर कार्यवाही नहीं हुई। आयोग में दो अतिरिक्त आयुक्तों की पहली बार नियुक्ति 16 अक्टूबर 1989 को हुई थी जिनका कार्यकाल बहुत ही कम 1 जनवरी 1990 तक रहा। उसके बाद 1 अक्टूबर 1993 से नियमित रूप से केन्द्र सरकार द्वारा मुख्य आयुक्त के साथ दो अन्य आयुक्त नियुक्त किए जाने लगे।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो के हजारों कार्यकर्ता रांची हुए रवाना

## हमारे मुख्यमंत्री की जबतक रिहाई नहीं होती है तबतक जारी रहेगा आंदोलन : संजीव बेदिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** पुर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में उरीमारी के जरजरा चौक स्थित मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता झामुमो केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया के नेतृत्व में रांची के पुराने विधानसभा परिसर में होने वाले विशाल रैली में संकल्प यात्रा के तहत शामिल होने के लिए रवाना हुए।रवाना होने से पूर्व संजीव बेदिया ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने एक सोची समझी साजिश के तहत हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया है। जिसका हम सभी और हमारी पार्टी विरोध पुरजोर विरोध करती हैं। और जबतक हमारे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से नहीं छुटते है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वही इस संकल्प यात्रा में हम सभी हजारों कार्यकर्ता के साथ रांची रवाना हो रहे हैं। भाजपा द्वारा साजिश के तहत जिस तरह से हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है यह दुर्भाग्यपूर्ण है हमारी लड़ाई जारी रहेगी। वहीं झामुमो कार्यकर्ता ने एक स्वर? में नारा लगाते हुए कहा कि जेल का ताला टुटेगा, हेमंत सोरेन छुटेगा। कार्यकर्ताओ ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद, नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद, सीबू सोरेन जिन्दाबाद के नारे भी लगाए। वहीं इस संकल्प यात्रा में संजय करमाली, सोनाराम मांझी, रेशमी टुडू, बिनोद हेम्ब्रोम, शंकर साव, सुरज बेसरा, गणेश गंझू, पंकज हेम्ब्रोम, बिनोद बेदिया, दिनेश टुडू, मनोज हेम्ब्रोम, बिजय सोरेन, प्रेम सोरेन, लखन बेदिया, मिंटू बेदिया, टिकेश्वर बेदिया, सत्यनारायण बेदिया, मनोज करमाली, उमेश बेदिया, ओमप्रकाश कुमार, रामप्रसाद करमाली, रवि करमाली, सुरेश बेसरा, मुंशी करमाली, श्याम बेदिया, अशोक करमाली, सतेन्द्र यादव आदि हजारो महिलाएं व पुरुष मौजूद थे।



### आग्रगति संस्था के द्वारा बाल विवाह योन शोषण बाल तस्करी जागरूकता को लेकर एक बैठक की गई

## बाल विवाह कानून को जन-जन तक पहुंचाएं : मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा पंचायत भवन में मंगलवार को आग्रगति संस्था के द्वारा । पंचायत के PRI पीआरआई सदस्य के साथ बाल विवाह, योन शोषण, बाल तस्करी पर एक दिवसीय बैठक रखी गई इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने किया। मुख्य रूप से बैठक के दौरान बताया गया कि भारत में लड़कियों का बाल विवाह सबसे अधिक होता है लोगों को जागरूक नहीं होने के कारण दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ रही है जिससे बच्चों का बचपन छीन रहा है अगर समय रहते हम सब इसको नियंत्रणत करने में कामयाब नहीं हुए तो करोड़ों बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा मुखिया अजय पासवान ने सभी वार्ड सदस्यों एवं आंगनवाड़ी दीदी और जेएसपीएल के दीदी लोगों को स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों को चिन्हित करने की बात कही और अपने अपने वार्ड में जागरूकता करने की बात को कही। साथ ही बच्चो को चिन्हित करने की बात की। संस्था के गुड्डू सव ने बोल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार रूप से चर्चा की और सभी वार्ड पंचायत समिति एवं मुखिया से आग्रह किया कि अपने पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की हर संभव प्रयास करें उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि एवं पंचायत के ।सदस्यों ने संस्था के कार्य को सराहनीय कहा। मौके पर उपस्थित संस्था के गुड्डू साव , जितेंद्र गोप, मुखिया अजय पासवान, मौके पर उपस्थित पंचायत समिति दीपक कुमार, पूर्व पंचायत समिति रेणुका देवी,वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, प्रीति देवी, अमित पासवान, वीरेंद्र सिंह, विजय दुबे, महेश रजवार, रौशन पासवान, आंगनबाड़ी सेविका, सुमित्रा देवी, अमूल्य एक्का जेएसपीएलएस महिला समूह रूपा देवी, उर्मिला देवी, विमला देवी, पम्मी कुमारी, सरिता देवी, शिवकुमार दास, विजय पासवान, जितेंद्र कुमार साव दर्जनों लोग उपस्थित थे।



## ग्रामीणों की जन समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक ममता देवी ने बीडीओ और सीओ से की मुलाकात

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से लगातार ग्रामीणों के द्वारा मिल रही जनसमस्या के तहत् अबुआ आवास, झारखंड आंदोलनकारियों का पेंशन, राशन कार्ड,जमीन मोटेशन, छात्रों का छात्रवृत्ति सहित तरह-तरह के शिकायतें आ रही थी। इसी संबंध में मंगलवार को पूर्व विधायक ममता देवी प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ संजय कुमार शांडिल्य अंचल अधिकारी समरेश कुमार भंडारी से मुलाकात कर क्षेत्र के विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराई तथा जांच कर शीघ्र समस्याओं के निराकरण करने की बात कही। साथ ही झारखंड आंदोलनकारी में हुप्पू पंचायत के पुर्व सरपंच जीतवाहन महतो का पेंशन लिस्ट में नाम होने के बावजूद पेंशन नही मिल रहा था जिसको लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा की जल्द ही इसपर त्वरित काम किया जाएगा। मौके पर बिस सुत्री अध्यक्ष राम विनय महतो कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी प्रखंड उपाध्यक्ष मनोज कोटवार पुर्व विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार महतो सुभानी अंसारी कौसर राजा जिलेबी नायक सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## अमरावती यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र के छात्र-छात्राएं नें शैक्षणिक भ्रमण में झारखंड के कई पर्यटक स्थलों का भ्रमण किया

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमरावती युनिवर्सिटी से आए छात्रों ने बीरसा मुंडा म्युजियम समेत कई अन्य जगहों का किया भ्रमण ।संत गाडगे बाबा अमरावती युनिवर्सिटी महाराष्ट्र के शारीरिक शिक्षण विभाग के 30 छात्रों समेत शिक्षक शैक्षिक भ्रमण के लिए रांची आऐ है । छात्रों का शैक्षिक भ्रमण 10 दिनों के लिए देश के विभिन्न राज्यों का भ्रमण कार्यक्रम चल रहा है । इसी दौरान शुक्रवार को रांची भी पहुंचे थे छोटा ने जेल मोड स्थित बीरसा मुंडा म्युजियम का लुत्फ उठाया । झारखंड के रामगढ़ जिला अंतर्गत पिकनिक स्पॉट पतरातू घाटी , पतरातू डेम में नौका विहार का लुत्त उठाया । रात्री विश्राम में झारखंड पब्लिक स्कूल मनातु में बच्चों को अलग - अलग मनोरंजन खेल खेलने का गुर सिखाया । झारखंड का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल राजरप्पा मंदिर पहुंच मां भगवती का दर्शन किया , लौटते समय न्यू स्वर्ण रेखा पब्लिक स्कूल गुडु में बच्चों के साथ मनोरंजन खेल कार्यक्रम किया। रविवार को हुंडरू फोल और गेतलसूद डेम का मनमोहक दिर्श का लुत्फ उठाया । इस अवसर पर शारीरिक शिक्षण विभाग प्रमुख डॉ तनुजा एस राउत , सौरव त्रिपाठी , सबिता वामन खेडे , छात्रों में प्रकाश कुमार , हर्ष दीप लोतरा , कुनाल जोत,अनुराग ,अनामत ,अभीजत ,मनदार, क्रांति वीर, राजेश कुमार ,पवन ,धर्मेंद्र ,अनिल ,मोती ,सूरज ,कुंदन ,सूरज ,दावा , रमेश कुमार महतो , पैमा, रफीक, कनिका , माधुरी ,स्वाति ,प्रणाली हिमांशु आदि थे ।



## मुक्त स्वास्थ जांच शिविर कैंप का आयोजन किया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भुरकुंडा पंचायत भवन प्रांगण में पारस एच ई सी अस्पताल रांची एवं भुरकुंडा पंचायत मुखिया अजय पासवान के सहयोग से मंगलवार को मुक्त स्वास्थ जांच शिविर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें पारस हॉस्पिटल रांची के एमबीबीएस डॉ.उमेश मैनेजर जितेंद्र कुमार, नर्स संगीता कुमारी हाउसकीपर शंकर कुमार के द्वारा 95 लोगों को बीपी सुगर आरबीएस ईसीजी पल्स रेट तथा वजन एसपीओ जॉच किया गया एवं सभी को चिकित्सा परमर्श दिया गया मौके पर उपस्थित भुरकुंडा पंचायत मुखिया अजय पासवान,पंचायत समिति दीपक कुमार, पूर्व पंचायत समिति रेणुका देवी,वार्ड सदस्य पुष्पा देवी, प्रीति देवी, अमित पासवान, वीरेंद्र सिंह, विजय दुबे, महेश रजवार, रौशन पासवान, आंगनबाड़ी सेविका, सुमित्रा देवी, अमूल्य एक्का जेएसपीएलएस महिला समूह रूपा देवी, उर्मिला देवी, विमला देवी, पम्मी कुमारी, सरिता देवी, आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।



**संक्षिप्त खबरें**

### कोयला साइडिंग से बढ़ते प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगडा ग्राम के ग्रामीणों ने रेलवे कोयला साइडिंग एवं बायपास सड़क से बढ़ते प्रदूषण से हो रही परेशानी एव बीमारियों से लातेहार उपायुक्त को आवेदन लिखकर अवगत कराया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने दिए आवेदन में कहा है कि टोरी से शिवपुर रेलखंड में आने वाले शेरेगड़ा पंचायत स्तिथ बुकरु कोयला साइडिंग एवं बाईपास सड़क से उड़ते धूलकण से हम सभी ग्रामीण परेशान हैं। रैयती एवं गैरमजरूआ जमीन पर लगे पेड़ पौधे का मुआवजा रेलवे द्वारा नहीं दिया गया है। फिलहाल रेलवे द्वारा बिना ग्राम सभा किये थर्ड लाइन का कार्य किया जा रहा है। उड़ते धूलकण से फसल, हवा, पानी दूषित हो रहे हैं। जिसकी चपेट में यहां के ग्रामीण बीमार पड़ रहे है। बाईपास सड़क से प्रतिदिन हजारों कोयला गाड़ियां चलती है। जिससे धूलकण उड़ते रहता है ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा जल का छिड़काव भी नहीं किया जाता है।

**घर से लापता बच्चा का मिला शव**

## हत्या या दुर्घटना संस्य में परिजन, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र से लापता हुए एक बच्चे की परिजनों ने पुलिस स्टेशन लावालौंग में शिकायत दर्ज करवाई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र का एक 8 वर्षीय लड़का अभिनंदन कुमार पिता सिकंदर साव बीते 26 फरवरी से अपने घर से लापता था। परिजनों के अनुशार सब रिश्तेदारों से भी पूछा गया लेकिन लापता लड़के का कोई सुराग नहीं मिला था, परिजनों ने सोशल मीडिया के माध्यम से लापता लड़का की खोज की गुहार लगाई थी इसी बीच शव मिलने के बाद लावालौंग में शोक की लहर में डूबे है लोग। **जाने क्या बोले थाना प्रभारी** : रूपेश कुमार ने बताए की घर के पीछे की कुआ से शव मिला है, परिजन के आवेदन पर जांच कर करवाई की जायेगी।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अबुआ आवास, स्वास्थ्य, धान अधिप्राप्ति का राशि भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्यादान योजना से संबंध मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदन का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

### मनरेगा के वितीय वर्ष 20-21 एवं 21-22 में संपन्न सामाजिक अंकेक्षण का जिला स्तरीय सुनवाई कार्यक्रम संपन्न



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला खनिज निधि एवं कौशल प्रशिक्षण केंद्र में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 20-21 एवं 21-22 में संपन्न सामाजिक अंकेक्षण का जिला स्तरीय सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में प्रखंडवार मामलों को जिले के जिला श्रोत व्यक्ति नवीन कुमार गौतम के द्वारा एक एक कर सभी मामलों को जूरी के समक्ष रखा गया। जिसमें अनुशासनात्मक दंडात्मक एवं योजना धरातल पर नहीं होने के मामले में व प्राक्कलन से अधिक निकासी के मामले में संबंधित से राशि की वसूली करने का निर्देश दिया गया। कार्य करने के दौरान जिस मजदूरों की मृत्यु हुई है उसके परिजन को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया है। मुख्य रूप से जूरी के रूप में उपायुक्त अबु इमरान, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, सोशल ऑडिट यूनिट झारखंड से मनोनीत सदस्य, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, डीआरडीए डायरेक्टर, सभी प्रखंड के कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### भाजपाइयों ने युवा प्रदेश अध्यक्ष का किया भव्य तरीके से स्वागत



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत बारीसाखी के चतरा हजारीबाग मुख्य पथ अंतर्गत पांडे महुआ चौक में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुसांत राज को भव्य तरीके से फूल माला पहनाकर व गुलदस्ता देकर युवा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जहां काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे। सौरभ सुमन प्रेमजीत पांडेय विपिन रजक अवधेश सिंह आदित्य कुमार कृष्णा सोनी अनिल सिंह अभिषेक कुमार ओबीसी मोर्चा के उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी शंकर साहू प्रकाश कुमार मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस बीपीएम ने की कर्मियों के साथ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर में स्थित जेएसएलपीएस के बीपीएम केदार प्रजापति ने कर्मियों के साथ मंगलवार को बैठक किया। जहां महीने भर के कार्यों का जानकारी लिए।एवं समूह से जुड़े महिलाओं के बीच कई प्रकार की कार्यों में तेजी लाने की बात कही। बताते चलें की कृषक सखी पशु सखी एवं समूह में लोन लेकर आजीविका उपार्जन कर रहे महिलाओं का जानकारी लेने की बात कहीं।साथ ही साथ हर संभव महिलाओं की मदद करने की बात कही है।मौके पर उपस्थित एफटीसी अनिल प्रजापति आरपी सुनीता देवी सीसी जितेंद्र कुमार सिंह निशांत कुमार सावित्री देवी कंप्यूटर ऑपरेटर अमरजीत सिंह सेजल कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

**जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप ने क्षेत्र का किया भ्रमण**

## किसी तरह की परेशानी पर हर संभव मदद के लिए लोगों को दिया अश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** चतरा के जाने माने बहुचर्चित जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस के सिपाही चन्द्रदेव गोप सिमरिया क्षेत्र का औचक भृमण किया। भृमण में सिमरिया, डाड़ी, जांगी आदि पंचायतों के कई गांव शामिल है। भृमण कर जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चन्द्रदेव गोप ने बताया कि क्षेत्र वासियों को जिला में किसी तरह का काम को लेकर परेशानी होती है तो हमें याद करे हम हमेशा उनके कार्य कराने के लिए तत्पर हैं। गांव ग्रामीण के लोग भोले भाले होने के कारण उनका काम आसानी से लोग नहीं करते हैं। जिससे उन्हें काफी दौड़ना या परेशान होना पड़ता है। एक दिन का कार्य कई दिन लग जाता है वैसे में आर्थिक से लेकर बहुमूल्य समय का दोहन होता है। वैसी परिस्थिति में मुझे लोग याद करे हम हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

### मधुमक्खियां के आतंक से आधा दर्जन बच्चे घायल

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत के रुपिन के सिधवाटांड़ में मधुमक्खियां के हमले से मंगलवार को आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चे को स्थानीय क्लीनिक में इलाज कराया गया। इस दौरान बताया गया कि बच्चे गांव के आसपास सिधवा टांड़ में खेल रहे थे। अचानक मधुमक्खियां ने बच्चों पर हमला कर दिया। वहीं ग्रामीणों ने बच्चों को उठाकर घर लाया।जहां स्थानीय क्लीनिक में इलाज कराया गया।

### टेनिस प्रतियोगिता में 214 बटालियन को हराकर 11 बटालियन ने कराई जीत दर्ज



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 11 वीं वाहिनी, सीआरपीएफ के द्वारा परिचालनिक रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी टेनिस प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें 11 वीं वाहिनी ने जीत दर्ज किया। पंकज कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, सी0आर0पी0एफ0 पलामू रेंज के दिशा-निर्देश के उपरान्त दिनांक 27 फरवरी 2024 को 11वीं बटालियन सीआरपीएफ कमाण्डेन्ट वेद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी टेनिस प्रतियोगिता का समापन किया गया। इसी कड़ी में 11 बटालियन द्वारा किनामाड़ कैम्प, लातेहार में दो दिवसीय टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा था। जिसमें पलामू रेंज कि 04 बटालियन (11,112,172 एवं 214 बटा0) भाग ले रही थी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच में 11 वीं बटालियन और 214 वीं बटालियन के बीच खेला गया। जिसमें 11 वीं बटालियन ने 6-0, 6-0 से मैच में जीत दर्ज की।रेंज स्तरीय अंतर वाहिनी टेनिस प्रतियोगिता के समापन समारोह में विनोद कुमार कनौजिया, द्वितीय कमान अधिकारी, प्रणव आनन्द झा, उप कमाण्डेन्ट, सुबेदार मेजर राजा सिहं तोमर, निरीक्षक जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, रमाकांत सिंह, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह और बटालियन के जवान उपस्थित थे।

### मोरवाईकला पंचायत के कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत मोरवाईकला के खुटी टोला के कई लोगों ने बरवाडीह मंडल के किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा। जहां यादव ने बताया कि क्षेत्र के अन्य और ग्रामीण है जो हमारे संपर्क में है समय आने पर उन्हें भी भाजपा में शामिल किया जाएगा। मंगलवार को भाजपा में शामिल होने वालों में सुखारी सिंह,चरकु राम,खखनु सिंह, कन्हाई राम मिन्टू सिंह,सुकन राम बुधनी देवी,छोटू कुमार, उमेश राम, राकेश कुमार, रविन्द्र कुमार, कुंदन कुमार, सतेन्द्र राम, खुशबू देवी, शारदा देवी, संगीता देवी, सुनिता देवी, प्रमिला देवी समेत कई लोग हैं।

## उप विकास आयुक्त ने की वाहन कोषांग की समीक्षात्मक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर गठित वाहन कोषांग की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें मतदान कर्मियों को केंद्रों तक पहुंचाने के लिए वाहनों की आवश्यक्ता पर चर्चा की गई। वाहन कोषांग की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने प्रभारी पदाधिकारी वाहन कोषांग सह जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार से वाहनों की उपलब्धता एवं आकलन की जानकारी लेते हुए वाहन उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पोलिंग के दिन से पहले सारी तैयारियां पूर्ण कर लें। सारी पोलिंग पार्टी को सामग्री उपलब्ध कराते हुए उन्हें मतदान केंद्र भेजने की सारी व्यवस्था सुनिश्चित करें।आगामी चुनाव के संचालन को लेकर पूरी तैयारियों सहित सुरक्षा के साथ-साथ आवागमन के विभिन्न पहलुओं पर उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत रूप से समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में वाहन कोषांग में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### विधायक रामचंद्र सिंह ने सदन में रखा अहम सवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने मंगलवार को विधानसभा सत्र में शून्यकाल के दौरान सदन के सामने महत्वपूर्ण सवालों को रखा है। जहां उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में शिक्षकों के कमी की वजह से गरीब छात्र छात्राओं के पठन पाठन कार्य बुरी तरह से प्रभावित होने की बात को रखते हुए शिक्षकों की नियुक्ति पर जवाब मांगा है। वहीं इस संबंध में सदन द्वारा बताया गया कि लातेहार जिले में सरकारी विद्यालयों की कोटी माध्यमिक प्लस 2 माध्यमिक के कुल पदों की संख्या 735 और 197 है । जहां वर्तमान में कुल कार्यरत पदों की संख्या 417 और 54 है । वहीं कुल रिक्त पदों की संख्या 318 और 143 है मतलब कि माध्यमिक में 43 प्रतिशत और प्लस 2 माध्यमिक में लगभग 73 प्रतिशत शिक्षकों की कमी है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।सदन ने बताया कि स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक कुल 17786 पद पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था जिसमें लगभग 12809 शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। वहीं स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के कुल 3120 पदों पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों को चयनित करने की कार्रवाई झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में प्रक्रियाधीन है। सम्मानित विधायक द्वारा सवाल रखते हुए कहा गया कि वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के घर मकान फसल भण्डारित अनाज का जंगली जानवरों द्वारा की गई क्षति का क्षतिपूर्ति /मुआवजा के आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है जिससे पीड़ित पार्थी को सत्यापन की प्रक्रिया काफी जटिल हो जाने पर कई पीड़ित किसान मुआवजा से वंचित हो जा रहे हैं।

### नल जल योजना में लुट के लिए लातेहार कार्यपालक अभियंता जिम्मेवार : रवि डे



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाजसेवी सह झाविस नेता रवि कुमार डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि सरकार कि महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना का कार्य को प्राक्कलन राशि का 30 से 40 प्रतिशत में किसी तरह से पुरा कराकर 60 से 70 प्रतिशत राशि का बंदरबांट, पूरे लातेहार जिले में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो के देखरेख में संपन्न हो रहा है। आगे विज्ञप्ति में यह भी लिखा है कि इस महत्वपूर्ण योजना को पूरी तरह से जिले में महतो ने फेल करवा दिया है, कहीं से मामला आने पर देख रहा हूं, देखता हूं, जाँच करवाता हूं, कहकर टाइम पास करते हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मंत्री मिथलेश ठाकुर भी रहस्यमयी ढंग से चुप्पी साधे हुए हैं।कुल मिलाकर केन्द्र सरकार के पैसे में भारी लुट मची हुई है। आम जनता में इस बात को लेकर विभाग के विरुद्ध भारी आक्रोश है तथा बेरहमी से लुट मचाकर जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।यदि लातेहार जिले में गहन और निष्पक्ष जांच करवाई जाए तो कार्यपालक अभियन्ता समेत कई अधिकारी के उपर भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई अवश्य हो सकती है।

## जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने कार्यालय में पत्रकारों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों के साथ एक बैठक की।इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के साथ परिचय प्राप्त किया।उन्होंने बैठक के दौरान पत्रकारों की समस्याएं और सुविधाओं को लेकर चर्चा की। डॉ चंदन ने कहा की सामूहिक सहयोग से इस दिशा मे सार्थक पहल के लिए रणनीति तय की जाएगी।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की जो भी दायित्व है।उसे आम जनता तक पहुंचना और जनता की समस्याओं को प्रेस के माध्यम से प्रशासन तक पहुंचना है।ताकि समुचित समाधान की दिशा में सामूहिक प्रयास हो सके। आगे उन्होंने कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव होना है।चुनाव सफललता पूर्वक संपन्न हो 80 फीसदी मतदान हो। कार्यक्रम के अंत में पौधा रोपण किया गया। इस दौरान डॉ चन्दन ने कहा कि हर व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए अद्भुत कार्य है पौधा लगाना, पौधे को सींचना जीवन को सींचने से कम नहीं वृक्ष है तो हम हैं।मौके पर सूचना जनसंपर्क विभाग के सुधा राज योगेश प्रसाद मनीष सिन्हा राम कुमार नीरज सिन्हा विवेक सिन्हा पंकज गुप्ता संजय प्रजापति राजेश प्रसाद रूपेश अग्रवाल विकास तिवारी विक्रम कुमार समेत अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों के प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी के नेतृत्व में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लातेहार के निर्देशानुसार, मतदान कर्मीयों का प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित मतदान कर्मीयों को वीवी पैट, मशीन, मतदाता सुची,मॉक पोल, पोलिंग एजेंट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रथम तथा द्वितीय पाली मे कुल 293 मतदान कर्मीयों को मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। । प्रथम पाली में कुल 91 मतदान कर्मीयों का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें अंचल से 09 कर्मी, प्रखंड से 35,प्रखंड संसाधन केन्द्र से 09 व 38 सरकारी शिक्षक को मास्टर ट्रेनर जयप्रकाश कुमार, उत्तम कुमार, अमीत कुमार पांडे, राकेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षण दिया। वहीं द्वितीय पाली में 46 सरकारी शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर जयप्रकाश प्रसाद, मो महताब, महेंद्र प्रजापति व उमेश कुमार सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने आगे बताया कि 28 फरवरी दिन बुधवार को भी दो पाली में कुल 156 सहायक अध्यापक मतदान कर्मीयों को प्रशिक्षण दिया जाना है। मौके पर कई मतदान कर्मी उपस्थित थे।

### जलसा दस्तारबंदी व पयामें इंसानियत कॉन्फ्रेंस का आयोजन

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ चांदनी मोहल्ला में सोमवार की देर रात जलसा दस्तार बंदी व पयामें इंसानियत कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल्लाह सलीम कमर चतुर्वेदी दिल्ली ने कहा कि कुरआन ऐसा किताब है जो लोगों को इंसानियत का संदेश देता है जिसके दिल में कुरान का इल्म है वह कभी भी गलत नहीं कर सकता। उन्होंने तालीम (शिक्षा) पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग तालीमें इल्म हैं वह देश को अमन चैन में रहने की नसीहत देते हैं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने बच्चों को तालीम जरूर करावे। वही मौलाना मुफ्ती सोहराब आलम नदवी इमारत सरिया फुलवारी शरीफ पटना ने कहा कि दहेज लेना और देना दोनों इस्लाम धर्म में हराम है। हम लोग बारात जाते हैं और उसमें लड़का पक्ष द्वारा दावत दी जाती है और खाना लड़की पक्ष के यहाँ खाते हैं वह खाना भी गलत है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की आवश्यक बैठक संपन्न




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा की बैठक कार्यालय में संपन्न हुई ।जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर लखन मिश्रा ने की ।बैठक में एक्यूप्रेशर को घर-घर पहुंचने 2024 एवं 25 के लिए एक्यूप्रेशर का झारखंड हेतु विभिन्न स्थानों पर कैंप, मेला और ट्रेनिंग की संपूर्ण झारखंड में व्यवस्था करने पर चर्चा की गई। इसी कड़ी में खूंटी में एक्यूप्रेशर सेंटर ,लातेहार, गुमला ,लोहरदगा रामगढ़ ,गोला में बहुत जल्द एक्यूप्रेशर ट्रेनिंग ट्रीटमेंट एंड रिसर्च सेंटर का स्थापना परिषद के द्वारा किया जाएगा ।आयकर की धारा जी 80 के तहत परिषद को सहयोग करने के लिए आम जनता से संपर्क करने का निर्णय लिया गया ।एक्यूप्रेशर को गांव-गांव प्राइमरी ,मिडिल ,हाई स्कूल से लेकर यूनिवर्सिटी तक के बच्चों के लिए विशेष कोर्स की व्यवस्था एक्यूप्रेशर परिषद में की जाएगी ।पढ़े लिखे अनपढ़ों के लिए भी एक्यूप्रेशर की ट्रेनिंग दी जाएगी ।इसके लिए सिलेबस एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा तैयार की जा रही है इस बैठक में झारखंड के 24 जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे ।साथ ही साथ एक्यूप्रेशर परिषद ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायत में एक्यूप्रेशर सेवा केंद्र शीघ्र चालू करेगी ।उपरोक्त जानकारी एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने दिया ।डॉक्टर पांडे ने बताया कि एक्यूप्रेशर के द्वारा जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज सुलभ है ना इसमें अधिक पैसे की जरूरत है ना टेस्ट की जरूरत है और ना ही महंगी दवाइयां की जरूरत है फिर भी जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के द्वारा एक्यूप्रेशर की उपेक्षा की जा रही है, हमारे पड़ोसी राज में एक्यूप्रेशर की बहाली सरकार के द्वारा पंचायत लेवल पर हो गई लेकिन हमारा झारखंड में अभी तक कहीं भी एक्यूप्रेशर प्राकृतिक चिकित्सा के के ऊपर काम नहीं किया गया है ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ ललित कुमारी कार्यक्रम का संचालन डॉ नरेश महतो ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर बलराम महतो ,रुकमणी कुमारी ,सरस्वती कुमारी ,लफन कुमारी, चौधरी पूजाकुमारी लापन कुमारी ,प्रीति कुमारी का बहुत ही बड़ा योगदान रहा।

### सांसद ने 56 लाख की लागत से बनने वाले चार कमरे का किया शिलान्यास



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार देर शाम सांसद संजय सेठ ने कुटाम, मुरी स्थित भक्ति वेदांत गुरूकुल में चार कमरे का शिलान्यास विधिवत पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर किया ।मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि गुरूकुल में सीसीएल के सीएसआर फंड के तहत 56 लाख की लागत से चार कमरे का निर्माण कराया जाएगा। कमरे के निर्माण होने से कमरे की जो कमी थी वो पूरी हो सकेगी ।गुरूकूल से मेरा अन्याश्रय संबंध है जब भी आता हूं शांति की अनुभूति होती है। यहां के विकास के लिए आगे भी मैं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लूंगा। कुटाम स्थित गुरुकुल आने वाले समय में यह राज्य का सबसे बेहतरीन अध्यात्मिक केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि गुरूकुल हमारी वैदिक परम्परा है।आध्यात्मिक ज्ञान श्रेष्ठ जीवन का महत्वपूर्ण अंग है।आध्यात्मिक ज्ञान से मन को शांति मिलती है और मन स्थिर रहता है ।संसारिक सुख अशांति का कारण है।इससे मुक्ति का एक मात्र साधन परमात्मा का ध्यान है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है सैकड़ों वर्षों के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है अब मथुरा की बारी है।इससे पूर्व सांसद ने गौशाला में गौ माता की पूजा की उसके बाद आश्रम के लोगों के साथ हरिनाम संकीर्तन में खूब झूमे।कार्यक्रम के अंत में सांसद ने श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक प्रसाद ग्रहण किया।मौके पर संस्थापक दास गदाधर दास, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, मंडल अध्यक्ष विनोद साहू, चित्तरंजन महतो, मनोज महतो, सृष्टिधर प्रजापति ,प्रधान गोवर्धन मुंडा,सुबल दास, विजय दास , करूणा अवतार गौर दस, भद्रांग दास, कुरूश्रेष्ठ दास,असीम कृष्ण दास,सचिसुत दास, विश्वानाथ दास, घनश्याम दास, स्तोक कृष्ण दास, व्रजनन्द दास आदि मौजूद थे।

### तमाड़ पुलिस ने दिउड़ी पेट्रोल पंप के सामने यात्री पड़ाव से अज्ञात शव बरामद किया

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के दिउड़ी स्थित पेट्रोल पंप के ठीक सामने मामा होटल के बगल में नेशनल हाईवे-33 रांची टाटा रोड़ पर बनाए गये यात्री पड़ाव में पड़े हुए एक अज्ञात व्यक्ति का शव मंगलवार को तमाड़ पुलिस ने बरामद किया है और शव को अपने कब्जे में ले कर अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स रांची भेज दिया है।बताया जा रहा है कि गश्त पर निकले तमाड़ पुलिस को उक्त स्थान में अज्ञात शव के होने की सूचना प्राप्त हुई जिसके बाद पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और शव को बरामद किया। अब तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है मृतक ब्लू रंग की जींस,लाल और सफेद रंग की चेक शर्ट, हरे रंग की बैल्ट, मटमैले रंग के बार्डर वाली स्वेटर पहने हुए था और बैगनी रंग का शाल ओढ़े हुए था।

## स्वीप के तहत समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता ऑटो रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा ÷मतदाता जागरूकता ऑटो रैली÷ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



जागरूकता रैली के माध्यम से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को किया गया जागरूक। इस रैली में स्किल सेंटर के युवक - युवतियों ने अच्छी संख्या में भाग लिया। युवाओं ने मतदाता जागरूकता नारे लगाकर क्षेत्र के लोगों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आम जनों को क्षेत्र में मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में आवश्यक रूप से मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो तथा सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो।

## बुंडू में आजसू पार्टी ने चार सूत्री मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर प्रशासक को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू में मंगलवार को आजसू पार्टी के राँची जिला समिति वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में आजसू पार्टी नेताओं के द्वारा बुण्डु नगर प्रशासक के नाम चार सूत्री मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।जिनमें पहली मांग- पेयजल कनेक्शन में बुण्डु नगर पंचायत द्वारा 2008 मे BPL सर्वे करायें गये के आधार में निःशुल्क पेयजल कन्केशन दिया जाए।दुसरी मांग - वर्तमान में नगर पंचायत द्वारा जारी किया गया BPL लिस्ट में त्रुटियो में अविलंब संज्ञान लेकर सुधार किया जाए। तीसरी मांग - अविलंब सर्वे कराकर BPL नम्बर जारी किया जाए वहीं चौथी मांग - जब तक सर्वे नहीं होती है तो आनेवाले गर्मी को नजर में रखते हुए लाल कार्ड एवं पीला कार्ड को मान्यता देकर पेयजल कनेक्शन निःशुल्क या न्यूनतम राशि में दिया जाए। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि बुण्डु अनुमंडल पदाधिकारी,उपायुक्त राँची एवं सचिव नगर विकास को भी दिया गया।साथ ही आजसू पार्टी के द्वारा नगर पंचायत कार्यालय बुंडू और नगर पंचायत प्रशासक को BPL नम्बर जारी कर BPL परिवारों को निःशुल्क पानी का कनेक्शन दिए जाने पर धन्यवाद दिया है और आग्रह किया है कि जनहित से जुड़े इस कार्य विसंगतियों को दूर कर आमजन को परेशानीयों से बचाया जाए।मौके मुख्य रूप से आजसू पार्टी के हरिहर महतो,योगेश्वर महतो,कालीपद महतो,नन्दे महतो,मो0सेराज ,सुखसारन महतो,सचिन कुमार,सन्तोष महतो,दौलत कुमार, सुनील कुम्हार आदि मौजूद थे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर का टीआरआईएफ दिल्ली की टीम ने किया भ्रमण



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नेहालु पंचायत के रोगाडीह पतरा टोली गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मंगलवार को टीआरआईएफ दिल्ली की एक टीम ने भ्रमण किया। टीआरआईएफ के एमडी ने आरोग्य मंदिर सीएचओ और एएनएम की कार्यो एवं सेवाओ से संतुष्ट होकर प्रशंसा किया। वहीं एचडब्ल्यूसी में स्वस्थ्य सुधार,बदलाव तथा बेहतर बनाने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश व कई टिप्स दिया। मौके पर पंचायत के मुखिया विरेन्दर उरांव ने कहा कि कम संसाधन में अच्छी सेवा बहुत अच्छी बात है,भविष्य में ये केन्द्र आवश्यक संसाधन एवं सेवा से परिपूर्ण होगा। ताकि लोगों को खास कर महिलाएं एवं बच्चों को इसका लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर उप मुखिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वस्थ्य सहिया, शिक्षिका तथा महिलाएं उपस्थित सहित कई लोग थे।

## आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस का नारी न्याय महासम्मेलन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नगवां स्थित हरीजन टोला में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नारी न्याय महासम्मेलन का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष बेबी देवी ने कहा कि महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ जब भाजपा के सांसद वृजभूषन सिंह का मामला आया तब सरकार उनके साथ खड़ी




थी । मौके पर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी निसार खान ने कहा कि मणिपुर की शर्मनाक घटना पर सर्वोच्च न्यायालय का स्वतः संज्ञान लेना सरकार की नियत पर उंगली उठाता है।सम्मेलन में लोगो की वा भिन्न समस्याओं के समाधान हेतू अबुवा आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जल योजना, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लिए सैकड़ो आवेदन प्राप्त किये गए । महासम्मेलन में संगिता देवी, रेशमी देवी, रोबती देवी, किरण कुमारी, रेखा देवी, सुनिता देवी, कविता देवी, मुनिया देवी, क्रांति देवी, तारो देवी, रीता देवी, पूजा कुमारी, मनिषा देवी, अनिता देवी, सरिता देवी, धनेश्वरी देवी, सुदामा देवी, शांति मोसेमात, मुनिया मोसेमात, पूजा देवी, कौशल्या देवी, गुड़िया देवी, शोभा देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, राजवंती देवी, पार्वती देवी, तेतरी देवी, धनवा देवी, आरती देवी समेत सैकड़ो महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## अतिक्रमण के जमीन पर शौचालय बनाने का किया मांग, सीओ को दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत हजारीबाग सर्विस रोड के बगल में आम गैर मजूरवा जमीन पर अतिक्रमण कर शौचालय की टंकी एवं मार्केट के लिए सीढी बनाकर निजी उपयोग में लाने का आरोप मल्लाह टोली बरही निवासी सामाजिक कार्यकर्ता संतोष निषाद ने लगाया है। इस बाबत उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त एवं बरही अंचलाधिकारी को आवेदन देकर अतिक्रमित स्थल को अतिक्रमणमुक्त करवाकर उस स्थान पर महिला शौचालय बनाने की मांग की है। आवेदक ने बताया की सरकारी जमीन जिसकी खाता नंबर 751 प्लॉट नंबर 9156 रकबा 01 डिसमिल जमीन की जांच की गई थी। जिसमे सरकारी जमीन होने की पुष्टि अंचल कार्यालय के द्वारा की जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। समाजसेवी संतोष निषाद ने बताया की यदि खाली पड़ी जमीन का उपयोग सामाजिक हित में नहीं किया जाता है, तो उक्त जमीन को कुछ लोग निजी हित में उपयोग में लाएंगे। जबकि बरही चौक पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आवाजाही होता है। इसमें महिला यात्रियों की संख्या भी काफी रहती है। लेकिन उनके लिए बरही चौक पर महिला शौचालय नहीं है। इस सरकारी जमीन का उपयोग महिला शौचालय के लिए किया जा सकता है। उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## झारखंड के बजट पर किसान सहित सभी वर्गों के चेहरे खिले : दीपक गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा की झारखंड सरकार वित मंत्री ने झारखंड के सभी वर्गों के लोगों के बेहतरीन बजट पेश किए, जिसमे अनुसूचित जनजाति, जाति, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण के लिए 3523 करोड़ देने प्रस्ताव रखा। इससे इन सभी अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गो का उत्थान होगा। उक्त बातें कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहीं। वहीं उन्होंने कहा की सरकार ने कुटीर व लघु



उद्योग 484 करोड़, स्वास्थ सुविधा के लिए 7223 करोड़ के साथ स्वच्छता विभाग, खाद्य वितरण उपभोक्ता मामले विभाग के लिए 2860 करोड़ के साथ अन्य सभी क्षेत्र में अच्छी बजट किया - दुसरी ओर राज्य के छात्रों के लिए प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 12 हजार तीन सौ 14 करोड़ 21 लाख रुपये तथा उच्च एवम तकनीकी शिक्षा के लिए 2411.77 करोड़ का बजट रखा गया है। उन्होंने बताया कि 4036 पंचायत स्तरीय विद्यालय अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित होंगे। 117 विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा हेतु लैब की स्थापना भी होगी।

## उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सांकेतिक रुप से सौंपा बर्तन का सेट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ओएनजीसी बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर मद से विष्णुगढ़ एवं टाटीझरिया प्रखंड के 188 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन किट का वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा उक्त प्रखंड के 188 केन्द्रों के लिए ओ.एन.जी.सी परिसम्पति बोकारो के सौजन्य से सी.एस.आर.मद से बर्तन किट का वितरण किया गया। इस मौके पर सभागार में सांकेतिक रुप से पांच आंगनबाड़ी केंद्रो की सेविका को मौके पर बर्तन देकर वितरण कार्य प्रारम्भ किया गया।

मौके पर उपायुक्त ने सभी सेविका सहायिकाओं को बर्तनों का समुचित सदुपयोग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के तहत 188 केंद्रो से



लगभग 4000 बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। इस परियोजना का संचालन जन सहयोग केन्द्र द्वारा किया गया। इस मौके पर ओ.एन.जी.सी. के पदाधिकारी मुख्यमहाप्रबंधक मानव संसाधन, ओ.एन.जी.सी. प्रबंधक, इंदु प्रभा खालखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,अभिषेक कुमार जिला समाज कल्याण कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे।

## जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक आए मामले उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## डीवीसी सभागार में आयोजित हुआ राष्ट्रीय शिक्षुता जागरूकता पर कार्यशाला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारत सरकार के क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उधमशिलता निदेशालय झारखंड के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षुता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन स्थानीय डीवीसी सभागार में मंगलवार को किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक, बीके सिंघा, क्षेत्रीय निदेशक, आरडी एसडीई झारखंड, पी.के मडावी, उप निदेशक, हिमांशु, सहायक निदेशक क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय, झारखंड एवं मुस्तफिजुर रहमान, ओएसडी, बीओपीटी मंच पर उपस्थित होकर

अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के आधारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।उन्होंने विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों व विभागों के अधिकारियों को योजना के विभिन्न प्रावधानों व मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया।

कार्यशाला में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारियों ने भी भाग लिया द्व इस कार्यशाला को सफल बनाने में, डीवीसी हज़ारीबाग ,आरडीएसडईझारखंड की टीम समेत उपस्थित अन्य संस्थाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## झामुमो संकल्प सभा में शामिल हुए संजीव बेदिया व कार्यकर्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया एवं बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ता पुराना विधानसभा भवन में संकल्प सभा रैली का में शामिल हुए। श्री बेदिया ने कहा झारखंड झारखंडियों का कुर्बानी का दिन है तभी झारखंड हम लोगों को मिला है। झारखंड में आदिवासी मूल निवासी झारखंड अलग राज्य प्राप्त हुआ है इस राज्य को प्राप्त करने में हमारे कितने माता बहनों के मांग का सिंदूर ऊजड़ गया है तभी हम लोगों को कुशल झारखंड मिला है। अभी हेमंत सोरेन के सरकार में यहां के आदिवासी मूल निवासी का सीधा तौर पर विकास हुआ है इसलिए



बीजेपी के पेट में दर्द हो रहा है। हमारे नेता हेमंत सोरेन को बार-बार बीजेपी के इशारे पर केंद्र एजेंसियां प्रताड़ित कर रही है इसको हम झारखंड वासी चलने नहीं देंगे। संजय सिंह ने कहा हेमंत सोरेन के सरकार में गरीब से गरीब लोगों को डायरेक्ट लाभ मिला है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से अधिक से अधिक को लोगों को लाभ प्राप्त हुआ है। चाहे वह अबूआ आवास हो, विधवा पेंशन हो, वृद्धा पेंशन हो, विकलांग पेंशन हो, मुख्यमंत्री सृजन योजना के तहत कई युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम सरकार कर रही हैं। केंद्र सरकार नहीं चाहती है झारखंड का विकास हो इसीलिए हेमंत सोरेन को को बार-बार केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्र एजेंसी परेशान करने का काम कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, सचिव सरोज मेहता, झामुमो ज़िला शोशल मिडिया प्रभारी संजय भुईयां, शंकर साव, नईम राही, मो कुरैशी, लखनलाल महतो, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, मोहन सोरेन, नंदकीशोर भुईयां, प्रखंड कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम सहित सैकड़ो झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल थे।

## उप मुखिया संघ ने अंचलाधिकारी से मुलाकात कर छात्रों की परेशानियों से कराया अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड उप मुखिया संघ अध्यक्ष के उपस्थिति में मंगलवार को विष्णुगढ़ के नवनियुक्त अंचल अधिकारी विकास कुमार टुडू से औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नवनियुक्त अंचल अधिकारी को बुके और अंग वस्त्र भेंट किया गया। विष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार



निवासी धीरज शर्मा ने आवासीय,जातीय,आय प्रमाण अविलम्ब जारी करने के संबंध में मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।पत्र के माध्यम से कहा गया कि झारखंड पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024 की अंतिम तिथि 5 मार्च 2024 को है। जिसे प्रखंड के काफी संख्या में छात्र-छात्राएं आवासीय,जातीय,आय प्रमाण पत्र आवेदन अंचल में छात्रों के द्वारा दिये गए है। समय प्रमाणपत्र नही मिलने से हजारों छात्र-छात्राओं को इस लाभ से वंचित होना पड़ेगा,अतः छात्रों के हितार्थ ध्यान में रखते हुए योग्य छात्रों को प्रमाण-पत्र जारी किए जाय।इन समस्यों पर जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी ने बताया कि अंचल कार्यालय में लंबित आवेदनों का निष्पादन किया जा रहा है,जल्द ही सारे मामलों को निष्पादित किया जायेगा। मौके पर अंचल निरीक्षक जितेंद्र सिंह,उप मुखिया संघ अध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता,उप मुखिया अब्दुल करीम, मो. शाहिद,विनोद रजक,इरफान अंसारी,हेमंत महतो,अनिल टुडू मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदखारो में खेल-मेला का किया गया आयोजन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ के बंदखारो में छलांग परियोजना के तहत 24 फरवरी 2024 को पिरामल फेडरेशन तथा जन-जागरण केंद्र हजारीबाग के तत्वावधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदखारो में खेल मेला का आयोजन किया गया। जिसके तहत विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पासिंग बॉल,कुर्सी रेस,मटका फोड़,मूव एन्ड स्टॉप,पासिंग बीटिंग द लेग इत्यादि खेलो का लुत्फ उठाया। विजेता छात्रों के बीच पुरुस्कार का भी वितरण किया गया,जिसमे करण कुमार,बबिता कुमारी,बंटी कुमार,सोनू कुमार तथा सुषमा कुमारी विजेता रहे। इस मौके पर मुख्य रूप प्रधानाध्यापक उमाशंकर महतो,सहायक अध्यापक विष्णुदेव महतो,गजाधर महतो,जन-जागरण के सदस्य धीरज सोनी,राहुल राज समेत विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



## बीएमडब्ल्यू मोटोराड इंडिया ने बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का 2024 संस्करण शुरू किया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बीएमडब्ल्यू मोटोराड भारत में अपने सर्वाधिक प्रतीक्षित राइडिंग एक्सपीरियंस बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का शुभारंभ कर रहा है। केवल बीएमडब्ल्यू मोटोराड ओनर्स के लिए संकल्पित, बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी पूरी दुनिया में अल्टीमेट राइडिंग एक्सपीरियंस प्रदान करता है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, मोटरसाइकिलिंग महज भ्रमण से कहीं ज्यादा है जो निजी जुनून की खोज करने, अनछुए इलाकों को सामने लाने, और बेमिसाल आजादी को अपनाने के लिए एक विशिष्ट रास्ता प्रदान करता है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड अनुभवों का एक विस्तृत संसार प्रस्तुत करता है, जिसे हर राइडर की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है। बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी का लक्ष्य नए ऐडवेंचर्स को जाहिर करना और मालिकों को उनकी मोटोराड मोटरसाइकिलों की क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाना है। दूसरों के साथ से राइडिंग का आनंद बढ़ जाता है और इस प्रकार बीएमडब्ल्यू मोटोराड सफारी को सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय यादों, विवरणों, और यात्राओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो मोटरसाइकिलिंग समुदाय को साझा बंधनों और यादों से समृद्ध करता है।

## पतरातू भाजपा मंडल की हुई बैठक



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मंगलवार को पतरातू भाजपा मंडल की बैठक पीटीपीएस पतरातू में हुई। इस बैठक में लाभार्थी संपर्क अभियान को सफल बनाने हेतु विचार-विमर्श किया गया। मौके पर भाजपा नेताओ ने कहा कि पूरे देश स्तर पर लाभार्थी संपर्क अभियान 1 मार्च से 4 मार्च तक चलाया जाएगा। जिसमें भाजपा के कार्यकर्ताओ द्वारा सभी बूथ में जाकर लोगों से संपर्क कर केंद्र सरकार की संचालित योंजनओ का प्राप्त लाभार्थीयों से संपर्क करना एवं भाजपा के मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास को बतालाना है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दुर्गा चरण प्रसाद जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, लाभार्थी संपर्क अभियान के सह संयोजक अवधेश सिंह, मुखिया किशोर कुमार महतो, संतोष शर्मा, गणेश कुमार ठाकुर, असलम अंसारी, रामाकांत कुमार, रंजन भगत, मान सिंह, रूपा देवी, सुरेश गिरी, राहुल कुमार सिंह, रेशमा देवी, देवेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश कुमार सिंह, भगवान सिंह, मनोज कुमार वर्मा, विजय रजक और प्रकाश रजक इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बूढाखुखरा मे सूचना पेनियोर सेंटर का उद्घाटन



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र के बूढ़ाखुखरा गांव में डिजिटल इंपावरमेंट फाउंडेशन के द्वारा स्पेन प्रोजेक्ट के सौजन्य से सूचना पेनियोर सेंटर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि उप प्रमुख पुनिता कुमारी ने फीता काट कर विधिवत् उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के गांव कस्बों में खुलने से स्थानीय लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी । अब ग्रामीणों को कोसो दूर नही जाना पड़ेगा ऑनलाइन डिजिटल सेवाएं के लिए। इस तरह में ग्रामीणों को समय के साथ राशि की भी बचत होगी , भी सेंटर संचालिका का भी आय अर्जन होगी और अपने परिवार का भरण पोषण करने में सक्षम होगी और आत्म निर्भर भी बन सकती है। इसके अलावा जामसिंग में मुखिया परमेश्वर पटेल,लोलो में वार्ड सदस्य के द्वारा भी सेंटर का उद्घाटन फीता काट कर किया गया । मौके पर सेंटर संचालिका सबिता कुमारी मोनिका कुमारी , तरुण कुमारी , सुमित्रा देवी , बिना कुमारी , मनिता देवी , सरिता कुमारी , राजो देवी , कांति देवी , सीमा कुमारी , डोली कुमारी , क्रांति देवी , प्रमिला कुमारी , सहित कई शामिल थे ।

## किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहतर कदम : अमित साहू

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने झारखंड सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राज्य सरकार का एक बेहतर कदम है। राज्य सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है उसमें किसानों की ऋण माफी को पचाह हजार से बढ़कर दो लाख कर दिया गया है। यह घोषणा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक एवं सराहनीय प्रयास है। और आने वाले दिनों में आम बजट में यह किसानों के लिए घोषणा मिल का पत्थर साबित होगा। कुल मिलाकर राज्य सरकार का यह बजट संतुलित एवं विकसित झारखंड वाला बजट है।



## कोयलांचल अरगड्डा- सिरका में तूफान के साथ बरसा पानी, सड़कों पर खड़े हुए वाहन, गिरे पेड़

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार संध्या 4ः30 बजे के बाद तेज हवाओं के साथ आधे घंटे से भी अधिक समय जमकर बारिश हुई। इस दौरान अरगड्डा- नईसराय मुख्य सड़क पर चलने वाले चार, तीन पहिया वाहन जहां चल रहे थे वहीं खड़े हो गए, वाहन चालकों को सड़क के आगे दिखाई पड़ना मुश्किल हो रहा था, पूरी तरह क्षेत्र में अंधकार व्याप्त हो गया था, अरगड्डा- सिरका बैगामोड़ पर एक पेड़ गिर जाने के कारण सड़क पर अवरोध भी पैदा हो गया था, खबर लिखे जाने तक बादलों का बरसना जारी था, जबकि सभी क्षेत्रों से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिल पाई थी, पूरा क्षेत्र बिजली कट जाने के कारण अंधकार में डूबा हुआ था।



# बेरोजगार युवाओं व क्षेत्र विकास के लिए प्रबंधन और प्रशासन को करनी चाहिए पहल : समसूद

*चक्का जाम आंदोलन के कारण चार दिनों से कोयला लोडिंग में खड़ा ट्रक फंसा ड्राइवर ने पानी अभाव की तकलीफ भी सुनाई*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** बीते दिन कांग्रेस, प्रशासन, लोकल सेल सिरका प्रभारियों के त्रिस्तरीय वार्ता विफल होने के बाद मंगलवार को कांग्रेस समर्थकों ने पार्टी के जिला महासचिव समसूद खान के नेतृत्व में सीसीएल सिरका कोलयरी के लोकल सेल का चक्का जाम कांटा घर पर बैठ आंदोलन कर किया। अवसर पर कांग्रेस सदस्यों व समर्थकों ने प्रबंधन व प्रशासन, सेल समिति के बेरुखी रवैया को लेकर जमकर नारेबाजी किया। इस संबंध में नेतृत्वकर्ता कांग्रेस महासचिव समसूद खान ने कहा कि युवाओं के बेरोजगारी, हक अधिकार और क्षेत्र के विकास मुद्दों को लेकर कांग्रेस के द्वारा 6 सूत्री मांग पत्र स्थानीय सीसीएल सिरका-अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन को सौपा गया था, लेकिन सेल संचालन समिति के द्वारा दबंगई दिखाते हुए एकतरफा फैसला किया जा रहा हैं, अभी भी क्षेत्र के कई महिला, पुरुष रोजगार से वंचित हैं, कांग्रेस के मांगों पर प्रशासन वार्ता में तो बुलाता है, लेकिन जो मांग है उसे पर



सहमति नहीं बनती है, जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तब तक अनिश्चितकालीन सिरका सेल चक्का जाम आंदोलन जारी रहेगा। इधर लोकल सेल सिरका का कार्य बाधित करने की सूचना पर प्रबंधन की ओर से पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा, अरगड्डा एसओपी एमएफ हक, सुरक्षा पदाधिकारी एसएन तिवारी, सुरक्षा सिरका इंचार्ज राजू राम उक्त स्थल पर पहुंच गए, लेकिन आंदोलनकारी कांग्रेस समर्थकों के साथ इनकी बात नहीं जमी। इस संबंध में पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा से पूछे जाने पर बताया कि प्रबंधन के अंदर सेल संचालन की कोई व्यवस्था नहीं है बोलकर अपना पल्ला झाड़ लिया। जबकि दूसरी ओर अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलयरियो में सीसीएल प्रबंधन संचालन समिति के माध्यम से ही लोकल सेल का कार्य करता है, यहां व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। जबकि सिरका में प्रबंधन की आनाकानी नीति को साफ देखा जा सकता हैं। जो कंपनी के लोक कल्याण की स्थिति को ठेंगा दिखाने का कार्य नजर आता हैं। वही लोकल सेल सिरका ट्रक लोडिंग में आए ड्राइवर कन्हैया ने बताया कि चार दिनों से सिरका कोयला लोडिंग के लिए आए हुए हैं, लेकिन बेहतर कोयला नहीं मिले कारण गाड़ी लेकर खड़े हैं, यहां पानी तक की सुविधा नहीं है, जबकि अब बंदी आंदोलन के बाद कोयला लोडिंग कब होगा और कब आजमगढ़ युपी जाना होगा उसका भी पता नहीं। मौके पर आंदोलनकारी में कांग्रेस महासचिव समसूद खान, सिकंदर मुंडा, ललन राम, सूरज कुमार, शत्रुधन विश्वकर्मा, बबलू राम, एल. टोपनो, राहुल सिंह, घनश्याम, इंदू देवी, बसंती देवी, पिंकी देवी, तनुजा खातून, बिमला देवी समेत दर्जनो लोग उपस्थित थे।

## प्रबंधन और दलालों के साठगांठ से बिक्री हो रही है सरकारी संपत्ति : दिलीप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल के अरगड्डा दुर्गा मंडप के क्षेत्र में सीसीएल का एक क्वार्टर लाखों रुपए में बिकने मामले को लेकर मंगलवार को झारखंड मजदूर यूनियन ने तीखी प्रतिक्रिया दी हैं। इसे लेकर झारखंड मजदूर यूनियन के केंद्रीय उपाध्यक्ष दिलीप भुईया ने कहां है कि प्रबंधन के जिम्मेवार अधिकारी व दलालों के साठगांठ से सरकारी संपत्ति की लूट अरगड्डा- सिरका में मची हैं, क्वार्टर बिक्री मामले की जांच तत्काल होनी चाहिए, इसे लेकर यूनियन का प्रतिमंडल अरगड्डा जीएम से मिलकर अवगत कराएगा, साथ ही पड़ताल की मांग करेगा, जरूरत पड़ी तो आगे विजिलेंस जांच के लिए भी कदम बढ़ाया जाएगा, यूनियन वक्ता दिलीप ने कहा कि लगातार अरगड्डा व आस पास क्वार्टर कब्जा और बिक्री के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन जरूरतमंद सीसीएल कामगारों को कंपनी के द्वारा क्वार्टर की सुविधा जरूरी समय में उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जिसका फायदा बिचौलिये हमेशा उठा रहे हैं, इस पर रोक लगना जरूरी है।

# अनिकेत प्रकरण को लेकर भाजपा रामगढ ने धरना प्रदर्शन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दलित युवक अनिकेत कुमार की हत्या,प्रशासन के हाजत में होने से ,भाजपा रामगढ़ जिला के बैनर तले रामगढ़ सुभाष चौक के पास धरना प्रदर्शन किया गया। महामंत्री रंजन सिंह मंच संचलन एवम समाप्ति की घोषणा विनोद कुमार के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा के सासंद जयंत सिंहा जी रहे। उन्होंने प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए प्रशासन को दोषी माना उन्होंने कहा कि इसकी जितनी भी निंदा की जाए काम हैं उन्होंने प्रशासन से 15 लाख की मांग की एवं सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है।धरना कार्यक्रम मे जिला वक्त के रूप में जिला के वक्त के रूप में सभी ने अपने अपनी बात रखी प्रवीण मेहता , राजेश ठाकुर , विनोद राम , राजू चतुर्वेदी , शीतल सिंह , सत्यजीत सिंह , रुदल प्रताप , भीमसेन शीतल सिंह प्रकाश मिश्रा चंद्रशेखर चौधरी रणजीत राम इत्यादि कई वक्ताओं ने अपने-अपने बात रखते हुए सभी ने सीबीआई जांच की मांग की जो उचित मुआवजा की मांग की। धरना स्थल पर मृतक अनिकेत कुमार भुईयां की मां एवं उसके परिजन मौजूद थे वहां पर सांसद जयंत सिंहा महोदय के द्वारा यूपीआई के माध्यम से 25000 की राशि उनके खाते



में दी गईजिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता जी के नेतृत्व में धारणा किया गया , कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह जी वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी जी रामगढ़ नगर कैंट अध्यक्ष शिवकुमार महतो पूर्व भाजपा प्रत्याशी रनंजय कुमार और कुंटू बाबू नारायण चंद्रभौमिक , प्रकाश मिश्रा प्रकाश मिश्रा, रनजीत पांडे रविंद्र शर्मा रविंद्र शर्मा लोजपा नेता रंजित राम, अनुसूचित जाति अध्यक्ष बिनोद कुमार ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र चंचल जी मुन्ना खटीक, सैयद किरमानी, जिल मीडिया भीमसेन चौहान आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू एवं धीरज साहू जी,परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी सुनील साहू मनोज सत्यजीत सिंह , राजेश ठाकुर मनीशंकर ठाकुर विजय जायसवाल बसु तिवारी बृजेश पाठक रॉबिन गुप्ता जी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नवविवाहिता का शव ससुराल में पंखे से झूलता मिला, हत्या या आत्महत्या जांच ने जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के समीप आदर्श नगर मोहल्ले में नव विवाहिता की मौत की खबर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। मामला चर्चा का विषय बना है। मंगलवार को घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची। ससुराल में पंखे से लटकता हुआ महिला का शव को पुलिस ने बरामद किया है। मृतका की पहचान रेखा कुमारी ( 26 ) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार रेखा की शादी आठ महीने पहले आदर्श नगर निवासी शिववचन पाठक के पुत्र विवेक पाठक के साथ हुई थी। शादी के बाद उनके संबंध ठीक नही थे। इस को लेकर मृतका के मायके वालों ने कई तरह के आरोप लगाए हैं। जिस वक्त रेखा कुमारी की मौत हुई उस वक्त घर में उसकी सास शकुंतला देवी और दो बच्चे मौजूद



थे।ससुर शिव वचन पाठक और शकुंतला देवी ने पुलिस को बताया कि सुबह 9ः00 बजे परिजनों को नास्ता देने के बाद रेखा अपने कमरे में चली गई थी। इसी बीच उनके बड़े बेटे के बच्चों ने रेखा से किताब और कॉपी के लिए दरवाजा खोलने की आवाज दी। काफी देर तक जब दरवाजा नहीं खुला तो सास ने भी आवाज लगाई। जब कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो आसपास के लोग वहां जुटगए। दरवाजा तोड़कर देखा तो फंदे से झूलता हुआ रेखा की लाश दिखा। पुलिस ने शव को कब्जे में। कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह मामला आत्महत्या का है या हत्या का पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## दंतोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का हुआ आयोजन, उपायुक्त ने किया शुभारंभ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा दंतोपंत ठेंगडी रोजगार योजना के तहत रोजगार मेला 2024 का आयोजन 27 फरवरी 2024 को स्थानीय छावनी परिषद फुटबाल मैदान, रामगढ़ में किया गया है। मेले का उ?द्घाटन उपायुक्त चन्दन कुमार, सुधा देवी, अध्यक्ष, जिला परिषद, रामगढ़, अभीषेक वर्मा, श्रम अधिक्षक, रामगढ़ एवं जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उपायुक्त ने रोजगार मेले में आए बेरोजगार युवक/युवतियों का प्रोत्साहित करते हुए कहा की रामगढ़ जिले के स्थानीय नियोजको एवं देश के अन्य भाग से आए नियोजकों से प्राप्त रिक्तियों में से अपनी योग्यता एवं रूची के अनुरूप कार्य का चयन कर आवेदन करे एवं सरकार के द्वारा चलाये जा रहे इस आयोजन का लाभ प्राप्त करें। साथ ही झारखण्ड सरकार के द्वारा लागू नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन करते हुए रामगढ़ जिले के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का ज्यादा से ज्यादा चयन किया जाए।दतोपंत ठेंगडी रोजगार मेला 2024 का सफल आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी देव कुमार प्रसाद के मार्ग दर्शन में हुआ। सभी नियोजक करीब 500 रिक्तियों के साथ मेला में उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा कुल 125 युवक/युवतियों का चयन किया गया एवं 258 युवक/युवतियों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया। उपायुक्त महोदय एवं अध्यक्ष, जिला परिषद, रामगढ़ द्वारा मेला स्थल में कुल 32 युवक/युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस रोजगार मेले का सफल आयोजन में बिनोद कुमार सिंह, वंदना कुमारी, अर्चना डुगडुग, एजंलीना कुजूर, शेख अमजद ईमाम, जितेन्द्र कुमार, बबलु नायक, नरेश कुमार महतो, खुर्शीद आलम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## रामगढ़ के नई सराय बस्ती वार्ड नं 2 अंजुमन चुनाव में तीन लोगो ने किया नामांकन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ में मंगलवार को अंजुमन मिल्लतुल मुस्लिमीन कमिटी नई सराय के सदर पद के लिए मोहम्मद फारूक अली व सेक्रेटरी पद के लिए मोहम्मद कमाल और मोहम्मद शेख अरशद उर्फ़ लाडला ने अपना अपना नामांकन पत्र जमा किया वही इस चुनाव कराने की जिम्मेदारी इम्तियाज खुर्शीद, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद तबरेज, विक्की, मोहम्मद परवेज उर्फ सुकनू टोटल आठ सदस्य मेंबर है वही नॉमिनेशन करने वाले में मोहम्मद फारूक सदर पद का मोहम्मद कमल सेक्रेटरी पद का मोहम्मद शेख अरशद उर्फ लाडला है।



## मतदाता जागरूकता को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में हुआ विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता कोषांग के द्वारा रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी कनक तिर्की व जेएसएलपीएस डीपीएम रीता सिंह के द्वारा मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों में संकुल स्तरीय स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन किया गया। इस दौरान महिला मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया ।


### वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–संजय कुमार, उम्र–15 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 02 ईंच, पहनावा–पीलार रंग का स्वेटर एवं ग्रे रंक का टोपी पहने हुए है।

उपरोक्त लापता लड़का संजय कुमार, पे0–आनन्द सिंह, सा0–28 कोकर बैंक कॉलोनी चुना भट्ठा, थाना–सदर, जिला–राँची जो दिनांक–27.01.2024 को घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आज तक अपने घर वापस नही आए है। जिसके संबंध लालपुर थाना सन्हा सं0–14 / 2024, दिनांक–05.02.2024 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलतें / दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, राँची ।– 9431768039
थाना प्रभारी लालपुर, राँची ।– 9431706159

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 320472 Police (23-24)_D



### कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

पत्रांक: 351 खूँटी, दिनांक: 27.02.2024

**बन्दोबस्ती सूचना**

**3rd Call**

वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए खूँटी बस पढ़ाव का बन्दोवस्ती के लिए दिनांक 15.02.2024 एवं 27.02.2024 को तिथि निर्धारित किया गया था परन्तु खूँटी बस पड़ाव के लिए कोई भी व्यक्ति द्वारा भाग नहीं लिया। ऐसी स्थिति में खूँटी बस पड़ाव सैरात का अगला बन्दोबस्ती दिनांक 07.03.2024 को पूर्वाह्न 11.00 बजे थाना परिसर में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेने के लिए दिनांक 06.03.2024 को अपराह्न 5.00 बजे तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। सैरात की विवरणी निम्न प्रकार है:–

| क्रमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | खूँटी बस पड़ाव | 63,42,000/- | 6,34,200/- |

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी।

PR.NO.320464 Urban Development(23-24):D



### MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAGH
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Municipal Corporation, Hazaribagh – 825301
Email :- municipality_08@rediffmail.com

Letter No. 875 Dated : 27.02.2024
Ref : UDD/HMC/HZB/SBD/05/2023-24 (2nd Call)

**e-Procurement Notice**

Name of Tender Inviting Officer : **Municipal Commissioner-Cum-Administrator**
1. Date of Publication of Tender on Website : 29-02-2024
2. Last Date/Time for receipt of online bids : 09-03-2024 up to 05:00 PM
3. Date/Time of Opening bids : 11-03-2024 05:00 PM
4. Contact No. of Procurement officer : 8219204356

| Sl. No. | Name of Work | Value of Work (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation of Jheel Area Under Municipal Corporation, Hazaribag | 13,83,83,228/- | 14,00,000/- | 29,500/- | (24 Months) |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Municipal Commissioner-Cum-Administrator
Municipal Corporation, Hazaribagh

PR 320563 (Urban Development and Housing)23-24*D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यलिय
### एन0आर0ई0पी0, चतरा

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

पुनर्निविदा सूचना संख्या– Ref No: EE/NREP/CHATRA/11/2022-23-RE-1 दिनांक–26.02.2024

1.मद का नाम: DMFT योजना अन्तर्गत:–

| क्र॰ सं॰ | ग्रुप संख्या | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 18 | टण्डवा | बेंती | बेंती | उत्क्रमि उच्च विद्यालय बेंती में चाहर दिवारी चार कमरा एवं सोन्द्रयीकरण का कार्य | 4140458 | 82900 | 5000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.03.2024
3. ई – पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 14.03.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई– पुनर्निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–15.03.2024पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई– पुनर्निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता एन॰आर॰ई॰पी॰ चतरा।
6. ई– पुनर्निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 7979730487 (संबंधित कनीय अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
एन॰आर॰ई॰पी॰, चतरा

PR 320435 NREP(23-24).D

# रोजगार मेला में 2417 युवक-युवतियों ने कराया निबंधन, ऑन स्पॉट 1229 को मिला नियुक्ति पत्र



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में मंगलवार नगर भवन, गिरिडीह में झारखंड़ स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशनल सोसाइटी (JSLPS) के द्वारा जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उप विकास आयुक्त व जिला परिषद अध्यक्षा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। रोजगार मेला की शुरुआत जेएसलपीएस के डीपीएम के द्वारा स्वागत अभिभाषण के साथ किया गया।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि गिरिडीह जिले के युवाओं को बेहतर से बेहतर रोजगार के विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ताकि जिले में बड़ी-बड़ी कंपनियों के द्वारा जिले के युवाओं को चिन्हित कर रोजगार मुहैया कराया जा सके।

जिससे कि उनका भविष्य बेहतर हो सके। जेएसएलपीएस का यह प्रयास सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा और उनको रोजगार का अवसर प्रदान किया जाएगा। रोजगार सृजन मेले से आज सैकड़ों युवक-युवतियां अपने चेहरे पर मुस्कान लेकर लौटेंगें। लेकिन, वैसे अभ्यर्थी जिनका किसी कारण चयन नहीं हो सका,वह निराश नहीं होंगे। पुनः रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ज्यादा से ज्यादा युवाओं/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने को प्रयासरत है। जिला प्रशासन द्वारा रोजगार मेला से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर किया जाता है ताकि जिले के हुनरमंद युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सके।

# समन्वय बनाकर निर्वाचन दायित्वों का करें निर्वाहन : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

## सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करें सहायक निर्वाची निबंधन पदाधिकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बूथों के भौतिक जांच एवं अद्यतन स्थिति, एएमएफ प्रतिवेदन, एएमएफ गैप, रूट चार्ट वहां प्रकार के साथ, वीएम बूथ्स रीजन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम संबंधित प्रतिवेदन, मॉडल बूथ के चयन, वूमेन पोलिंग पर्सनल बूथ के चयन, सीएपीएफ के रुकने के स्थान समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी समन्वय बनाकर निर्वाचन दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाहन करेंगे। निर्वचान के गाइड लाइन अनुरूप ही सभी कार्यो का निष्पादन करना है। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों सह बीडीओ/सीओ को मतदन केंद्रों का भौतिक निरीक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में छोटी मोटी मरम्मत कार्य की आवश्यकता है, उसका आंकलन कर जिला को प्रतिवेदन समर्पित करें। सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराना है।

**वल्नरेबल व क्रिटिकल मतदान केंद्रों से संबंधित प्रतिवेदन अविलंब करें समर्पित**

वहीं, वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मतदान केंद्रों की अद्यतन सूची/रूट चार्ट/कम्यूनिकेशन प्लान/सैडो बूथ का सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार अंतिम प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला ने अपने संबोधन में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बताया कि इस बार मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र रहेंगे। मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी, सखी मतदान केंद्र, पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र आदि भी स्थापित किया जाएगा। ८० पल्स मतदाताओं/ पीडबल्यूडी मतदाताओं को प्राप्त होने वाली सुविधाओं और इसके लिए की जाने वाली जरूरी तैयारियों के संबंध में जानकारी दी।

# प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा गांव, परिजनों के चीत्कार से माहौल हुआ गमगीन



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम केशोडीह में एक प्रवासी मजदूर का शव अहमदाबाद से लाया गया, जिसके बाद परिजनों के करुण क्रंदन से जहां माहौल गमगीन हो गया वहीं घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। आपको बता दें कि केशोडीह निवासी 50 वर्षीय सरयू प्रसाद वर्मा वर्षों से गुजरात के अहमदाबाद में रहकर मजदूरी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जिसका बीते रविवार को काम करने के दौरान नवनिर्मित भवन से नीचे गिर जाने से घटना स्थल पर हीं मौत हो गई थी। जिसका शव एंबुलेंस के द्वारा अहमदाबाद से पैतृक गांव केशोडीह लाया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्री एवं दो छोटे छोटे पुत्र छोड़ गया। इधर घटना की सूचना मिलते हीं प्रमुख रामू बैठा, उप प्रमुख शेखर सुमन, जिप सदस्य सुरज सुमन, स्थानीय मुखिया कृष्ण कांत वर्मा, पुर्व मुखिया प्रतिनिधि रंधीर मंडल, पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर मंडल, पुर्व मुखिया प्रमोद सिंह समेत दर्जनों लोगों ने मृतक के परिजनों से मिल उन्हें हर सम्भव मदद का भरोसा दिया।

# बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना सभी पंचायतों में कूप निर्माण प्रारंभ



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत धनबाद, पूर्वी टुंडी, टुंडी, कलियासोल, निरसा, तोपचांची, बाघमारा, बलियापुर, एगारकुंड व गोविंदपुर प्रखंड के पंचायतों में कूप निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस संबंध में उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंडों ने लक्ष्य के विरुद्ध शत प्रतिशत योजनाओं की स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्वीकृत बिरसा सिंचाई कूप निर्माण का कार्य मिशन मोड में शुरू करने के लिए जिला स्तर से पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पदाधिकारियों ने संबंधित प्रखंड में जाकर अपने सामने कूप निर्माण का कार्य शुरू कराया। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से 2 मार्च को भी जिले के सभी पंचायत में सभी स्वीकृत अबुआ आवास योजना का ले-आउट कराते हुए पदाधिकारी आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कराएंगे।

# प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 1 मार्च को धनबाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर भाजपाईयों में खुशी की लहर है जिसके तहत निरसा विधानसभा के चिरकुंडा शहिद चौक पर भाजपा धनबाद ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह के नेतृत्व में आमंत्रण पद यात्रा निकाला गया।

# महाप्रबंधक तरूण प्रकाष द्वारा बरौनी जं. का किया गया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक तरूण प्रकाष द्वारा कल दिनांक 26.02.2024 को बरौनी जं. का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बरौनी जं. के प्लेटफॉर्म पर साफ-सफाई का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक महोदय ड्यूटी पर उपस्थित रेलकर्मियों से संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के संबंध में पूछताछ की तथा आवष्यक निर्देष दिए। निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री विवेक भूषण सूद तथा मुख्यालय के उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे ।

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 08 / 2023–24

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 149 / जि0प0, दिनांक 26.02.2024 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में पलामू जिला के चयनित 118 पंचायत भवनों का मरम्मति कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त– 1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 04.03.2024 से 05.03.2024 को अपराह्न 4:00 बजे तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 06.03.2024 (अपराहन 1:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक 06.03.2024 (अपराहन 2:00 बजे से)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
6. निविदा प्राप्ति / जमा करने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, पलामू।
7. निविदा खोलने का सीान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मोहम्मदगंज | पंशा | पंचायत भवन पंशा का मरम्मति। | 988000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 2 | मोहम्मदगंज | गोड़ाडीह | पंचायत भवन गोड़ाडीह का मरम्मति। | 985000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | पंचायत भवन मोहम्मदगंज का मरम्मति। | 983000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 4 | मोहम्मदगंज | कोल्हुआ सोनबरसा | पंचायत भवन कोल्हुआ सोनबरसा का मरम्मति। | 981000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 5 | मोहम्मदगंज | कादलकुर्मी | पंचायत भवन कादलकुर्मी का मरम्मति। | 973000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 6 | मोहम्मदगंज | लटपौरी | पंचायत भवन लटपौरी का मरम्मति। | 970000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 7 | मोहम्मदगंज | रामबान्ध | पंचायत भवन रामबान्ध का मरम्मति। | 582000.00 | 12000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 8 | मोहम्मदगंज | भजनियाँ | पंचायत भवन भजनियाँ का मरम्मति। | 563000.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 9 | विश्रामपुर | लालगढ़ | पंचायत भवन लालगढ़ का मरम्मति। | 980000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 10 | विश्रामपुर | गुरहा कला | पंचायत भवन गुरहा कला का मरम्मति। | 972000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 11 | विश्रामपुर | पंजरीकला | पंचायत भवन पंजरीकला का मरम्मति। | 961000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 12 | विश्रामपुर | भण्डार | पंचायत भवन भण्डार का मरम्मति। | 569000.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 13 | विश्रामपुर | केतातकला | पंचायत भवन केतातकला का मरम्मति। | 555000.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 14 | विश्रामपुर | सिगसिगी | पंचायत भवन सिगसिगी का मरम्मति। | 543000.00 | 11000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 15 | विश्रामपुर | तोलरा | पंचायत भवन तोलरा का मरम्मति। | 529000.00 | 11000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 16 | हुसैनाबाद | महुडंड | पंचायत भवन महुडंड का मरम्मति। | 987000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 17 | हुसैनाबाद | बेनी कला | पंचायत भवन बेनी कला का मरम्मति। | 983000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 18 | हुसैनाबाद | दरूआबेनी | पंचायत भवन दरूआबेनी का मरम्मति। | 979000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 19 | हुसैनाबाद | जमुआ | पंचायत भवन जमुआ का मरम्मति। | 974000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 20 | हुसैनाबाद | देवरी खूर्द | पंचायत भवन देवरी खूर्द का मरम्मति। | 967000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 21 | हुसैनाबाद | झरगड़ा | पंचायत भवन झरगड़ा का मरम्मति। | 944000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 22 | हुसैनाबाद | बनियाडीह बराही | पंचायत भवन बनियाडीह बराही का मरम्मति। | 868000.00 | 17500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 23 | हुसैनाबाद | देवरी कला | पंचायत भवन देवरी कला का मरम्मति। | 581000.00 | 12000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 24 | हुसैनाबाद | उपरी कला | पंचायत भवन उपरी कला का मरम्मति। | 575000.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 25 | हुसैनाबाद | बड़ेपुर | पंचायत भवन बड़ेपुर का मरम्मति। | 562000.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 26 | पण्डवा | गाड़ीखास | पंचायत भवन गाड़ीखास का मरम्मति। | 983000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 27 | पण्डवा | पतरा | पंचायत भवन पतरा का मरम्मति। | 947000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 28 | पण्डवा | मुरमा | पंचायत भवन मुरमा का मरम्मति। | 874000.00 | 18000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 29 | पण्डवा | लोहड़ा | पंचायत भवन लोहड़ा का मरम्मति। | 874000.00 | 18000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 30 | पण्डवा | छेछौरी | पंचायत भवन छेछौरी का मरम्मति। | 860000.00 | 17500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 31 | पण्डवा | कजरी | पंचायत भवन कजरी का मरम्मति। | 825000.00 | 16500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 32 | पण्डवा | पण्डवा | पंचायत भवन पण्डवा का मरम्मति। | 647000.00 | 13000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 33 | पण्डवा | मझिगांव | पंचायत भवन मझिगांव का मरम्मति। | 577000.00 | 12000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 34 | पीपरा | तेन्दुई | पंचायत भवन तेन्दुई का मरम्मति। | 983000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 35 | पीपरा | दलपतपुर | पंचायत भवन दलपतपुर का मरम्मति। | 982000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 36 | पीपरा | मधुबाना | पंचायत भवन मधुबाना का मरम्मति। | 980000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 37 | पीपरा | पीपरा | पंचायत भवन पीपरा का मरम्मति। | 980000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 38 | पीपरा | सरैया | पंचायत भवन सरैया का मरम्मति। | 979000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 39 | पाँकी | नवडीहा– 1 | पंचायत भवन नवडीहा– 1 का मरम्मति। | 980000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 40 | पाँकी | केल्हवा | पंचायत भवन केल्हवा का मरम्मति। | 958000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 41 | पाँकी | रतनपुर | पंचायत भवन रतनपुर  का मरम्मति। | 958000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 42 | पाँकी | होटाई | पंचायत भवन होटाई का मरम्मति। | 958000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 43 | पाँकी | लोहरसी | पंचायत भवन लोहरसी का मरम्मति। | 958000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 44 | पाँकी | करार | पंचायत भवन करार का मरम्मति। | 955000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 45 | पाँकी | पाँकी पूर्वी | पंचायत भवन पाँकी पूर्वी का मरम्मति। | 954000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 46 | पाँकी | नवडीहा | पंचायत भवन नवडीहा का मरम्मति। | 954000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 47 | पाँकी | डंडार कला | पंचायत भवन डंडार कला का मरम्मति। | 949000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 48 | पाँकी | माड़न | पंचायत भवन माड़न का मरम्मति। | 938000.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 49 | पाँकी | दूब | पंचायत भवन दूब का मरम्मति। | 918000.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 50 | पाँकी | सकलदीपा | पंचायत भवन सकलदीपा का मरम्मति। | 749000.00 | 15000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 51 | पाटन | शोले | पंचायत भवन शोले का मरम्मति। | 993000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 52 | पाटन | केल्हार | पंचायत भवन केल्हार का मरम्मति। | 993000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 53 | पाटन | नावाखास | पंचायत भवन नावाखास का मरम्मति। | 993000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 54 | पाटन | पचकेड़िया | पंचायत भवन पचकेड़िया का मरम्मति। | 993000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 55 | पाटन | सिरमा | पंचायत भवन सिरमा का मरम्मति। | 993000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 56 | पाटन | जंघासी | पंचायत भवन जंघासी का मरम्मति। | 992000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 57 | पाटन | मेराल | पंचायत भवन मेराल का मरम्मति। | 980000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 58 | पाटन | उताकी | पंचायत भवन उताकी का मरम्मति। | 968000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 59 | पाटन | किशुनपुर | पंचायत भवन किशुनपुर का मरम्मति। | 960000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 60 | पाटन | सुठा | पंचायत भवन सुठा का मरम्मति। | 959000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 61 | पाटन | कसवाखाड़ | पंचायत भवन कसवाखाड़ का मरम्मति। | 959000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 62 | पाटन | महुलिया | पंचायत भवन महुलिया का मरम्मति। | 959000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 63 | पाटन | सतौवा | पंचायत भवन सतौवा का मरम्मति। | 955000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 64 | पाटन | रजहारा | पंचायत भवन रजहारा का मरम्मति। | 914000.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 65 | पाटन | सेमरी | पंचायत भवन सेमरी का मरम्मति। | 912000.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 66 | पाटन | रूदीडीह | पंचायत भवन रूदीडीह का मरम्मति। | 753000.00 | 15500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 67 | पाटन | सगुना | पंचायत भवन सगुना का मरम्मति। | 748000.00 | 15000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 68 | रामगढ़ | चोरहट | पंचायत भवन चोरहट का मरम्मति। | 981400.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 69 | सदर मेदिनीनगर | झाबर | पंचायत भवन झाबर का मरम्मति। | 968000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 70 | सदर मेदिनीनगर | जोड़ | पंचायत भवन जोड़ का मरम्मति। | 514700.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 71 | उँटारी रोड | लुम्बा सतबहिनी | पंचायत भवन लुम्बा सतबहिनी का मरम्मति। | 983000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 72 | उँटारी रोड | जोगा | पंचायत भवन जोगा का मरम्मति। | 982000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 73 | उँटारी रोड | करकट्टा | पंचायत भवन करकट्टा का मरम्मति। | 982000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 74 | छतरपुर | कचनपुर | पंचायत भवन कचनपुर का मरम्मति। | 983200.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 75 | छतरपुर | हुटुकदाग | पंचायत भवन हुटुकदाग का मरम्मति। | 983200.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 76 | छतरपुर | हुलसम | पंचायत भवन हुलसम का मरम्मति। | 983200.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 77 | छतरपुर | पिण्डराही | पंचायत भवन पिण्डराही का मरम्मति। | 983200.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 78 | छतरपुर | बगैया | पंचायत भवन बगैया का मरम्मति। | 975600.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 79 | छतरपुर | मुरूमदाग | पंचायत भवन मुरूमदाग का मरम्मति। | 975600.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 80 | छतरपुर | रूदवा | पंचायत भवन रूदवा का मरम्मति। | 975600.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 81 | छतरपुर | खोढ़ी | पंचायत भवन खोढ़ी का मरम्मति। | 975600.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 82 | छतरपुर | चीरू | पंचायत भवन चीरू का मरम्मति। | 929100.00 | 19000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 83 | छतरपुर | सुशीगंज | पंचायत भवन सुशीगंज का मरम्मति। | 918200.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 84 | छतरपुर | डाली | पंचायत भवन डाली का मरम्मति। | 918200.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 85 | छतरपुर | मड़वा | पंचायत भवन मड़वा का मरम्मति। | 918200.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 86 | छतरपुर | कवल | पंचायत भवन कवल का मरम्मति। | 501500.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 87 | छतरपुर | कउवल | पंचायत भवन कउवल का मरम्मति। | 501500.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 88 | चैनपुर | तलेया बभण्डी | पंचायत भवन तलेया बभण्डी का मरम्मति। | 587000.00 | 12000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 89 | चैनपुर | महुगांवा | पंचायत भवन महुगांवा का मरम्मति। | 565500.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 90 | चैनपुर | नेउरा | पंचायत भवन नेउरा का मरम्मति। | 551500.00 | 11500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 91 | चैनपुर | करसो | पंचायत भवन करसो का मरम्मति। | 514700.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 92 | चैनपुर | बुढ़ीबीर | पंचायत भवन बुढ़ीबीर का मरम्मति। | 514700.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 93 | चैनपुर | नरसिंहपुर पथरा | पंचायत भवन नरसिंहपुर पथरा का मरम्मति। | 514700.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 94 | चैनपुर | सलतुआ | पंचायत भवन सलतुआ का मरम्मति। | 510500.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 95 | चैनपुर | सेमरा | पंचायत भवन सेमरा का मरम्मति। | 505200.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 96 | चैनपुर | हुटार | पंचायत भवन हुटार का मरम्मति। | 504000.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 97 | चैनपुर | ओड़नार | पंचायत भवन ओड़नार का मरम्मति। | 480900.00 | 10000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 98 | तरहसी | उदयपुरा –1 | पंचायत भवन उदयपुरा–1 का मरम्मति। | 983000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 99 | तरहसी | मंझौली–2 | पंचायत भवन मंझौली–2 का मरम्मति। | 977000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 100 | तरहसी | सेलारी | पंचायत भवन सेलारी का मरम्मति। | 907000.00 | 18500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 101 | तरहसी | उदयपुरा –2 | पंचायत भवन उदयपुरा– 2 का मरम्मति। | 874000.00 | 17500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 102 | तरहसी | गुरहा | पंचायत भवन गुरहा का मरम्मति। | 837000.00 | 17000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 103 | तरहसी | टरिया | पंचायत भवन टरिया का मरम्मति। | 837000.00 | 17000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 104 | तरहसी | कसमार | पंचायत भवन कसमार का मरम्मति। | 826000.00 | 17000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 105 | तरहसी | अरका | पंचायत भवन अरका का मरम्मति। | 759000.00 | 15500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 106 | तरहसी | पाठकपगार | पंचायत भवन पाठकपगार का मरम्मति। | 648000.00 | 13000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 107 | नावाबाजार | रबदा | पंचायत भवन रबदा का मरम्मति। | 983600.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 108 | नावाबाजार | सोहदाग खूर्द | पंचायत भवन सोहदाग खूर्द का मरम्मति। | 983200.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 109 | नावाबाजार | इटको | पंचायत भवन इटको का मरम्मति। | 983200.00 | 20000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 110 | नावाबाजार | बसना | पंचायत भवन बसना का मरम्मति। | 501500.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 111 | नावाबाजार | कंडा | पंचायत भवन कंडा का मरम्मति। | 501500.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 112 | नावाबाजार | राजहारा | पंचायत भवन राजहारा का मरम्मति। | 501500.00 | 10500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 113 | नौडीहा बाजार | शाहपुर | पंचायत भवन शाहपुर का मरम्मति। | 982000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 114 | नौडीहा बाजार | ललगड़ा | पंचायत भवन ललगड़ा का मरम्मति। | 977000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 115 | नौडीहा बाजार | डगरा | पंचायत भवन डगरा का मरम्मति। | 977000.00 | 20000.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 116 | नौडीहा बाजार | नावाटांड़ | पंचायत भवन नावाटांड़ का मरम्मति। | 967000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 117 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | पंचायत भवन करकट्टा का मरम्मति। | 963000.00 | 19500.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 118 | नौडीहा बाजार | सरईडीह | पंचायत भवन सरईडीह का मरम्मति। | 542000.00 | 11000.00 | 2500.00 | 3 माह |

नोट–

1. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. परिमाण विपत्र की राशि किसी भी सरकारी बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से (जो जिला अभियंता, जिला परिषद पलामू के पदनाम से होगा जो डालटनगंज मे भुगतेय होगा) जमा करना अनिवार्य होगा।
3. राशि की उपलब्धता के आलोक में ही योजनाओं पर भुगतान किया जा सकेगा।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्तें www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

ह0 / –
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू।

PR 320414 (District) 23-24 (D)

## केंद्रीय मंत्री ने दिया सिमडेगा को करोड़ो की सौगात

# पाकरटांड़ और बांसजोर में एकलव्य आवासीय विद्यालय का किया लोकार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जनजातिया कार्य और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री अर्जुन मुंडा आज सिमडेगा जिले को करोड़ों की सौगात दी पाकरटांड़ एवं बांसजोर में एकलव्य आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया मौके पर उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा इस विद्यालय में विद्यार्थियों को सभी तरह की सुविधा प्रदान की जाएगी हमारे जनजातीय बच्चों का अच्छे शिक्षा के साथ समग्र विकास हो इसी उद्देश्य को लेकर एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं यही भगवान बिरसा मुंडा के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है स्कूलों में छात्रावास में शिक्षकों के लिए आवश्यक सुविधा खेल मैदान कंप्यूटर प्रयोगशालाएं एवं विज्ञान प्रयोगशालाएं भी मौजूद रहेगी साथ ही इन स्कूलों में कौशल विकास और करियर काउंसलिंग की सुविधा भी होगी आदर्श आवासीय विद्यालयों की परिकल्पना जनजातीय प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए की गई है ताकि प्रतिभाशाली जनजातीय बच्चे फीस न देने के अभाव में शिक्षा से वंचित न रह जाए एकलव्य विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति केंद्रीय स्तर पर की जा रही है अगले तीन वर्षों में देश के एकलव्य विद्यालयों के लिए 38000 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी आज भारत देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आने वाले 25 सालों की यात्रा को अमृत कल के रूप में मना रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा की एक कड़ी के रूप में एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण किया जा रहा है हमारी सरकार ने जनजातियों के विकास के बंद हुए दरवाजे को खोल दिए हैं जो आजादी के एक लंबे कालखंड से पहले की सरकारों द्वारा बंद किए गए थे प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में जितने जनजातियों के कल्याण के लिए कार्य पिछले 10 सालों में हुए उतने आजादी के 70 साल बाद कभी नहीं हुए जनजातीय समुदाय के विकास के मुख्य धारा में लाने का कार्य प्रधानमंत्री जी के दृढ़ संकल्प से हो रहा है। आने वाले दिनों में सभी बाकी बच्चे प्रखंडों में भी एकलव्य आवासीय विद्यालय का निर्माण बहुत जल्द शुरू किया जाएगा हमारा प्रयास है कि शिक्षा का अधिकार सबको मिले सबको गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण करने का मौका मिले। कार्यक्रम को सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने भी संबोधित किया मौके पर NPCC अधिकारियों द्वारा केंद्रीय मंत्री को सोल और बुके देकर सम्मानित किया गया।

## पशुपालन के माध्यम से रोजगार के कई अवसर दे रही है झारखंड सरकार : अभिनव सिद्धार्थ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिले में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रक्षेत्र) के तत्वाधान में एक दिवसीय पशु मेला प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत के साथ अध्यक्ष गुलाम जिलानी के नेतृत्व में जिला युवा कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल ने मौके पर जाके सभी ग्रामीणों एवम लाभुको से भेंट की। अभिनव सिद्धार्थ भगत ने कहा की झारखंड सरकार द्वारा किसानों एवम बेरोजगारों के लिए कई योजनाएं उपलब्ध है जिनका लाभ जनता को मिलता है। बहुत से योजनाएं के लाभ सुदूरवर्ती गांव तक नही पहुंच पाते है उन्हे पहुंचने में और जमीन में सुचारू तरीके से उतारने में लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस सभी सरकारी विभागों के मदद के लिए तत्पर है। पशु मेला में आज 10 लाभुको को दुधारू गाएं भी दी गई जिसमें जिप अध्यक्ष रीना देवी, गव्य विकास पदाधिकारी, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ भगत, कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, जमील अख्तर, विकास लाल सहदेव, राजीव टाना भगत, अमस अहमद, सोहैल, मोशिब अंसारी, मोबिन अंसारी, अजय उरांव, गुफरान अंसारी, संदीप लोहरा, लच्छू उरांव आदि कई लाभुक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सीबीएसई की परीक्षा में 60 छात्र छात्राओं ने दी रसायन विज्ञान की परीक्षा



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जिला के नवोदय विद्यालय जोगना को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं की परीक्षा के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जहाँ डीएवी लोहरदगा के छात्र छात्राओं ने रसायन विज्ञान का परीक्षा दिया। वही नवोदय विद्यालय जोगना के प्रचार्य सह केंद्राधीक्षक अवनीश चन्द्र झा ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित 12 वीं की परीक्षा में मंगलवार को डीएवी लोहरदगा के 62 छात्र छात्राओं में से 60 विद्यार्थियों ने रसायन विज्ञान का परीक्षा दिया वही दो छात्र अनुपस्थित रहे। साथ ही बताया कि शिक्षक शिक्षिकाएँ और सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त हो रहा है। मौके पर सुनील कुमार, मनीष कुमार मिश्रा, सुजीत कुमार, धनंजय कुमार, अंजनी कुमारी, प्रतिमा साहु सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे ए एस आई विरेन्द्र बाखला मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री वृद्धाअवस्था पेंशन हेतू 1248 आवेदन हुए प्राप्त, अहर्ताधारी दे सकते हैं आवेदन : बीडीओ



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड के सभी 06 पंचायतो से मुख्यमंत्री राज्य बृद्धाअवस्था हेतू कूल 1248 आवेदन हुये प्राप्त। विदित है कि झारखंड सरकार के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति व महिलाओ से 50 वर्ष आयु प्राप्त कर चुके आवेदको से प्रखंड के सभी 06 पंचायत में शिविर आयोजन कर आवेदन लिया गया था। मामले पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बताया कि गजनी पंचायत से 240,गुड़ि पंचायत से 150, हनहट पंचायत से 206, कैरो पंचायत से 225,नरौली पंचायत से 220 एवं सढाबे पंचायत से कूल 207 आवेदको ने पंचायत में विशेष शिवर आयोजन कार्यक्रम के माध्यम से आवेदको ने योजना का लाभ पाने हेतु आवेदन दिया है। प्रविपदा0 पवन कुमार महतो ने कहा कि छूटे हुए अहर्ताधारी अभी भी प्रखंड कार्यालय को आवेदन जमा कर सकते हैं, आवेदको को मुख्यमंत्री राज्य बृद्धाअवस्था पेंशन योजना के तहत आवंटन के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।

## झारखंड सरकार का बजट संतुलित व सराहनीय : विशाल डुंगडुंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 27 फरवरी 2024 को झारखंड सरकार का बजट झारखंड विधानसभा की पटल पर रखा गया। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा पांचवीं बार राज्य का बजट पेश किया गया और कई बड़ी जनकल्याणकारी घोषणाएं की गई। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन वर्ष 2024-25 के लिए एक लाख 28 हजार 900 करोड़ का बजट पेश किया। इस पर युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी बजट बनाया है जो आगामी दिनों में झारखंड को विकास के पद पर अग्रसर करेगा। यह बजट राज्य के गरीबों, वंचितों, शोषितों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों, महिला, युवा बुजुर्ग, मजदूर किसानों की गांव और अपेक्षाओं को पूरा करने वाला संतुलित बजट है। झारखंड सरकार ने राज्य के किसानों का भी ख्याल रखा है और ऋण माफी को 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने तथा एनपीए खाता धारक किसानों को भी इस योजना के तहत शामिल किए जाने का एलान किया गया। कृषि एवं पशुपालन के लिए 40606.57 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया, साथ ही सरकार ने 125 युनिट फ्री बिजली प्रदान करने का ऐलान किया है। गरीबों का दाल चावल के साथ-साथ सोया बड़ी भी उपलब्ध कराया जाएगा एवं मुखिया का मानदेय 2000 से 2500 वार्ड सदस्य का 200 से 500 प्रमुख का 3000 से 5000 किया गया है जिससे जनप्रतिनिधियों को बल मिलेगा। माता व शिशुओं के साथ बजट में शिक्षा पर जोर वित्त मंत्री ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को मातृ किट मिलेगा। महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए 8021.93 करोड़ का बजट पेश किया है। इसमें जच्चा बचा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी, मग आदि होंगे। उन्होंने एलान किया कि अगले वित्तीय वर्ष में 325 प्रखंडों में लीडर स्कूल खुलेंगे। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 12 हजार तीन सौ 14 करोड़ 21 लाख रुपये तथा उच्च एवम तकनीकी शिक्षा के लिए 2411.77 करोड़ का बजट रखा गया है। उन्होंने बताया कि 4036 पंचायत स्तरीय विद्यालय अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित होंगे। 117 विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा हेतु लैब की स्थापना होगी। अबुवा आवास योजना के तहत सरकार ने 2024-25 में 3.50 लाख घर बनाने की योजना बनाई है।

## चंपाई सरकार ने हर वर्ग को बजट में दिया है तोहफा सशक्त होंगे हर वर्ग के लोग : विधायक भूषण बाड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने चंपाई सरकार के बजट की प्रशंसा की है। विधायक ने कहा कि पहली बार गाँव में अखाड़ा का निर्माण करने एवं वाद्य यंत्र की घोषणा की गई है। जो हमारी संस्?कृति को बचाए रखने के लिए आने वाले समय में मिल का पत्?थर साबित होगी। विधायक ने कहा कि चंपाई सरकार ने उभरते खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिये प्रतियोगिता का आयोजन करने की भी घोषणा की है। इससे स्थानी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक मंच मिलेगा। विधायको ने कहा कि बजट में किसानो और गर्भवती महिलाओ के लिए कई योजना लाई गई है। वहीं महिलाओ के लिए भी कई योजना लाकर गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त करते हुए सम्मान दिया गया है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने कई अहम योजनाएं लाई है। उन्होंने कहा कि बजट में दो लाख तक किसानों की कर्ज माफ़ी की योजना लाइ गई है। 20 लाख अबुआ आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे बाद हर गरीबों का अपना पक्का मकान होगा। राज्?य सरकार ने पंचायत जनप्रतिनिधियों को भी सम्मान देने का काम किया है। बजट में निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधि का मानदेय बढ़ाने का प्रावधान रखा गया है। वहीं 2500 आंगनवाड़ी भवन का निर्माण होगा, 19 नये महाविद्यालय खोलने, सर्वजन पेंशन योजना में एससी, एसटी और महिला के लिये उम्र सीमा 50 वर्ष किया गया है। इससे महिलाओं को जीविकोपार्जन करने में काफी सहुलियत होगी। डीलर कमीशन की राशि 100 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 150 रु प्रति क्विंटल करने की योजना की भी विधायक ने सराहना की। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की जगह 125 यूनिट निःशुल्क बिजली देने की घोषणा बजट में की गई है।

## मौलाना अशरफी के नेतृत्व में नवनियुक्त जिला कल्याण पदाधिकारी को किया गया सम्मानित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जिया उल हक अशरफी की अगवाई में नवनियुक्त जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सरस्वती कच्छप को बुके देकर सम्मानित किया गया। मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष नासिर अंसारी भाजपा जिला कार्यालय मंत्री सुरेश बैठा साथ ही साथ अहद मिर्जा मीर तबारक इत्यादि उपस्थित थे। मौलाना अशरफी एवं भाजपा जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह और मोर्चा जिला अध्यक्ष नासिर अंसारी द्वारा एमएसडीपी के अंतर्गत एवं अन्य अल्पसंख्यक के उत्थान कल्याण विकास हेतु पहल करने पर बल दिया गया। जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा सबों की सहयोग से सकारात्मक पहल करने की बातें कही गई।

## जिप सदस्य ने 18 लाख की लागत से बन रहा पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम स्थित चौक से सरना स्थल होते हुए कलेहेपाट मसना तक आधा किलो मीटर लम्बा पीसीसी पथ निर्माण को लेकर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, कृष्णा पहान, पुजार ढहरू उरांव तथा मुखिया राज श्री उरांव द्वारा आदिवासी रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की काफी समय से ग्रामीणो द्वारा मांग किया जा रहा था की कलेहेपाट बस्ती चौक से सरना स्थल होते हुए मसना तक जाने में ग्रामीण जनता को काफी परेशानी होती थी। जिसे ग्रामीणों के आवेदन को जिला परिषद विभाग लोहरदगा द्वारा स्वीकृति दिया गया। जिसे पथ का निर्माण कार्य मंगलवार को शिलान्यास के साथ प्रारंभ किया गया। संवेदक राज मोहन राम को निर्देश देते हुए कहा की पीसीसी पथ का निर्माण गुणवकता पुर्ण ससमय पूर्ण कराये कार्य की गुणवक्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। और साथ ही ग्रामीणों से कहा की विकास योजना का कार्य जब गाँव में आता है तो उसको सभी ग्रामीण मिल जुल कर सहयोग करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य कराये। मौके पर जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, मुखिया राजश्री उरांव, कृष्णा पहान, पुजार ढहरु पहान, बालेश्वर उरांव, राज मोहन राम सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म घटना को अंजाम देकर रिश्ते को किया शर्मशार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आते ही पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल कारवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। सेन्हा थाना क्षेत्र में एक ऐसा घटना सामने आई है जो रिश्ते को शर्मसार कर दिया। बताया जाता है कि आरोपी अपने मौसेरा भाई के अबोध बेटी के साथ ही दुष्कर्म घटना को अंजाम दे बैठा। यह घटना ऐसा घटना है जो सभी रिश्तों का सिमा को पार कर गया। वही बताया जाता है कि सेन्हा थाना क्षेत्र में एक अबोध बच्ची जिसका उम्र 2 साल तीन माह है। उसके साथ सेन्हा थाना क्षेत्र निवासी कीनू उराँव के 27 वर्षीय पुत्र विनेश उराँव दुष्कर्म कर अपने हवस का शिकार बना लिया यह घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। घटना की जानकारी अबोध बच्ची के माता पिता को मिलते ही सेन्हा थाना में अर्जी लगाते हुए न्याय का गुहार लगाया। जिसे इस संदर्भ में प्रशिक्षु डीएसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि वादी के आरोप पर आरोपी विनेश उराँव को पूछताछ के लिए पकड़ कर थाना लाया गया। जिसे पूछताछ के क्रम में घटना की पुष्टि होने के उपरंत मेडिकल जांचोपरांत नियम संगत कारवाई करते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 13/24 दर्ज कर धारा 376 आईपीसी (6) पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेज दिया गया।

## ग्राम सहजकर्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ग्राम पंचायत विकास योजना 2023 के तहत ग्राम पंचायत सहज कर्ता दल के सदस्यों को पीरामल फाउंडेशन के द्वारा मंगलवार को प्रिशक्षण दिया गया। जिसमें प्रखंड के पाच पंचायत झालजमिरा, उगरा, सेरेंगहातु तोड़ार, अरू तथा मुर्कीतोडार के रोजगार सेवक, स्वयंसेवक वीपीआरपी, फेसलिटेटर, पंचायत के अस्थाई समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, विषय संबंधित फुट लाइन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में शामिल किया गया है। प्रशिक्षक पंचायती राज स्वशासन परिषद के वंदना कच्छप, संजीव उरांव तथा पीरामल फाउंडेशन के शिवानी गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत विकास योजना 2024-25 के लिए सभी विभाग से योजनाओं का चयन किस प्रकार करना है और गाँव तथा पंचायत का विकास के लिये कौन-कौन सी योजनाएँ लेनी है उस पर विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही आम जनता के हित मे गाँव और पंचायत में सरकार द्वारा कराया जा रहा विकास योजनाओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के मौके पर पूनम टोप्पो, राजमणि कुजूर, विनीता पन्ना, सुमन उरांव, विजेता मिश्रा, सुशीला कुमारी, सरस्वती उरांव, सुषमा उरांव, भुवंती देवी, शिवदयाल उरांव सहित अन्य शामिल थे।

## भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी से किया शिष्टाचार मुलाक़ात



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के लोहरदगा जिला अध्यक्ष टिंकू महतो ने झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचकर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोज यादव से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान लोहरदगा जिले सहित पुरे झारखंड राज्य के किसानों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। तथा किसानों से संबधित विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा किया। इस मौके पर टिंकू महतो ने कहा कि जब से राज्य में झामुमों, कांग्रेस एवं राजद गठबंधन की सरकार बनी है तब से राज्य सरकार के द्वारा किसानों का हक मारा जा रहा है। साथ ही कहा कि किसानों का भला सिर्फ भाजपा सरकार में ही संभव है। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान, सनी कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# सड़क निर्माण कार्य में लगे जेसीबी चालक को अपराधियों ने मारी गोली, घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में सोमवार कि देर शाम उग्रवादियों ने एक युवक को गोली मार कर घायल कर दिया, जिसमे सड़क निर्माण में लगी जेसीबी के ऑपरेटर को गोली लगी मौके पर ग्रामीणों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है की प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क रोजगार योजना के तहत लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के ब्लॉक मोड़ कुडू से सुन्दरू होते हुए बंदुवा मोड़ तक सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार को तीन हथियार बंद उग्रवादी पहुचे और फायरिंग करने लगे। इससे जेसीबी ऑपरेटर के बाए हाथ में गोली लगी है। ऑपरेटर को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उग्रवादियों ने घटनास्थल पर पर्चा छोड़ते हुए घटना की जिम्मेदारी ली है। सूचना मिलने के बाद कुडू पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क रोजगार योजना के तहत ब्लॉक मोड़ से सुंदरू होते हुए बंदुआ मोड़ तक सड़क निर्माण कार्य का ठेका चरण महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी को मिला है। सड़क निर्माण कार्य में लगी कंपनी की जेसीबी के ऑपरेटर धीरज कुमार सिंह (नबीनगर) काम करने के बाद जेसीबी के सहायक उत्तर प्रदेश के चंदौली गांव निवासी रवि रंजन कुमार के साथ वापस बड़की चांपी कैंप लौट रहे थे। इसी दौरान उग्रवादियों ने गोली मार दी,सुन्दरू सरना टोली के समीप तीन लोग पैदल पहुंचे और जेसीबी को रोक दिया। जेसीबी रुकते ही तीनों हथियारबंद उग्रवादी वाहन के समीप पहुंचे और जेसीबी ऑपरेटर को गोली मार दी। इससे उसकी बांह में गोली लगी। इसके बाद जेसीबी ऑपरेटर नीचे झुकते हुए जेसीबी स्टार्ट करते हुए भागने लगा। उग्रवादियों ने जेसीबी को टारगेट करते हुए दूसरी फायरिंग की। बताया जाता है की उग्रवादियों के पास हाथ में एक बोतल बम भी था।घटना स्थल पर भाकपा माओवादी कोयल शंख जोन ने चार हस्तलिखित पर्चा छोड़ते हुए घटना की जिम्मेदारी लेते हुए लिखा है की बिचौलिए दलाल होश में आए। घमंड में चूर रहकर पुलिस के साथ मिलकर गलत कार्य करना बंद करे।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर चंदशेखर आजाद, कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं सभी हस्तलिखित पर्चा को जब्त करते हुए घायल जेसीबी ऑपरेटर धीरज कुमार सिंह को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जबकि जेसीबी सहायक रविरंजन कुमार को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से निष्क्रिय भाकपा माओवादी उपस्थिति दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पीरामल फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया

# मेरा पंचायत मेरी पहचान कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय मुखिया कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड सभागार में पीरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में मेरा पंचायत मेरी पहचान कार्यक्रम अंतर्गत मुखिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कच्छप उपस्थित थे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गांव के मुखिया को पंचायती प्रक्रियाओं के बारे मे जानकारी देना एवं उनकी पंचायत को बेहतर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया गया। इसमें मुख्य रुप से तक्कक्षज्ञ फोरम को सक्रिय कराना, पंचायत के द्वारा चयन की गई थीम पर काम करना, झिरो ड्रॉप आउट ग्राम पंचायत बनाना, ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले सभी स्कूलों को बेहतर बनाना, छात्रों के लिए स्कूल के बाद मोहल्ला क्लास शुरू करना इन विषयों का समावेश था। गांव का विकास सुनिश्चित कराने वाली प्रक्रियाओं में मुखिया एवं ग्रामपंचायत के सहभाग पर चर्चा की गई। साथ ही गांधी फैलो द्वारा पंचायत एवं स्कूलों में किए जा रहें कामों पर चर्चा हुई। इस कार्यशाला में सिमडेगा जिले के 4 ब्लॉक कोलेबिरा, जलडेगा, बानो एवं पाकरटांड़ के मुखिया ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। राज्य में चल रहे एमडीए प्रोग्राम में पंचायत की सहभागिता बढ़ाने के लिए पीरामल टीम से संजय कुमार गुप्ता ने फायलेरिया रोग के बारे में जानकारी दी एवम इसके निर्मूलन के लिए पंचायत की सहभागिता बढ़ाने पर सहमति बनाई गई। कार्यशाला के अध्यक्ष के रुप में ब्लॉक प्रमुख दुतमी हेमरोम, मुख्य अतिथि के रुप मे कोलेबीरा प्रखण्ड के BPRO प्रदीप कच्छप पीरामल फाऊंडेशन के एसपीएम सजीव जैन, रिसोर्स पर्सन मिथियास सिल्वेस्टर, डीएल विकास शर्मा, प्रोग्राम लीड अमित चतुर्वेदी, मनीषा नेगी गांधी फैलो सत्या सिंह, तनुश्री सरकार, रितेश मिश्रा, दीक्षा दुबे, श्रीकांत धोड़रे उपस्थित रहे।

## डॉक्टर आकाश कुमार वर्मा ने रोटा वायरस को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों के साथ की बैठक



**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित सभा भवन में मंगलवार को रोटा वायरस को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में रोटावायरस की रोकथाम को लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर डा. आकाश कुमार वर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य समाज के निर्माण में स्वास्थ्य कर्मियों का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि रोटावायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। इससे बचाव के लिए साफा-सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर लोगों को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा रोटावायरस पाचन तंत्र का एक वायरल संक्रमण है, इससे गंभीर डिहाइड्रेशन हो सकता है। विशिष्ट लक्षण में बुखार, उल्टी और पानी वाले दस्त शामिल है। साथ ही उन्होंने प्रखंड के सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर व उप स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को नियमित। टीकाकरण करने से साथ-साथ परिवार नियोजन से संबंधित कार्यक्रम का संचालन करने का निर्देश दिया है। मौके पर उमा झा, रेणु साहू, मेरी बेक, एवीयल लकड़ा, साजिद अहमद सहित एएनएम मौजूद थे।

चलते चलते एक नजर

## औद्योगिक विकास का बजट छलावा : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में औद्योगिक विकास की बातें सिर्फ छलावा है। 4 साल के दरमियान सरकार ने कई जिलों में अब तक इंडस्ट्रियल स्टेट नहीं बना पाई है। और ना ही झारखंड में इंडस्ट्रियल पॉलिसी लागू कर पाई है। जबकि हर वर्ष बजट में रुपय का प्रावधान होता है। फिर कैसा औद्योगिक विकास। पलामू जिला जो प्रमंडल का मुख्यालय है, कई वर्षों से इंडस्ट्रियल एस्टेट हेतु भूमि की बात हो रही है। जबकि आज तक इंडस्ट्रियल एस्टेट हेतु भूमि उपलब्ध नहीं हो पाया। फिर किस औद्योगिक विकास की बात सरकार कर रही है। लातेहार, चतरा सहित कई जिले ऐसे हैं जहां उद्योग के लिए 1 इंच भूमि नहीं है। बजट खाने कमाने वाला है। अधिकारियों की जेब भरने वाला है।

## बजट का आकार बढ़ने से राज्य पर बोझ नहीं बढ़ेगा : अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने राज्य का बजट पेश किया, जिसमें बाल बजट का नया कॉन्सेप्ट लाया गया है। अर्थशास्त्री हरिश्वर दयाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट के आकार में हो रही वृद्धि से राज्य पर बोझ पढ़ने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि बेहतर ऋण प्रबंधन होने से इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। क्योंकि, वर्तमान राज्य सरकार के द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। दयाल ने कहा कि आम तौर पर महिला एवं अन्य सेक्टर पर बजट में फोकस रहता था और इस बार भी कई योजनाएं हैं लेकिन बच्चों के लिए पहली बार इस तरह के प्रयास किए गए हैं। 2024-25 के लिए तैयार की गई आउटकम बजट की कुल 216 योजनाओं में से बच्चों से संबंधित लगभग 80 योजनाओं के आधार पर बाल बजट तैयार किया गया है, जिसमें 8 हजार 8 सौ 66 करोड़ 69 लाख रुपये की राशि उपबंधित की गई है। यह राशि आउटकम बजट के अंतर्गत दिए गए योजनाओं के लिए कुल उपबंधित राशि का लगभग 18 प्रतिशत है तथा राज्य के कुल योजना आकार का लगभग 11 प्रतिशत है। दयाल ने कहा कि बच्चे हमारे समाज के महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनके लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं। इससे आकलन करने में सहूलियत होगी। साथ ही कहा कि वित्तीय वर्ष 2019-20 की तुलना में बजट का आकार 2024-25 में 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 01 लाख 28 हजार 900 करोड़ रुपये का है। ऐसे में लगातार राज्य का बजट आकार में वृद्धि हो रही है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग की बैठक

# जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति करें : चम्पाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मंगलवार को वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में चम्पाई ने राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में जनजातीय भाषा की पढ़ाई शीघ्र प्रारंभ करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड की समृद्ध स्थानीय जनजातीय भाषाओं को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जनजातीय भाषा की शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए।जनजातीय भाषा की पढ़ाई के लिए संताली, हो, कुड़ुख, खड़िया, मुंडारी सहित सभी जनजातीय भाषाओं के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र की जायें। प्रारंभिक कक्षाओं से ही जनजातीय भाषा की पढ़ाई शुरू हो सके इस निमित्त सभी तैयारियां जल्द करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग प्राप्त आंकलन के आधार पर सभी प्रक्रिया ससमय पूरा कर लें।



इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री से झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

रांची : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से मंगलवार को झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्टस के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से राज्य के पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, महासचिव राजीव नयनम, रांची महानगर अध्यक्ष जावेद, सरायकेला खरसावां के अध्यक्ष सुधाकर, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष गौरीशंकर झा, उदय प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, उदय सिंह जोगी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनंद प्रियदर्शी एवं अन्य शामिल थे।

## अपनी सुविधानुसार एससी एसटी एक्ट का दुरुपयोग कर कोर्ट को गुमराह कर रहे हैं हेमंत सोरेन : प्रतुल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि वह गलत बयानी कर कानून का दुरुपयोग और अदालत को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रतुल ने भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दस्तावेजों को भी दिखाया। कहा कि जब ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर में छापे के दौरान 36 लाख रुपए नगद उनके रूम के वार्डरोब से बरामद किया था। तब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 जनवरी ,2024 को एससी एसटी थाने में दर्ज प्राथमिकी की संख्या 06/24 में यह स्पष्ट कहा था कि उन्हें मीडिया चैनलों से ये खबर मिल रही है कि उनके घर से बड़ी मात्रा में अवैध पैसा बरामद हुआ है। उन्होंने उस समय स्पष्ट कहा था कि बरामद किया गया गैरकानूनी पैसा उनका नहीं है।ये सिर्फ ईडी के अधिकारियों के द्वारा उनको सामाजिक रूप से बेइज्जत करने की साजिश है।इसी मुद्दे पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवेदन पर एससी-एसटी एक्ट का एक फर्जी मुकदमा दर्ज भी हो गया था। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उच्च न्यायालय में चल रहे मुकदमा WP(Cr) नंबर 68/2024 में हेमंत सोरेन ने अपने आवेदन के पॉइंट नंबर 108 में यू टर्न मारते हुए कहा है कि उनके माता और पिता वृद्ध है। उनका लगातार मेडिकल ट्रीटमेंट केलिए दिल्ली में आवश्यकता पड़ती है। इसलिए उन्होंने कैश को किसी भी मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए रखा था। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यही नहीं रुके।उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि जो कैश उनके बंगला से बरामद हुआ है वह उन्हें झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से दान में प्राप्त हुआ है।

## स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे आने वाला समय हमारा हैः गोयल

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि स्टार्टअप महाकुंभ भारत की विकास गाथा को प्रतिबिंबित करता है। गोयल ने कहा कि उनका मानना है कि स्टार्टअप नए भारत की रीढ़ बनेंगे। आने वाला समय हमारा है।गोयल ने नई दिल्ली में उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के स्टार्टअप महाकुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। गोयल ने भारत स्टार्टअप इकोसिस्टम रजिस्ट्री और स्टार्टअप महाकुंभ की वेबसाइट और लोगो भी लॉन्च की। उन्होंने देशभर में 57 विविध स्टार्टअप पदचिह्नों को एक मंच पर लाने के लिए इस आयोजन की सराहना की।वाणिज्य मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप सेक्टर नए भारत की रीढ़ है। उन्होंने स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यमिता और नवप्रवर्तन के इच्छुक युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह एक वार्षिक कार्यक्रम की शुरुआत का प्रतीक है, जो 2016 में अपनी स्थापना के बाद से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सफलता की कहानियों और क्रांति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप क्षेत्र ने विभिन्न क्षेत्रों में विचारों के साथ नवाचार करने की अपनी क्षमता साबित की है। जैसे गतिशीलता, भोजन और कपड़ा आदि।गोयल ने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे 'चूकें नहीं' और अधिक से अधिक अवसरों का लाभ उठाएं, क्योंकि भारत 2047 तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आगामी व्यापक कार्यक्रम देशभर में चल रही स्टार्टअप क्रांति को प्रदर्शित करेगा। गोयल ने विश्वास जताया कि युवा भारतीय 'अमृत काल' में देश की नियति को आकार देंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत की कहानी को बाकी दुनिया तक ले जाएं।



## हर खेत को मिलेगा पानी, सिंचाई की समस्या होगी दूर : मंत्री मिथिलेश

*** छह करोड़, 32 लाख की लागत से होगा नौ चेक डैम का निर्माण, 405 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में छह करोड़, 32 लाख रुपए की लागत से नौ पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से 405 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। जल संसाधन विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि लघु सिंचाई प्रमंडल गढ़वा के अंतर्गत गढ़वा, मेराल तथा चिनिया प्रखंड में एक-एक, भंडरिया में दो तथा रमकंडा प्रखंड में चार पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के गोरा नाला पर 85 लाख 21 हजार 900 रुपए, मेराल प्रखंड के भौराहा नाला पर 82 लाख 23 हजार 400 रुपए, चिनियां प्रखंड के ढेंगुरा नाला पर 65 लाख 53 हजार 200 रुपए, भंडरिया प्रखंड के कटकुआ नाला पर 58 लाख 97 हजार 100 रुपए, कनहा नाला पर 62 लाख 98 हजार 700 रुपए, रमकंडा प्रखंड के कनेवा पत्थर नाला पर 63 लाख 32 हजार 300 रुपए, दोबगढ़वा नाला पर 70 लाख 47 हजार 700 रुपए, पिपराही नाला पर 63 लाख 98 हजार 600 रुपए तथा जगती नाला पर 78 लाख 48 हजार 400 रुपए की लागत से पक्का चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से क्षेत्र में खरीफ एवं रबी फसल की 405 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड में बनी जन सरोकार की सरकार सभी क्षेत्रों में काफी बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पानी, सड़क के साथ-साथ सिंचाई आदि सभी क्षेत्रों में सरकार ने काफी बेहतर कार्य किया है। गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में अब तक काफी संख्या में चेक डैम का निर्माण किया जा चुका है। साथ ही आवश्यकतानुसार शेष बचे अन्य क्षेत्रों में भी चेक डैम का निर्माण किया जाएगा। ताकि किसानों को सिंचाई की समस्या नहीं झेलनी पड़े। झारखंड सरकार किसानों एवं सभी वर्गों के हित के लिए कई लाभकारी योजनाएं चला रही है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिले के सभी किसानों के खेत में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। कोई भी गरीब किसान अपनी जमीन रहते हुए पलायन को मजबूर नहीं होगा। सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाने से किसान मजदूरों को दूसरे प्रदेशों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के साथ पूरी तरह से सौतेला व्यवहार कर रही है। राज्य को पूरा हक भी नहीं मिल रहा है। फिर भी झारखंड सरकार अपने बलबूते पर पूरे राज्य में सभी क्षेत्रों में विकास की लंबी लकीर खींच रही है।



## गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी पर प्रतिबंध पांच साल बढ़ाया

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू-कश्मीर पर अगले पांच सालों के लिए प्रतिबंध बढ़ा दिया है। गैर कानूनी गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) के तहत ऐसा किया गया है। सरकार का कहना है कि संगठन अलगाववाद और आतंकवाद का समर्थक है और भारत विरोधी प्रचार कर रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत सरकार ने जमात-ए-इस्लामी, जम्मू कश्मीर पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार संगठन को राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ अपनी गतिविधियां जारी रखते हुए पाया गया है। संगठन को पहली बार 28 फरवरी 2019 को गैरकानूनी संघ घोषित किया गया था।

## आप ने जारी की दिल्ली के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची

एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 का नोटिफिकेशन जल्द ही जारी किया जा सकता है। भाजपा, कांग्रेस समेत तमाम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल चुनाव की तैयारियों में लग चुके हैं। इसी क्रम में आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को चुनाव उम्मीदवारों के नाम पर फैसला किया। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली और हरियाणा में उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया। जानकारी के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने साउथ दिल्ली से सहीराम, वेस्ट दिल्ली से महाबल मिश्रा, नई दिल्ली से सोमनाथ भारती और ईस्ट दिल्ली से कुलदीप कुमार को टिकट दिया गया है। वहीं, हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता चुनाव लड़ेगे। कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन के तहत दिल्ली में आम आदमी पार्टी नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली और पूर्वी दिल्ली पर चुनाव लड़ेगी। वहीं कांग्रेस को पूर्वी दिल्ली, उत्तर-पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक की सीट मिली है। इसके साथ ही गोवा में दोनों सीटों पर कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ेगी। वहीं गुजरात की 24 सीटों पर कांग्रेस पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी और दो सीटों पर आप के उम्मीदवार मैदान में उतरेंगे। इसके साथ ही हरियाणा की 9 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार उतरेंगे, वहीं कुरुक्षेत्र की लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी अपना उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि, पंजाब में दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं होगा।



क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों को अखिलेश की चेतावनी, कहा

# पार्टी से विदा हो जाएं आपको नमस्कार




एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, इन तीन राज्यों की 15 राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई. सबसे ज्यादा 10 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं. यहां सपा के चार और बीएसपी के एक विधायक ने क्रॉस वोटिंग की है. इसके अलावा बड़ी बात ये है कि सपा के चीफ् व्हिप यानी मुख्य सचेतक मनोज पांडेय ने चीफ व्हिप के पद से इस्तीफा दे दिया. इसे लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ऐलान किया है कि क्रॉस वोटिंग करने वाले सभी विधायक सपा से निकाले जाएंगे. उन्होंने कहा कि बगावत करने वाले सभी विधायकों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा. ये पार्टी से विदा हो जाएं, उनको नमस्कार.अखिलेश यादव ने कहा उन्हें इस टूट का पहले से ही पता था वो इसलिए कि समाजवादी पार्टी के कार्यक्रम में ये लोग नहीं आए थे. एक दिन आए तो दूसरे दिन डिनर पार्टी में नहीं आए. तभी समझ आ गया था. इसी के बाद चर्चाएं थीं कि किसी को मंत्री पद मिलेगा तो किसी को सिक्योरिटी मिलेगी. किसी को कुछ पैकेज की बात थी. उनके अलावा एक दो और विधायक बीजेपी के साथ जा सकते हैं.अखिलेश यादव ने सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के ÷अंतरआत्मा की आवाज पर वोट करूंगा÷ वाले बयान पर तंज भी कसा. उन्होंने कहा कि वे अंतरआत्मा की आवाज से कम से कम ये तो बता दें कि उन्हें कितना पैकेज मिला है. कहा कि राज्यसभा के चुनाव में वोट लेने के लिए बीजेपी ने सब कुछ किया. जो लोग गए हैं उनमें सरकार के खिलाफ खड़े होने का साहस नहीं रहा होगा. कार्रवाई जरूर होगी, क्योंकि हमारे साथियों का मानना है कि ऐसे लोगों को दूर कर देना चाहिए. समाजवादी पार्टी विधानमंडल दल के मुख्य सचेतक के पद से मनोज पांडेय के इस्तीफे पर उन्होंने कहा कि अभी तक वे कद्दावर नेता लग रहे थे, लेकिन कद्दावर नेता निकले नहीं.

## ऐतिहासिक बजट से जनता खुश, बीजेपी में उदासी : इरफान

**रांची।** वित्तीय वर्ष 2024- 25 का बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि चंपई सोरेन सरकार का यह पहला बजट ऐतिहासिक है जिसमें सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। राज्य के गरीबों आदिवासियों दलितों पिछड़ें अल्पसंख्यकों युवाओं महिलाओं बुजुर्गों मजदूरो एवं किसानों के लिए सरकार ने इस बजट में पिटारा खोल दिया है। खासकर इस बजट में बाल बजट का नया कॉन्सेप्ट लाया गया है जिसकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। बच्चे हमारे समाज के महत्वपूर्ण भाग हैं जिनके लिए बजटीय प्रावधान किए गए हैं। साथ ही साथ इस बजट में किसानों के लिए सरकार ने बड़ा दिल दिखाते हुए किसानों का कर्ज माफी अब 50 हजार से बढ़ाकर 2 लाख कर दिया।आगे विधायक ने कहा इस बजट में शिक्षा स्वास्थ्य कृषि पर खासा ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की इस ऐतिहासिक बजट से जनता में खुशी की लहर है और भाजपा में मायूसी छा गई है।

# भारतीय सेना में शामिल हुआ 46 मीटर का मॉड्यूलर पुल, बढ़ेगी ब्रिजिंग क्षमता




एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय सेना ने मंगलवार को 46 मीटर मॉड्यूलर ब्रिज को शामिल करके अपनी ब्रिजिंग क्षमता बढ़ाई है। इसे डीआरडीओ ने डिजाइन और विकसित एवं लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने निर्मित किया है। यह ब्रिजिंग सिस्टम औपचारिक रूप से नई दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे की मौजूदगी में सेना को सौंपा गया। यह मॉड्यूलर पुल मीडियम गर्डर ब्रिज (एमजीबी) की तुलना में कई गुना फायदेमंद होंगे।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार अगले चार वर्षों में 2,585 करोड़ रुपये मूल्य के कुल 41 सेट धीरे-धीरे सेना में शामिल किए जाएंगे। लॉन्च किया गया सिंगल-स्पैन पूरी तरह से डेक वाला 46-मीटर का असॉल्ट ब्रिज है, जो सेना को नहरों और खाइयों जैसी बाधाओं को आसानी से पार करने में सक्षम बनाता है। यह भारतीय सेना के इंजीनियरों की महत्वपूर्ण ब्रिजिंग क्षमता को बढ़ाएगा, क्योंकि ये पुल अत्यधिक गतिशील, मजबूत और त्वरित तैनाती के लिए डिजाइन किए गए हैं।मॉड्यूलर ब्रिज के प्रत्येक सेट में 8×8 हेवी मोबिलिटी वाहनों पर आधारित सात वाहक वाहन और 10×10 हेवी मोबिलिटी वाहनों पर आधारित दो लॉन्चर वाहन शामिल हैं। यह अत्यधिक मोबाइल, पहिएदार और ट्रैक किए गए मशीनीकृत वाहनों के साथ तालमेल रखने में सक्षम है। मॉड्यूलर पुल मैन्युअल रूप से लॉन्च किए गए मीडियम गर्डर ब्रिज (एमजीबी) की जगह लेंगे, जिनका उपयोग इस समय वर्तमान में भारतीय सेना में किया जा रहा है।मंत्रालय के अनुसार मॉड्यूलर ब्रिज का शामिल होना भारतीय सेना की ब्रिजिंग क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम है। यह उन्नत सैन्य उपकरणों को डिजाइन करने और विकसित करने में भारत के कौशल को उजागर करता है।